आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 11°C |

इनसाइड न्यूज

अपनी कार्यशैली के लिए बदनाम एलडीए सुधार की ओर

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 20 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 69

www.janexpresslive.com/epaper



राहुल जानबूझकर सांसदों के पास गए... 12

# संसद परिसर में धक्का-मुक्की

## राहुल गांधी के खिलाफ हत्या की कोशिश के तहत शिकायत, बांसुरी-अनुराग पहुंचे थे थाने

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद भवन परिसर में धक्कामुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने भाजपा के सांसद बांसुरी स्वराज और अनुराग ठाकुर संसद मार्ग थाने पहुंचे थे। बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके बीच धक्का-मुक्की भी हुई। भाजपा का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्कामुक्की की, जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की।






### राहुल गांधी के खिलाफ हत्या की कोशिश के तहत शिकायत

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस को शिकायत दी है। हमने शिकायत में घटना का जिक्र किया है। जो आज संसद परिसर में हुई। जहां एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। हमने शिकायत में धारा 109, 115, 117, 125, 131, 117 और 351 का जिक्र किया है और साथ ही धारा 109 (हत्या की कोशिश) के तहत शिकायत दी है।

### भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल

संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा हो रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की की खबर आई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सारंगी का इलाज भी इसी अस्पताल में चल रहा है। पीएम मोदी ने फोन पर सांसदों का हालचाल जाना है।

### राहुल ने क्या कहा?

राहुल गांधी ने कहा कि मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। राहुल ने दावा किया कि खरगे और प्रियंका गांधी के साथ भी धक्का-मुक्की की गई, लेकिन इससे विपक्ष को फर्क नहीं पड़ता। यह संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि संविधान और बाबासाहेब की स्मृति का अपमान हुआ है।

## धक्का-मुक्की विवाद पर बोले राहुल गांधी, संसद की सीढ़ियों पर डंडे लेकर खड़े थे भाजपा के सांसद



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा में धक्का-मुक्की वाले विवाद के बाद कांग्रेस की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, जयराम रमेश समेत तमाम नेता मौजूद रहे। इस दौरान संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, %सरकार और खासकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह डॉ. बीआर अंबेडकर के बारे में जो बयान दे रहे हैं, वह बहुत दुखद है और उन्होंने (अमित शाह) कल तथ्यों को देखे बिना ही प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जवाहरलाल नेहरू, डॉ. बीआर अंबेडकर को गाली देने से पहले उन्हें तथ्यों को देखना चाहिए।

### 'भाजपा ने नेहरू-आंबेडकर पर सिर्फ झूठ बोला'

खरगे ने आगे कहा कि, आंबेडकर पर बयानबाजी काफी दुखदायक है, गृह मंत्री ने तथ्यों से परे बात कही। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने नेहरू-आंबेडकर पर सिर्फ झूठ बोला और उनका अपमान किया। गृह मंत्री अमित शाह अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। हमारी मांग है कि गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और देश से माफी मांगनी चहिए।

### संसद परिसर में धक्का-मुक्की वाले विवाद पर बोले खरगे

इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम संसद में हर रोज धरना प्रदर्शन करते थे, कभी हिंसा नहीं हुई। आज भी हम लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। हमें मकर द्वार पर रोका गया। इस दौरान हमारे ऊपर हमला किया गया। भाजपा के सांसदों ने मुझे धक्का दिया। हमारी महिला सांसदों को भी धक्का दिया गया। वो लोग हमारा मजाक उड़ा रहे थे। हम इस मामले में देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे।

### राहुल गांधी ने मांगा गृह मंत्री का इस्तीफा

वहीं इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि, बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले में देश से माफी मांगे और केंद्रीय कैबिनेट से इस्तीफा भी दें। राहुल गांधी ने आगे कहा कि भाजपा ने संसद में अदाणी के मामले पर चर्चा को रोकने की कोशिश की। भाजपा शुरू से इस पर मुद्दे को भटका रही है। इसके बाद गृह मंत्री का आंबेडकर को लेकर बयान आया। राहुल गांधी ने कहा कि- भाजपा की सोच आंबेडकर विरोधी है। आज फिर भाजपा ने फिर से फिर से मुद्दे को भटकाने की कोशिश की। हम आज संसद जा रहे थे, संसद की सीढ़ियों पर बीजेपी के सांसद डंडे लेकर खड़े थे और हमें अंदर नहीं जाने दे रहे थे।

### क्या है मामला?

दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के मकर द्वार के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की।

### किस बात पर विवाद?

दरअसल, अमित शाह की टिप्पणी को लेकर संसद के दोनों सदनों में बुधवार से गतिरोध बना हुआ है। कांग्रेस और विपक्षी दलों का आरोप है कि शाह ने भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा विषय पर राज्यसभा में दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया। दूसरी तरफ भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब का अपमान किया और उन्हें चुनाव में तक हरवाया।

### लगातार दूसरे दिन शाह के बयान पर हंगामा, दोनों सदन स्थगित

संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह के अंबेडकर पर बयान को लेकर हंगामा हुआ। शाह ने 17 दिसंबर को राज्यसभा में कहा था- अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर...। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। कांग्रेस ने इस बयान को अंबेडकर का अपमान बताया है और शाह को कैबिनेट से बर्खास्त किए जाने की मांग की है। गरुवार को विपक्षी सांसदों ने संसद के बाहर विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी नीले कपड़े पहनकर पहुंचे थे।

# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एनकाउंटर, 5 आतंकी ढेर

## इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर भी, गोलीबारी में 2 जवान घायल



### मारे गए आतंकियों की हुई पहचान

- यासिर जावेद
- आदिल हजाम
- मुश्ताक इट्टू
- इरफान लोन
- आसिफ शेख

*नोट- पुलिस ने आधिकारिक तौर पर नाम की पुष्टि नहीं की है।*

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर फारूक अहमद भट्ट भी शामिल है। हालांकि, आतंकियों के शव मिलने बाकी हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। गुरुवार सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। उधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली में मीटिंग कर सकते हैं। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद यह पहली बैठक होगी। इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के सीनियर अफसर शामिल होंगे। इससे पहले 16 जून को भी शाह ने हाई लेवल मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।

### बगीचे में पड़े हैं आतंकवादियों के शव

जवानों ने पांच आतंकियों को मार गिराया। वहीं, इस अभियान में सुरक्षाबल के दो जवान घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि पांच आतंकवादियों के शव बगीचों में पड़े हैं, लेकिन अभी तक उन्हें बरामद नहीं किया जा सका है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने अपने आधिकारिक एक्स पर कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया।जवानों की गतिविधि के बाद आतंकवादियों ने अंधाधुंध और भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की।

### 20 अक्टूबर को हुआ था घातक हमला

बता दें कि इससे पहले गगनगीर, गांदरबल और जम्मू-कश्मीर में कई अन्य आतंकवादी हमलों में नागरिकों की हत्या में शामिल एक आतंकवादी श्रीनगर में एक मुठभेड़ में मारा गया था। पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और खानयार में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया था। सबसे घातक हमला 20 अक्टूबर को हुआ था जब गांदरबल जिले में एक सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादियों ने एक स्थानीय डॉक्टर और बिहार के दो श्रमिकों सहित सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जम्मू-कश्मीर से आतंकियों का सफाया जारी है। सुरक्षाबल लगातार दहशतगर्दों को ढेर कर रहे हैं। इससे पहले सेना के जवानों ने बांदीपोरा में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक आतंकी को ढेर कर दिया था। तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी थी।

### अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल से खतरा बढ़ा

सूत्रों का कहना है कि बढ़ते आतंकवाद और आतंकवादियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल से खतरा बढ़ा है। लगातार हो रहे हमलों ने राजनीतिक आलोचना को जन्म दिया है, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है और लोगों की चिंता को बढ़ाया है। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीर घाटी को जम्मू से विभाजित करने वाले पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकवाद में उछाल देखा गया है। विश्लेषकों का कहना है कि जम्मू और कश्मीर में बढ़ते आतंकवाद से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जिसमें खुफिया जानकारी जुटाना और सुरक्षाबलों के बीच बेहतर समन्वय शामिल है।

### जम्मू में जैश और लश्कर का 20 साल पुराना नेटवर्क

एक्टिव जम्मू रीजन में सेना ने 20 साल पहले पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के जिस लोकल नेटवर्क को सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था, वो पूरी ताकत से फिर एक्टिव हो गया है। पहले ये लोग आतंकियों का सामान ढोने का काम करते थे, अब उन्हें गांवों में ही हथियार, गोला बारूद और खाना-पीना दे रहे हैं। बीते दिनों जिन 25 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, उन्होंने पूछताछ में इसके सुराग दिए हैं। यह नेटवर्क जम्मू के 10 में से नौ जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, ऊधमपुर, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, जम्मू और रामबन में जम चुका है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद्य के मुताबिक, आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान आर्मी और आईएसआई ने जम्मू को टारगेट करना शुरू कर दिया था। उसने दो साल में इस नेटवर्क को सक्रिय किया। इन्हीं की मदद से आतंकियों ने 2020 में पुंछ और राजौरी में सेना पर बड़े हमले किए। फिर ऊधमपुर, रियासी, डोडा और कठुआ को निशाने पर लिया।

### दिसंबर में एनकाउंटर की पहली घटना

जम्मू-कश्मीर में सेना और आतंकियों के एनकाउंटर की यह पहली घटना है। पिछले महीने नवंबर में 10 दिनों में 9 एनकाउंटर हुए थे। जिसमें 8 आतंकी ढेर हो गए थे।



## 'अपना बयान वापस लें गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस को भी घेरा'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर मचे बवाल के बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी बयान जारी किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से अपना बयान वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के अनुयायी अमित शाह को कभी माफ नहीं करेंगे और भाजपा की कोई भी चाल कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी हमेशा डॉ. आंबेडकर का विरोध किया है। खुद बाबा साहेब ने भी दलितों को कांग्रेस से दूर रहने की सलाह दी थी। गृहमंत्री के बयान पर विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस नेता व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गृहमंत्री पर बाबा साहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की है। वहीं, लखनऊ में भी जमकर प्रदर्शन हो रहे हैं। यहां पर सपा नेताओं व सपा की छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और गृहमंत्री अमित शाह के पुतले फूंके और पोस्टर जलाए।

### विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी

इसके पहले, बृहस्पतिवार को यूपी विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सपा नेता व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सपा सदस्य विधानसभा में डॉ. आंबेडकर की फोटो लेकर पहुंचे थे। सदन की कार्यवाही के दौरान जमकर हंगामा होता रहा। हंगामे के बीच ही अनुपूरक बजट पास कर दिया गया और इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने अन्य सदस्यों से प्रश्न पूछने की अपील की लेकिन किसी ने भी सवाल नहीं पूछा। हंगामा न थमते देख सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

# महाकुंभ पर होनी थी चर्चा, मगर विपक्ष ने किया 'महाभारत'

- 24 घंटे पहले ही सदन की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित
- गंगा-जमुनी तहजीव की दुहाई देने वाले ही महाकुंभ पर चर्चा से भागे

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित

राज्य मुख्यालय। स्लोगन लिखी तख्तियां.. हाथों को ऊपर उठाकर नारेबाजी करते माननीय और शोरशराबा। कुछ ऐसा ही हाल था गुरुवार को विधानसभा सदन काज। हालात ये थे कि चौथे दिन के सत्र में प्रयागराज में लग रहे देश के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ पर चर्चा होनी थी, लेकिन पहले से ही मन बनाकर सदन में पहुंचे विपक्ष के नेताओं ने महाभारत शुरू कर दिया। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना विपक्ष के नेताओं को शांति बनाने रखने की अपील करते रहे, मगर विपक्षी नेताओं ने नहीं सुनी और हंगामे के बीच कुंभ पर चर्चा चलती रही।

### कुंभ पर चर्चा से भागा विपक्ष

महाकुंभ की ब्रांडिंग के लिए सरकार ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। देश के कोने-कोने से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। विदेशों में रोड शो करके महाकुंभ की महिमा का गुणगान भी हो रहा है। ताकि दुनिया भारत की संस्कृति, सभ्यता को समझ सके । सनातनी परम्पराओं को जान सके। मगर गंगा-जमुनी तहजीब की बात करने वाला विपक्ष महाकुंभ पर चर्चा से बचता रहा। जबकि विपक्ष ने स्वयं महाकुंभ पर चर्चा करने की मांग उठाई थी।

### विपक्ष का चर्चा न करना सनातनी लोगों का अपमान

सुरेश खन्ना ने कहा की महाकुंभ पर चर्चा से भागना संस्कृति और सनातनी लोगों का अपमान है। महाकुंभ में इस बार 40 करोड़ लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसा आयोजन पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता है। इस आयोजन की भव्यता और दिव्यता को लेकर सरकार काम कर रही है, लेकिन विपक्ष चर्चा करने से कतराता रहा और पहले से सेट एजेंडे को लेकर शोर-शराबा करता रहा।

### विपक्ष है कि मानता ही नहीं...

विपक्ष के तल्ख तेवरों का अंदाजा पहले से ही था। क्योंकि सत्र से पहले सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी विधायकों के साथ बैठक करके सदस्यों से कहा था कि बाबासाहब भीमराव आंबेडकर के अपमान के मुद्दे को विधानसभा में आक्रामकता के साथ उठाएं। इसी निर्देश के बाद ही सपा सदस्य बाबा साहब आंबेडकर की फोटो लेकर सदन में पहुंचे सदन को चलने नहीं दिया। सदन शुरु होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तानज. बाबा तेरा मिशन अधूरा, अखिलेश यादव करेंगे पूराज्बाबा साहब अमर रहेज जैसे नारों लगाकार हंगामा खड़ा कर दिया। सपा सदस्य वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच में ही वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विधेयक भी पेश करते रहे और उसे ध्वनिमत से उन्हें पारित भी करवाते रहे। हंगामा जारी रहा। जिसके बाद अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।



### आंबेडकर प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठे निष्कासत विधायक

विधानसभा अध्यक्ष महाना से बहस के बाद निष्कासित किए गए सपा विधायक अतुल प्रधान हजरतगंज में बाबा साहब की प्रतिमा के नीचे धरने पर बैठ गए हैं। वहीं सपा विधायक, विधानसभा के अंदर प्रदर्शन रहते रहे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि बीजेपी ने आंबेडकर का अपमान किया है। आंबेडकर पीडीए के भगवान हैं और हम आंबेडकर के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं सरकार का कहना है कि विपक्ष मुद्दों पर बात नहीं करना चाहता है, वह आंबेडकर के बहाने चर्चा से भाग रहा है। इसके पहले वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा था कि डॉ. भीमराब आंबेडकर का भाजपा ने सबसे ज्यादा सम्मान किया। विपक्ष ने तो संविधान निर्मामा के बनाए संविधान की प्रस्तावना को भी बदल दिया।

### सदन की गरिमा बनाए रखना सभी का कर्तव्य

सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने कहा कि महाकुंभ को लेकर विशेष चर्चा होनी है ये भारतीय संस्कृति का सबसे बड़ा महापर्व है। अतुल प्रधान के सदन से बाहर किए जाने पर मनोज पांडे ने कहा सदन की गरिमा को बनाए रखना सभी सदस्यों का कर्तव्य है। किसी भी बात का विरोध लोकतांत्रिक तरह से ही किया जाना चाहिए। इस तरह से सदन में किसी को बोलना किसी भी सदस्य के लिए उचित नहीं है।

### विधायक कर रहे बाबा साहब का अपमान: सतीश महाना

समाजवादी पार्टी के विधायक डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लेकर सदन में पहुंचे। डॉ. आंबेडकर के अपमान का आरोप लगाकर माननीय सदन में हंगामा कर रहे थे। इसी बीच कई विधायकों के हाथ में बाबा साहब की तस्वीर ही उल्टी नजर आ रही थी, जिसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना विधायकों से अपील करते रहे कि बाबा साहेब के सम्मान की बात करने वाले खुद ही उनका अपमान कर रहे हैं।

### हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पास, कैग रिपोर्ट भी पेश

हंगामे के बीच विधानसभा में आज अनुपूरक बजट 2 मिनट में पास हो गया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम और उत्तर प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति जनजाति (संशोधन) भी पास हो गया। साथ ही विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट भी पेश की गई। बता दें कि यह पहला मौका है जब अनुपूरक बजट पर सीएम योगी आदित्यनाथ के वक्तव्य के बिना ही सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी है।

### आंबेडकर तो बहाना, कुंभ पर चर्चा न होने देना मकसद

सदन की कार्रवाई स्थगित होने के बाद मीडिया के समक्ष आए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष पर हमला बोला। कहा, विपक्ष की ही मांग थी कि महाकुंभ को लेकर चर्चा कराई जाए। सदन में चर्चा शुरू भी की थी, लेकिन विपक्ष का मकसद सिर्फ हंगामा करना था जो उन्होंने किया भी। विपक्ष के नेता किसी भी मुद्दे पर चर्चा ही नहीं करना चाहते। वित्त मंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर विपक्ष राजनीति कर रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री ने सदन में डॉ. आंबेडकर का कोई अपमान नहीं किया, जो पार्टियां अब तक उनका अपमान करती रही हैं, वही ज्यादा बोल रही हैं।

# प्रथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की लड़ाई हमें जमीनी स्तर लड़नी होगी- राजा बुंदेला

## जिले में गांव-गांव, पांव पांव यात्रा का 26 दिसंबर से होगा शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । उरई**



बुंदेलखण्ड प्यासा है और प्यासा ही रहेगा। अभी कुछ दिनों में केन वेतवा लिंक की आधार शिला रखी जा रही है। बुंदेलखण्ड का पानी अन्य प्रांतों को दिया जाएगा। इसके साथ ही बुंदेलखण्ड की नदियों की मौरंग अन्य प्रांतों को बेची जा रही है। उसके बदले में बुंदेलखण्ड अब भी बदहाल है। लेकिन अब ऐसे नहीं चलेगा। प्रथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की लड़ाई हमें जमीनी स्तर लड़नी होगी। तभी हम अपना अलग राज्य बनवा सकेगें। यह बात गुरुवार को शहर के नहर विभाग के विश्राम ग्रह में बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने कही।
उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि बुंदेलखण्ड काउंसिल बनाया जाए, काउंसिल बनना ही राज्य निर्माण की पहली सीढ़ी है। कहा कि प्रदेश में चार स्थानों पर बिजली बनती है, लेकिन इसे अन्य प्रांतों में सप्लाई कर दिया जाता है। इतना ही नहीं पूरे बुंदेलखण्ड में एक भी एअर पोर्ट नहीं है। बुंदेलखण्ड में सप्लाई कर दिया जाता है। इतना ही नहीं पूरे बुंदेलखण्ड में एक भी एअर पोर्ट नहीं है। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस बनाया भी गया तो उसका टैक्स इतना है कि आम आदमी का चलना उस पर दूभर हो रहा है। ऐसे में केवल अपना अलग बुंदेलखण्ड राज्य ही विकल्प है। इसके बनने से न केवल यहां की संपदा पर हमारा अधिकार होगा, बल्कि हमारा सीएम व हमारा डीएम होगा। जो हमारी समस्याओं को सुनेगा और निराकरण करेगा। यात्रा के संयोजक डॉ. आश्रय सिंह ने कि अलग राज्य की मांग को लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में बुंदेलखंड गांव-गांव, पांव पांव यात्रा 26 दिसंबर से जिले के सैदनगर स्थित शक्तिपीठ रक्त दंतिका देवी मंदिर से शुरु होगी, जो कोटरा, एट, कोंच, क्योलरी, बंगरा, माधौगढ़, रामपुरा, जगम्मनपुर, ऊमरी, गोहन, जालौन, चुर्खी, नियामतपुर, कालपी, कदौरा, मुसमरिया होते हुए 10 जनवरी को उरई में विश्राम के बाद समाप्त होगी। प्रांतीय शिक्षक नेता अशोक राठौर ने कहा कि इस यात्रा का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना और बुंदेलखंड पृथक राज्य का विचार व इसका महत्व समझाना है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष शिवम चौहान सोनू ने कहा कि हमें सरकार तक बुंदेलखंड की बात पहुंचाना है, इसीलिए हर बुंदेलियों को इस आंदोलन को प्राथमिकता से लेना है। इस दौरान क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा पुष्पेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष को प्राथमिकता से लेना है। इस दौरान क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा पुष्पेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष बुंदेली सेना सोनू चौहान, पवनदीप निषाद, रामवीर सिंह, विशाल पाल, अनुज सिंह राठौर, डॉ. दिनेश सिंह, प्रेम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## निर्माणधीन मकान से लाइट फिटिंग का सामान लेकर चोर फरार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र में औरैया हाईवे पर नहर किनारे निर्माणधीन मकान में चोरों ने सेंध लगा दी। जहां से चोर लाइट फिटिंग का सामान समेटकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित तहरीर पुलिस को दी। कस्बा कुठौंद निवासी फौजी मनोज शुक्ला कुलपहाड़ कश्मीर में आर्मी में तैनात है और उनके माता-पिता कुठौंद में रहते हैं। उन्होंने तहरीर देते हुए बताया कि कस्बा के औरैया हाईवे मार्ग पर नहर किनारे उनके मकान में काम हो रहा है। बुधवार की देर रात चोरों ने सूना मकान पाकर उसमें रखा 9 बंडल केविल, फिटिंग वायर, दो हेमन मशीन, दो सीलिंग फैन, 18 कंसील्ड की लाइट, फिलिप्स बंडल, इलेक्ट्रॉनिक मीटर, एक्सचेंज ओवर, 4 सीसीटीवी कैमरा समेत आदि सामान चोरी कर ले गए। जब उनके पिता संतोष शुक्ला सुबह वहां पहुंचे तो उनको इसकी जानकारी हुई और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, शातिर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जिला जज ने पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों ने गुरुवार को जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर) हाई सिक्योरिटी, हाता नंबर तीन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे निरुद्ध कैदियों के कक्ष का निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए कैदियों के बच्चों को चॉकलेट भी बांटी। कहा कि कारागार में निरुद्ध बालिकाओं की परीक्षा होने पर समय सारिणी के मुताबिक उन्हें परीक्षा में जाने दिया जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एंड डिफेंस काउंसिल गया प्रसाद निषाद से कहा कि जिन कैदियों के पास सरकारी वकील नहीं है उनका प्रार्थना पत्र भिजवाएं। इसके बाद उन्होंने अस्पताल वार्ड का निरीक्षण किया एवं कैदियों से उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बन्धितों को समय पर कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहने के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों ने हाई सिक्योरिटी में कैदियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही पाकशाला का निरीक्षण किया। जहां मीनू के अनुसार भोजन बनते हुए पाया गया। जिला जज व जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन व नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार शुद्धता के साथ दिया जाए। इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। साथ ही ठंड के दृष्टिगत कैदियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल, सीजीएम राजेंद्र प्रसाद भारती, जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रांत अधिवेशन के लिए विद्यार्थी परिषद ने किया पोस्टर का विमोचन



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 64वें प्रांतीय अधिवेशन का पोस्टर विमोचन गुरुवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी के प्रांत मंत्री शिवराज बुंदेला ने बताया कि अभाविप कानपुर प्रांत का 64वाँ प्रांत अधिवेशन 23 से 25 दिसंबर तक झांसी के पैरामेडिकल कॉलिज में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें कानपुर प्रांत के शिक्षक व छात्र-छात्राओं शामिल होंगे। बताया कि इस अधिवेशन में छात्र हित के मुद्दों पर मंथन होगा। महारानी लक्ष्मी बाई की कर्मभूमि व राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्मस्थली पर आयोजित होने वाला यह 64वाँ प्रांतीय अधिवेशन होगा। जिसमें कानपुर प्रांत के करीब 1500 कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस प्रांतीय अधिवेशन में विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर मंथन होगा। इस अधिवेशन में पोस्टर का विमोचन गुरुवार को जिले के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, चित्रकूट इंटर कॉलिज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में किया गया।

# बाबा साहेब पर की गई टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के नाम को आज के फेशन से जोड़ने के बयान के बिरोध को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जिला मुख्यालय स्थित अम्बेडकर चौराहा पहुंचे और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब आंबेडकर के नाम को फेशन कहकर मजाक उड़ाने वाले भाजपा के शीर्ष नेता और देश के गृहमंत्री अमित शाह के बयानों का विरोध करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी से समूचे दलित, वंचित, शोषित, पिछड़ा वर्ग के लोग ही आहत नहीं हुए हैं, बल्कि पूरे देश के लोगों का अपमान हुआ है। समाजवादी कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो लेकर संकल्प लिया कि बाबा साहब के नाम को और उनके संविधान तथा लोकतंत्र को मिटने नहीं देंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, जमालुद्दीन, कृष्ण गोपाल यादव, जीवन बाल्मीकि, वेद यादव, सुनील पाल, कुसुम सक्सेना, बबलू अहिरवार, राहुल यादव, शैलेंद्र श्रीवास, अरशद कादरी, शबीउद्दीन, राघवेंद्र मौखरी, शाहबाज खान, प्रताप यादव, जयशंकर द्विवेदी, दशरथ पाल, मीरा राठौर, कमलेश राठौर, संजीव कठेरिया, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीत हासिल करने को लेकर खिलाड़ियों के बीच हुआ कांटे का मुकाबला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

द हंस फाउंडेशन ने अपने खेल महोत्सव के तहत शतरंज, बैडमिंटन और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। यह कार्यक्रम चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद महोबा, फतेहपुर और चित्रकूट की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं और उपविजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड प्रदान की गई। क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम महोबा रही, जबकि उपविजेता टीम चित्रकूट एरिया ऑफिस रही। बैडमिंटन में विजेता टीम फतेहपुर और उपविजेता टीम चित्रकूट रही। शतरंज प्रतियोगिता में चित्रकूट ने विजेता का स्थान हासिल किया और महोबा उपविजेता रही। इस अवसर पर द हंस फाउंडेशन के 80 से अधिक सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय से डिप्टी मैनेजर प्रोग्राम रजनीश कुमार पाल और एचआर विभाग से शिवमंगल गुप्ता उपस्थित रहे। साथ ही एमएमयू प्रबंधक बुंदेलखंड रामेश्वर विश्वकर्मा, लाइवलीहुड प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अतुल गुप्ता और राधा, समस्त लाइवलीहुड टीम के सदस्य एवं तीनों जनपदों के कार्यकर्ता भी इस आयोजन में शामिल हुए। द हंस फाउंडेशन पिछले दो वर्षों से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहा है। यह आयोजन टीम भावना, खेल कौशल और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# अभियोजन व कानून व्यवस्था की डीएम-एसपी ने की समीक्षा बैठक



**जन एक्सप्रेस । उरई**

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में अभियोजन व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, हत्या, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण और गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही करें। हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सके। डीएम ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। डीएम ने महिला अपराधों व पाक्सों एक्ट से संबंधित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम ने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने को न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एएसपी प्रदीप कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, डीसी कर्मिनल लखनलाल आदि सहित सरकारी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव ने जाना सेवादल कार्यकर्ताओं का हाल

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश कौंग्रेस सेवादल का प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी व तौकीर आलम धर्मनगरी पहुंच गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, पूर्व प्रदेश महासचिव पुष्पेन्द्र सिंह ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल रामायण मेला परिसर पहुंचने पर सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने सभी सेवादल प्रशिक्षकों का परिचय राष्ट्रीय महासचिव से कराया। इसके बाद सभी लोगों ने कामदगिरि परिक्रमा की। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण द्विवेदी, लालू दुबे, रंजना बराती लाल पाण्डेय, पंकज मिश्र, साकेत बिहारी मिश्र, गज्जू प्रसाद फौजी, चुनबाद प्रसाद, शिवगुलाम वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, प्रशांत गुप्ता, पिंटू केशरवानी, कुलदीप मिश्रा, अफसाना, भगवानदीन समदरिया, अरुण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बक्सर की टीम ने कानपुर को 53 रनों से हराया

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** चित्रकूट स्पोर्ट क्लब एवं दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय खेल प्रांगण में आयोजित किए जा रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप के पूल बी के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में बिहार की बक्सर ने उत्तर प्रदेश की कानपुर की टीम को 53 से हराकर सेमीफाइनल प्रवेश किया। मैच का शुभारम्भ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतना के जिला सेवा प्रमुख सुशील मिश्रा एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के मानविकी एवं समाज विज्ञान विभाग प्रमुख डॉ अजय चैरे ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कराया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बक्सर की टीम ने तरुण के 38 एवं आकाश के 32 रनों के योगदान से निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट होकर 133 रन बनाए। इसके जवाब में कानपुर की टीम 17 ओवरों में केवल 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

# चकबंदी प्रक्रिया में रखा जाएगा किसान हितों का ख्याल- राजेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




राम वन पथ गमन के लिए जमीन लेने से प्रभावित हो रहे कौडर गांव और पहाड़ी गांव में चैपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान कौडर गांव के लोगों ने चकबंदी न कराने की गुहार लगाई।
अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने गुरुवार को सदर तहसील के कौडर और पहाड़ी बुजुर्ग में चैपाल लगाकर किसानों की चकबंदी सम्बन्धी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि चकबंदी किसान हित के उद्देश्य से की जाती है। जिससे अलग-अलग टुकड़ों में बंटी किसानों की जमीनों को एक स्थान पर दिया जा सके। साथ ही अवैध कब्जों से जमीन को मुक्त कराया जा सके। इस दौरान गांव के किसान रमाशंकर पाण्डेय, रमेश रैकवार, विश्वनाथ, शिवसागर आदि ने बताया कि कौडर गांव की जमीन डिफेंस कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित की जा चुकी है। इसके अलावा राम वन पथ गमन मार्ग के निर्माण के लिए भी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। ऐसे में इन दोनों परियोजनाओं में गांव की पूरी जमीन में से तीन चैथाई भाग अधिग्रहित कर लिया गया है और अब एक चैथाई भाग ही किसानों के पास बचा है। ऐसे में परिवार के पालन-पोषण के लिए किसानों को खेती के लिए इस जमीन को चकबंदी से मुक्त कर दिया जाना चाहिए। इसी प्रकार पहाड़ी बुजुर्ग के किसानों ने भी बताया कि लगभग 30 प्रतिशत जमीन अधिग्रहण में जा चुकी है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने शेष बची जमीन पर चकबंदी प्रक्रिया को अमल में लाने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कौडर गांव के मामले में किसानों को बताया कि चकबंदी अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत कार्यवाही के लिए चकबंदी आयुक्त को सूचित किया जाएगा। साथ ही जिलाधिकारी शिवशरणप्पा को भी वह अपनी रिपोर्ट देंगे। गौरतलब है कि बीते बुधवार को कौडर गांव के दर्जनों किसानों ने जिला मुख्यालय आकर प्रदर्शन किया था। साथ ही गांव में चकबंदी प्रक्रिया रोकने की मांग की थी। जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक व उप संचालक चकबंदी राजेश प्रसाद ने गांव में चैपाल लगाई।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे में दो लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बंगरा रोड़ पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम कुरसेड़ा निवासी राजनारायण की पुत्री की शादी बुधवार रात को कस्बे के एक साधना गेस्ट हाउस से थी। जिसमें उसके साढू 60 वर्षीय मुन्नीलाल निवासी गोरई थाना रौन जिला भिंड व 40 वर्षीय अशोक जखौली थाना भिंड शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बंगरा-माधौगढ़ मार्ग पर रजपुरा के पास पहुंची कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक मुन्नीलाल के भतीजे गिरधारी लाल ने बताया कि मुन्नी लाल खेती किसानी के साथ मजदूरी करता था। जिसके पांच बच्चे हैं, सभी की शादी हो चुकी है, जबकि मुन्नीलाल की मौत से उसकी शादीशुदा बेटियों शशि, प्रियंका और सुंदरी का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि अशोक के भाई रामलाल ने बताया कि अशोक की मौत से उसकी पत्नी उषा और दोनों बच्चों का बुरा हाल है।

# सदर विधायक ने सदन में उठाए किसान समस्याओं के मुद्दे

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विधानसभा के तृतीय सत्र के प्रथम गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कृषि मंत्री से डीजल के दामों में हुई वृद्धि के दृष्टिगत किसानों को खेती के कार्य के लिए कम मूल्य पर डीजल उपलब्ध कराने व किसानों को डीएपी यूरिया एवं पोटाश के बढ़े हुए मूल्यों पर 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने की मांग की। सदन में सदर विधायक ने कहा कि यदि पूरे प्रदेश के किसानों की साल भर की मेहनत जोड़ ली जाए तो उसकी लागत एवं मेहनत का पूरा मूल्य तक सरकार उन्हें नहीं दे पा रही है। कहा कि किसान अन्ना पशु, विद्युत आपूर्ति, डीएपी अनुपलब्धता आदि की समस्या से परेशान है। किसान लाइन में लगता है किंतु खाद नहीं मिलती है। कहा कि सरकार ने एक नियम बना दिया है कि कोई भी किसान कहीं से भी किसी भी सोसाइटी से खाद ले सकता है, लेकित स्थिति यह है कि साधन सहकारी समितियां अपने क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले किसानों तक को खाद दे नहीं पा रही है, तो अपने क्षेत्र से बाहर के किसानों को कहां से खाद देगी। इस पर कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। सदर विधायक ने कहा कि सभी किसानों को निःशुल्क बिजली नहीं दी जा रही है और सरकार विद्युत विभाग का निजीकरण कर रही है। जिससे किसानों को निःशुल्क विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाएगी। इसके बाद सदर विधायक ने समाज कल्याण मंत्री से प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचिज जनजाति की बच्चियों की शादी में आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना पर बात की।

# महाकुंभ में शामिल होने के लिए आम जनमानस से की अपील

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



महाकुंभ 2025 प्रयागराज के दृष्टिगत सुशासन सप्ताह के दौरान गुरुवार को नगर पालिका परिषद कर्वी परिसर से लेकर धनुष चैराहा तक रोड शो-रैली का आयोजन किया गया। रैली को जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों ने कलश पूजन करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में आगामी 13 जनवरी 2025 से लेकर 26 फरवरी 2025 तक 'दिव्य भव्य डिजिटल महाकुंभ- 2025' का आयोजन प्रयागराज में किया जा रहा है। रैली के माध्यम से जनपद के सभी लोगों से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक लोग महाकुंभ प्रयागराज पहुंचकर स्नान करें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मुख्य स्नान पर्व 13 जनवरी 2025 पौष पूर्णिमा को, 14 जनवरी मकर संक्रांति को, 29 जनवरी मौनी अमावस्या को, 2 फरवरी बसंत पंचमी को, 12 फरवरी माघी पूर्णिमा को व 26 फरवरी महाशिवरात्रि को पर्व पड़ रहा है। बताया कि धर्मनगरी चित्रकूट से मां मंदाकिनी का जल कलश के माध्यम से महाकुंभ प्रयागराज में भेजा जा रहा है, जो प्रयागराज में समाहित होगा। जिसका विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया है। कहा कि चित्रकूट भगवान श्रीराम की तपोस्थली है। महाकुंभ प्रयागराज से श्रद्धालु स्नान करके काफी संख्या में चित्रकूट भी आएंगे। जिसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, रेन बसेरा आदि सुविधाओं की भी व्यवस्था कराई गई है ताकि धर्मनगरी चित्रकूट आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई समस्या न हो। गुरुवार को निकाले गए रोड शो-रैली में राजकीय बालिका इंटर कॉलिज कर्वी की छात्राएं, गोपाल हिंदी संस्कृत पाठशाला रसिन के वेदाचार्य, पीआरडी जवान, युवक/महिला मंगल दल के सदस्य, स्पोर्ट्स पर्सन के छात्र-छात्राएं, कामधेनु गौ माता द्वितीय मुखारबिंदु चित्रकूट धाम परिक्रमा मार्ग के गोपाल दास महराज के साथ अन्य साधु संतों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, अग्रणि जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, आरआई राहुल पांडेय सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं आम जनमानस मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

सड़क हादसे में घायल हुए अधेड़ मजदूर की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई।
जनपद हमीरपुर के मुस्तरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुंडेला निवासी महिपत 45 वर्ष पेंटर था और इन दिनों मुस्तरा में काम कर रहा था। जिसके चलते बुधवार रात करीब 8 बजे काम निपटने के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान उसे गांव के बाहर मोड़ पर ही किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह उछलकर दूर गिरा और घायल हो गया। हादसे से मौके पर अफरातफरी मच गई और मौजूद लोगों ने उसकी पहचान कर मामले की खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने मौजूद लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए उरई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के भाई महादेव ने बताया कि वह अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। जिस वजह से उसकी पत्नी राजकुमारी और दो बच्चों का बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



**केजरीवाल–आतिशी को सुप्रीम राहत, मानहानि...**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्रियों आतिशी और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया। इन दोनों पर 2018 में राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता सूची से मतदाताओं... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# अपनी कार्यशैली के लिए बदनाम एलडीए सुधार की ओर

- एलडीए से जुड़े सारे काम एक ही जगह पर हो जाएंगे, एलडीए में सिंगल विन्डो सिस्टम का ट्रायल रन शुरू
- पहले प्राधिकरण भवन में सम्पत्ति, रजिस्ट्री, फी–होल्ड, नामांतरण और बुकिंग संबंधी कामों के लिए सही जानकारी नहीं मिल पाती थी
- लोगों को अलग–अलग पटलों में भटकना पड़ता था, एक ही जगह पर सारे काम होने पर लोगों को काफी सहूलियत होगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अब तक अपनी कार्यशैली के लिए बदनाम एलडीए का ढर्रा कुछ सुधरने जा रहा है। जल्द ही एलडीए से जुड़े सारे काम एक ही जगह पर हो जाएंगे। एलडीए में सिंगल विन्डो सिस्टम का ट्रायल रन शुरू हो गया है। इससे पहले प्राधिकरण भवन में सम्पत्ति, रजिस्ट्री, फी-होल्ड, नामांतरण और बुकिंग संबंधी कामों के लिए आने वाले लोगों को सही जानकारी नहीं मिल पाती थी और उनको अलग-अलग पटलों में भटकना पड़ता था। एक ही जगह पर सारे काम होने पर लोगों को काफी सहूलियत होगी। एलडीए की नई व्यवस्था के तहत प्राधिकरण भवन के गेट नंबर-2 के पास सिंगल विन्डो प्रणाली के तहत 12 काउंटर लगाए जा रहे हैं। यहां ई-स्टाम्प, ई-चालान, रजिस्ट्री, नामांतरण व फ्री-होल्ड, व्यावसायिक सम्पत्ति, मानचित्र, अर्जन, आईजीपी व पार्क की बुकिंग और प्रधानमंत्री आवास से सम्बंधित कार्यों के एप्लीकेशन ली जाएंगी। इसके अलावा 'पहले आओ-पहले पाओ' स्कीम के अंतर्गत विक्रय किए जा रहे फ्लैटों की जानकारी भी यहीं से मिल जाएगी। लोगों की सुविधा के लिए सामान्य पूछताछ का भी एक काउंटर बनाया गया है।





### महत्वपूर्ण फाइलों के डिजिटाइजेशन का काम शुरू

एलडीए में सम्पत्ति और मानचित्र आदि की महत्वपूर्ण फाइलों के डिजिटाइजेशन का काम शुरू हो गया है। ये कार्य सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। इसके साथ ही मशीनों और कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए काम तेजी के साथ होगा। इसके अलावा 4, 5 और छठवे फ्लोर पर बनाए जा रहे रिकॉर्ड रूम में सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाएगी। रिकॉर्ड रूप में आने वाले हर कर्मचारी की डिटेल रजिस्टर में नोट की जाएगी।

### प्रार्थना पत्र देने वाले लोगों को एक टोकन नंबर दिया जाएगा

हर काउन्टर पर प्राधिकरण मित्र की तैनाती की गई है। इनकी मदद से आम जनता को पूरी जानकारी मिलेगी। काउंटर पर प्रार्थना पत्र देने वाले लोगों को एक टोकन नंबर दिया जाएगा। इस टोकन की मदद से वह अपने कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल कर सकेगा।

### काम होने पर मिलेगी सूचना

सिंगल विन्डो सिस्टम में आवेदन करने वाले लोगों का काम हो जाने पर उन्हें कॉल सेंटर के माध्यम से सूचना भी भेजी जाएगी।

# यूपी के तमाम रेलवे स्टेशनों का होने जा रहा कायाकल्प



- रेल मंत्रालय के अनुसार सभी स्टेशनों का काम दो से तीन साल में पूरा हो जाएगा
- देशभर में कुल 1337 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है
- इनमें उत्तर प्रदेश के 157 शामिल हैं, इसमें 148 स्टेशनों पर काम शुरू हो चुका है
- केवल नौ स्टेशन ऐसे बचे हैं, जहां पर काम अभी काम शुरू नहीं हो पाया है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अमृतभारत योजना के तहत यूपी के तमाम रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प होने जा रहा है। ऐसे स्टेशनों की लिस्ट में कई छोटे-बड़े स्टेशनों को शामिल किया गया है। इनमें कुछेक को छोड़कर सभी में काम शुरू हो चुका है। मंत्रालय के अनुसार सभी स्टेशनों का काम दो से तीन साल में पूरा हो जाएगा। रेल मंत्रालय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इनफार्मेशन एंड पब्लिसिटी दिलीप कुमार के अनुसार देशभर में कुल 1337 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इनमें उत्तर प्रदेश के 157 शामिल हैं। इसमें 148 स्टेशनों पर काम शुरू हो चुका है। केवल नौ स्टेशन ऐसे बचे हैं, जहां पर काम अभी काम शुरू नहीं हो पाया है।

### कायाकल्प की सूची में यूपी के रेलवे स्टेशन

आगरा कैंट, आगरा फोर्ट, ऐशबाग, अकबरपुर जंक्शन, अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, आंवला, अयोध्या, आजमगढ़, बाबतपुर, बछरावां, बदायूं, बादशाहनगर, बादशाहपुर, बहराइच, बलिया, बालामऊ, बलरामपुर, बनारस, बांदा, बाराबंकी जंक्शन, बरेली, बरेली सिटी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, चंदौसी,चित्रकूट धाम, कार्वी, चुनार जंक्शन, डालीगंज, देवरिया सदर, धामपुर, इटावा जंक्शन, फर्रुखाबाद, फतेहाबाद, फतेहपुर, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, गौरीगंज, घाटमपुर, गजियाबाद, गाजीपुर सिटी, गोला गोकणनाथ, गोमतीनगर, गोंडा, गोरखपुर, गोवर्धन , गोविंदपुरी, गुरसहायगंज, हैदरगढ़, हापुड़, हरदोई, हाथरस सिटी, इज्जतनगर, जौनपुर सिटी, जौनपुर जंक्शन, कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कासगंज, काशी, खलीलाबाद, खुर्जा जंक्शन, कोसी कलां, कुंडा हरनामगंज, लखीमपुर, लालगंज, ललितपुर, लखनऊ (चारबाग एवं जंक्शन), लखनऊ सिटी, मगहर, महोबा, मैनपुरी जंक्शन, मानकनगर जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, मथुरा, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मोदी नगर, मोहनलालगंज, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, नजीबाबाद उरई, पनकी धाम, फाफामऊ जंक्शन, फूलपुर, पीलीभीत, पुखरायां, प्रतापगढ़ जंक्शन, प्रयाग जंक्शन, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, रायबरेली जंक्शन, राजा की मंडी, रामपुर, रेनूकूट, सहारनपुर जंक्शन, सलेमपुर, शाहजहाँपुर, शामिली, शिकोहाबाद जंक्शन, सीतापुर, जंक्शन, सोनभ्र, सुल्तानपुर जंक्शन, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया, तुलसीपुर, टूंडला जंक्शन, ऊंचाहार, उन्नाव जंक्शन, वाराणसी कैंट, वाराणसी सिटीद्व , वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रमुख रूप से शामल हैं।

# सीएम योगी ने सुशासन सप्ताह का किया शुभारंभ



### 25 दिसंबर को प्रतिभाओं का होगा सम्मान, अटल जी की कविताओं पर आधारित काव्य पाठ करेंगे नवोदित कवि

सीएम योगी ने कहा कि आज से हर जनपद में कार्यक्रम प्रारंभ हुए है, जो सप्ताह भर (25 दिसंबर) चलेंगे। स्कूली बच्चों के लिए सुशासन पर निबंध लेखन, उच्च शिक्षा स्तर पर भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिता, ग्रामीण क्षेत्र में संगोष्ठी के आयोजन हो रहे हैं। इसके साथ ही पूरे वर्ष भर भी आयोजन होंगे। विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। इस दिन शाम को अटल जी की कविताओं पर आधारित काव्य संध्या भी हर जनपद, स्कूलों–कॉलेजों में होगी। इसमें नवोदित कवियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलना, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, देश के अंदर अंत्योदय की योजना, हर गरीब-वंचित को अधिकार मिले, अंत्योदय कार्ड-राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार दिलाने के साथ ही स्वर्णिम चतुर्भुज, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर व हाईवे अटल जी की देन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सीएम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया। अटल जी के जन्मदिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत मां के महान सपूत, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। पीएम मोदी की प्रेरणा से आज से पूरे देश-प्रदेश में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ हो रहा है। अटल जी की पैतृक जन्मभूमि उत्तर प्रदेश है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि के रूप में भी उत्तर प्रदेश को ही चुना। बलरामपुर व लखनऊ से कई बार उन्होंने संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने देश को सक्षम नेतृत्व प्रदान किया। अटल जी कवि, पत्रकार, साहित्यकार व राजनेता थे। वे समन्वय के साथ सबको लेकर चलने का सामर्थ्य रखते थे। वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते थे। अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन बिना किसी कलंक के रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की सेवाएं व कृतित्व देशवासियों के लिए प्रेरणा है। सुशासन सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के हर स्कूल-कॉलेज, संस्थान में इससे संबंधित कार्यक्रम होंगे। श्रद्धेय अटल जी के आदर्शों से प्रेरणा हम सभी का मार्गदर्शन होगा। अटल जी ने सुशासन के जिन लक्ष्यों को देखा और सोचा था, पीएम मोदी के नेतृत्व में देश इसे प्रभावी ढंग से लागू भी कर रहा है। यह लक्ष्य प्रदेश भी प्राप्त करेगा।

## रेडीमेड दीवार खड़ी कर निगम की जमीन पर किया जा रहा था कब्जा, लेखपाल ने रुकवाया



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

नगर निगम जोन 6 के सरोसा भरोसा स्थित कुल्हर कट्टा व सदरौना मोड़ स्थित खसरा संख्या 1275 जो नगर निगम के राजस्व अभिलेखों में ऊसर दर्ज है। जिस पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर रेडीमेड बाउंड्री वॉल लगाकर अवैध कब्जा किया जा रहा था, जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल को दी जानकारी पातें ही मौके पर पहुंचे लेखपाल अनुपम कुमार ने मौके पर किए जा रहे अवैध कब्जे को रूकवाते हुए अवैध कब्जेदार को हिदायत देते हुए दोबारा नगर निगम की जमीन पर कब्जा ना करने को कहा, दोबारा शिकायत मिलने पर कब्जा करने वाले व्यक्ति पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

> जिस जमीन पर कब्जा किया जा रहा था वह नगर निगम ऊसर की जमीन है, जिस पर अवैध कब्जेदार द्वारा कब्जा किया जा रहा था, फिलहाल नगर निगम की जमीन पर दोबारा कब्जा न करने की हिदायत दी।
>
> –अनुपम कुमार, लेखपाल नगर निगम

## परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में हुई महाकुम्भ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रदेश में सुगम एवं सुरक्षित परिवहन व्यवस्था हेतु परिवहन निगम, मुख्यालय के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की वार्षिक जयंती के अवसर पर सुशासन के दृष्टिगत फेशलेस सेवाओं का तथा परिवहन निगम की ऐप का लोकार्पण मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा कराया जाने की तैयारियों हेतु निर्देशित किये।परिवहन मंत्री ने निर्देश दिया कि महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत परिवहन निगम की बसें परिवहन निगम के बस स्टैण्ड से संचालित करायी जायें। बस स्टेशन एवं बसों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

# सात दिन से गायब युवक का निर्माणाधीन खाली मकान में मिला शव


- बीकेटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, फोरेंसिक टीम व पुलिस घटनास्थल पर साक्ष्य किये संकलन, पुलिस जांच–पड़ताल में जुटी





जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सात दिन से लापता छात्र का शव एक निर्माणाधीन रॉ हाउस में पड़ा मिला।घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आंशका जताई है। बता दें कि बृहस्पतिवार को बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी पीयूष रावत उम्र (20) वर्ष 12 दिसम्बर की शाम को घर से लापता हुआ था,परिजनों ने लिखित सूचना बीकेटी थाना में दी थी। वहीं गुरुवार दोपहर को युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ शव भौली गांव में एक निर्माणाधीन मकान में पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचें परिजनों ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई, परिजन से बात करके जानकारी ली। घरवालों ने बताया कि 12 दिसंबर की रात 7:30 बजे घर से पीयूष रावत निकला था, इसके बाद वह घर नहीं लौटा, काफी देर हो जाने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन बेटे पीयूष का कुछ पता नहीं चल सका। वहीं परिजनों ने 13 दिसंबर को बीकेटी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराईं थी, अब निर्माणाधीन रॉ हाउस में उसका शव मिला है। सुबह गांव के कुछ लड़के मवेशी चराने गए थे। उन्होंने विश्रामपुर गांव के पास बने रॉ हाउस में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। वहीं फोरेंसिक टीम की मदद से बीकेटी पुलिस ने घटनास्थल पर साक्ष्य संकलन कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। प्रारंभिक छानबीन में अभी तक हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने छात्र की तलाश में लापरवाही बरतीं है, एक सप्ताह पहले लापता युवक पीयूष रावत की गुरुवार को लाश एक निर्माणाधीन खाली पड़े मकान में मिलीं। वहीं एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली, सूचना पर बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और फॉरेंसिक फील्ड यूनिट को बुलाकर मौके पर जांच पड़ताल कर साक्ष्य इकट्ठा किए। वहीं एसीपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट मिली थी, युवक की तलाश की जा रही थी, गुरूवार को लाश मिली है, हत्या के कारणों की जांच की जा रही है।



## सूचना आयुक्त ने पद्मश्री मालिनी अवस्थी को भेंट किया अपना काव्य संग्रह

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने विख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मालिनी अवस्थी को अपना काव्य संग्रह वटवृक्ष की छांव भेंट किया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या**
**NER-BSB0SnT-OT-34-2024**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये "खुली ई–निविदा" आमंत्रित की जाती है :– **क्रमांक-1** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः NER-BSB0SnT-OT-34-2024: कार्य का नामः वाराणसी मंडल में पुराने सिग्नलिंग उपकरणों का बदलाव (ई.पी.एम. और ग्राउंड कनेक्शन और अन्य विविध आइटम) एवं छपरा ग्रामीण–खैरा–छपरा कचेहरी खंड में बी.पी.ए.सी. के लिये ऑटो चेंजओवर सुविधा (कुल 2 ब्लॉक खंड) और गौतम स्थान–चितबड़ागांव खंड (07 स्टेशन) में एक्सटर्नल रिंग सप्लाई व्यवस्था का कार्य। विवरणः अनुमानित लागतः ₹ 73,41,482.07, बयाना की राशिः ₹ 1,46,800/-, निविदा प्रपत्र की कीमतः ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 08 माह, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 10-01-2025 को 15:00 बजे।

(1) ई-निविदा दिनांक 10-01-2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
(2) पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-87 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## अध्यक्ष राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में पंचायतीराज संस्थाओं में प्रॉक्सी उपस्थिति रोकने हेतु सेमिनार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा योजित रिट के पारित आदेश के क्रम में गठित एडवाइजरी कमेटी द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं में प्रॉक्सी उपस्थिति को रोकने हेतु आज होटल रेग्नंत निराला नगर लखनऊ में विचार–विमर्श, चिंतन एवं कार्यवाही हेतु राज्य स्तरीय सेमिनार संगोष्ठी आयोजित किया गया। इस 02 दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार एवं संगोष्ठी का उद्घाटन बबिता सिंह चौहान, अध्यक्ष राज्य महिला आयोग बी. चन्द्रकला सचिव पंचायती राज, रामित मौर्या निदेशक पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार डॉ एनवी माधुरी, द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

## समझौता ज्ञापन कार्यक्रम से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान तथा सांस्कृतिक संबंध सुदृढ़ होंगे : जयवीर

- संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं मणिपुर, बिहार, छत्तीसगढ़ राज्यों के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं मणिपुर, बिहार तथा छत्तीसगढ़ के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयवीर सिंह, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने समझौता ज्ञापन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की गरिमामय उपस्थिति रही। संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर में आयोजित इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का यह मंत्र देश की सांस्कृतिक विविधता एवं विरासत को एक सूत्र में पिरोने का अवसर देता है। हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर इस प्रकार के सांस्कृतिक संगठनों के आयोजन के माध्यम से उजागर होती है। यह समझौता ज्ञापन देशवासियों के बीच एकता और अखण्डता की भावना को मजबूत करेगा। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश के कलाकार दूसरे राज्यों में जाकर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही दूसरे राज्यों के कलाकार उत्तर प्रदेश आकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। विदेशी कलाकार उत्तर प्रदेश की धरती पर अपनी लोक कलाओं को विविध आयामों को प्रदर्शित करेंगे। भारत विविध संस्कृतियों का संगम है। इसके माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को सुदृढ़ करना है।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें थांग टा नृत्य, थौगल जागोइ नृत्य, झिझिया नृत्य, जट जटिन सामा नृत्य तथा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। समझौता ज्ञापन कार्यक्रम ने यह साबित कर दिया कि विविधताओं में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। पर्यटन मंत्री ने छत्तीसगढ़, बिहार तथा मणिपुर से पधारे सांस्कृतिक संगठनों, कलाकारों तथा उनके साथ पधारे अधिकारियों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस मौके पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, छत्तीसगढ़ के उप निदेशक प्रताप परख, विशेष सचिव संस्कृति विभाग रवीन्द्र कुमार-1 एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने लखनऊ की गोशालाओं का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। मुख्यमंत्री के निर्देश परगोसेवा आयोग द्वारा प्रदेश व्यापी निरीक्षण अभियान के कम में आज गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष, जसवन्त सिंह उर्फ अतुल सिंह द्वारा सिद्धपूरा गौशाला. निकट न्यू जेल कैम्पस, मोहनलालगंज, लखनऊ का निरीक्षण किया गया। गौशाला के संचालक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गौशाला में बैल संचालित इलेक्ट्रिक जेनरेटर मशीन द्वारा बैलों को ट्रेडमील पर चलाकर विद्युत उत्पादन प्रक्रिया के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा बायो गैस का भी उत्पादन किया जा रहा है जिसे संस्था में रहने वाले लोग खाना पकाने में उपयोग कर रहे हैं। उपाध्यक्ष द्वारा संस्था में किये जा रहे गो आधारित श्री लेयर फार्मिंग की सराहना की। संस्था में गिर, साहीवाल एवं राठी इत्यादि नस्ल के गोवंश का भी संरक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में उपाध्यक्ष द्वारा वृहद गो संरक्षण केन्द्र, गौरा, मोहनलालगंज लखनऊ का निरीक्षण किया गया। उक्त गो संरक्षण केन्द्र में गोवंश हेतु उचित चारे की व्यवस्था, पीने हेतु साफ पानी आदि की व्यवस्था दुरूस्त पायी गयी। अतुल सिंह उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय गोवंश संरक्षण समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी।

# पर्यटन मंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन

- अटल बिहारी की बहुमुखी प्रतिभा ने भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में निभाई ऐतिहासिक भूमिका : योगेंद्र

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारत रत्न स्व. अटल जी ने अपने जीवनकाल में राष्ट्र का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। वह पहले ऐसे विदेश मंत्री थे, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्र के विकास के लिए जो कार्य किए, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।पर्यटन मंत्री भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत को जिन ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया था, उसे देश की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पूरा कर रही है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। केन्द्र व राज्य सरकार भारत को वर्ष 2047 तक पुनः: विश्व गुरु का सम्मान दिलाने के लिए कार्य कर रही है। देश को सामरिक और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आजादी के शताब्दी वर्ष तक भारत दुनिया का विकसित राष्ट्र बनेगा।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर सुशासन सप्ताह 19-25 दिसंबर का शुभारंभ आज संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने अटल जी के चरणों में नमन करते हुए उनके महान व्यक्तित्व और आदर्शों का स्मरण किया। अटल जी का जीवन प्रेरणा और सेवा का प्रतीक है। वे एक कुशल राजनेता, संवेदनशील कवि, प्रखर विचारक और उत्कृष्ट वक्ता थे। उनके अद्वितीय व्यक्तित्व ने भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अटल जी ने सुशासन का एक ऐसा मानक स्थापित किया, जो आज भी प्रेरणादायक है। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करते रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अटल जी के विचारों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान प्रदेशभर में सुशासन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। यह प्रयास अटल जी की सांस्कृतिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का एक माध्यम है। इसके पूर्व जयवीर सिंह एवं योगेन्द्र उपाध्याय ने अटल वाजपेयी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य अतिथि के रूप् में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ज के जन्म शताब्दी समारोह का शुभारम्भ किया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए उनके जीवन के विभिन्न सोपानों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# नहीं हुई सिल्ट की सफाई, छोड़ दिया गया पानी

## अधिकारियों की उदासीनता से किसान उठा रहे परेशानी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



महराजगंजअधिकारियों की उदासीनता और ठेकेदार की मनमानी का अंजाम अब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। हजारों किसानों को पानी देने वाली शोरा रजबहा की सिल्ट सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया के साथ ही एग्रीमेंट भी हुआ लेकिन ठेकेदार की मनमानी से सिल्ट सफाई नहीं हो सकी और रजबहा में पानी छोड़ दिया गया इससे किसानों में आक्रोश है

क्षेत्र के गुनावर के पास निकली शोरा रजबहा करीब बारह किलोमीटर लंबी है इससे छोटी और बड़ी मिलाकर करीब दस और माइनरें निकली हुई हैं। गुनावर गांव के पास से होकर निकली माइनर मझिगवां सलेमपुर सरगही कठवारा सोरा टांडा के पास जाकर समाप्त होती है इससे हजारों किसान अपने खेतों की सिंचाई करते है रजबहा की सिल्ट सफाई के लिए सिंचाई विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया कराई गई। मेसर्स शरद कान्सट्रक्शन नाम की फर्म को सिल्ट सफाई का जिम्मा मिला और 20 नवंबर से 4 दिसंबर तक पंद्रह दिनों में कार्य समाप्ति का अनुबंध हुआ लेकिन ठेकेदार द्वारा रजबहा की सिल्ट सफाई नहीं कराई गई और पानी छोड़ दिया गया

रजबहा की साफ–सफाई न होने से क्षेत्रीय किसानों में सिंचाई विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नमन मिश्रा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा रजबहा की सफाई न कराए जाने की बात डीएम के नेतृत्व गठित सत्यापन करने वाली कमेटी को लिखित में अवगत करा दिया गया है ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई।

# वार्षिक खेल दिवस आयोजन में ऐ देश मेरे समूह नृत्य ने बिखेरा जलवा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बृहस्पतिवार को केंद्रीय विद्यालय अमेठी में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के द्वारा हुई।एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जिसमें समूह नृत्य ÷ऐ देश मेरे÷ ने सबका मन मोह लिया।खेल दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्य कपिल देव मिश्र ने मशाल जलाकर और सारे जहां से अच्छा के साथ मार्चपास्ट करते हुए खेलों की शुरुआत किया।इस दौरान कक्षावार गुब्बारा फोड़,जलेबी रेस,रिले रेस एवं सदनवार वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टैगोर सदन की टीम विजेता रही।तथा शिवाजी सदन की टीम दूसरे स्थान पर रही। खेल समापन पर सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर दीप्ति दीक्षित,विनोद कुमार,आलोक कुमार पाण्डेय, अर्पित जायसवाल,सृष्टि चौधरी, सतीश कुमार सिंह,रोशन कुमार, कपिल कुमार,उपासना गर्ब्याल, समिति कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक व नागरिकगण उपस्थित रहे।

# मुंशी, मौलवी, आलिम परीक्षा 2025 के आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की समय सारणी निर्धारित: मोहन त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जनपद रायबरेली में संचालित समस्त अनुदानित/मान्यता प्राप्त आलिया स्तर के मदरसों के प्रधानाचार्यों से कहा है कि उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्ड्री फारसी/अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री फारस/अरबी) परीक्षा वर्ष-2025 के परीक्षाओं हेतु संस्थागत/व्यक्तिगत आवेदन पत्र प्रधानाचार्य की आई0डी0 से छात्र/छात्राओं का परीक्षा वर्ष-2025 के आवेदन पत्रों को आनलाईन मदरसा पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया 13 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ हो गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा आवेदन पत्रों को मदरसा पोर्टल पर भरने आदि कार्यवाही से संबंधित संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई है, जिसके अनुसार परीक्षा वर्ष 2025 हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अन्तिम तिथि 28 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई है मउन्होंने बताया कि परीक्षा आवेदन पत्रों को मदरसा पोर्टल पर भरने आदि कार्यवाही से संबंधित संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई है, जिसके अनुसार परीक्षा वर्ष 2025 हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अन्तिम तिथि 28 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई है दरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र/छात्राओं का परिषद की मुंशी/मौलवी (सेकेण्ड्री फारसी/अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री फारस/अरबी) परीक्षा वर्ष 2025 के आवेदन पत्रों को आनलाईन मदरसा पोर्टल पर भरने की अन्तिम तिथि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित है एवं छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 02 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है।

### राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अभिमुखीकरण कार्यक्रम

# फ़ाइलेरिया लाइलाज बीमारी है: डा. आलोक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से बृहस्पतिवार को मुसाफिरखाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आशा संगिनी और एएनएम मौजूद रहे।इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डा.आलोक मिश्रा ने फ़ाइलेरिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया को हाथीपाँव भी कहते हैं जो कि मच्छर के काटने से फैलता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक दिव्यांगता के प्रमुख कारणों में से एक है।आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है।और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया के कारण चिरकालिक रोग जैसे हाइड्रोसील अंडकोष की थैली में सूजन लिम्फेडेमा अंगों की सूजन व काइलूरिया दूधिया सफेद पेशाब से ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक बोझ सहना पड़ता है। जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है।

मच्छर जब किसी फाइलेरिया ग्रसित व्यक्ति को काटता है,तो फाइलेरिया के परजीवी जिन्हें हम माइक्रोफाइलेरिया कहते है वह मच्छर के रक्त में पहुँच जाता है।और यही मच्छर जब किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है,तो फाइलेरिया के परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के रक्त में पहुँच कर उसे संक्रमित कर देते हैं। किसी भी व्यक्ति को संक्रमण के पश्चात् बीमारी होने में पांच से पंद्रह वर्ष लग सकते हैं।यदि हम इन लक्षणों को पहचान लें और समय से जांच कराकर इलाज करें तो हम इस बीमारी को बढ़ने से रोक सकते हैं। फाइलेरिया की जाँच



रात के समय होती है।जांच के लिए रक्त की स्लाइड रात में बनायी जाती है। क्योंकि इसके परजीवी दिन के समय रक्त में सुप्तावस्था में होते हैं।और रात के समय सक्रिय हो जाते हैं। सर्वजन दवा सेवन यानी एमडीए के तहत पाँच सालों तथाआइवरमेक्टिन डाईइथाइलकार्बामजीन और एल्बेंडाजोल के तहत लगातार तीन सालों तक साल में एक बार दवा का सेवन करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है।इसलिए जब भी आशा और आंगनबाड़ी लोगों को फाइलेरिया बचाव की दवा का सेवन कराने आयें तो फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन जरूर करें।यह दवाएं फाइलेरिया के परजीवियों को तो मारती हैं।दो साल से कम आयु के बच्चों,गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी को इन दवाओं का सेवन करना चाहिए।फ़ाइलेरियारोधी दवा के सेवन के बाद कभी-कभी सिर में दर्द,शरीर में दर्द,बुखार,उल्टी तथा बदन पर चकत्ते एवं खुजली देखने को मिलती है।लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है।मरते हुए परजीवियों के प्रतिक्रियास्वरुप यह होता है जो कि आमतौर पर स्वतः ठीक हो जाते हैं।

जनपद के ब्लॉक फुरसतगंज के तरौना आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएच ओ एवं रोगी हित धारक मंच की सदस्य रंजना ने बताया कि यह बीमारी लाइलाज है।इसका केवल प्रबन्धन किया जा सकता है। नियमित व्यायाम और फ़ाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।और एम एम डी पी का प्रदर्शन कर दिखाया कि किस प्रकार फाइलेरिया से प्रभावित अंग की साफ सफाई की जाती हैद्य इसके बाद इन्होंने बताया की हमारे आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर रोगी हितधारक मंच का गठन हुआ।जिसमें प्रधान,कोटेदार आशा,संगिनी और फाइलेरिया रोगी किस प्रकार से एक साथ एक मंच पर एकत्रित होकर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए योजना तैयार कर काम कर रहे हैं।और इस गठन के उद्देश्य को भी बताया।बीसीपीएम राजीव पाण्डेय ने बताया कि मच्छर गन्दी जगह पर पनपते हैं।इसलिए हमें अपने घर और आस-पास मच्छरजनित परिस्थितियां नहीं उत्पन्न करनी चाहिए।साफ़ सफाई रखें,फुल आस्तीन के कपड़े पहने चाहिए,मच्छरदानी का उपयोग करें,मच्छररोधी क्रीम लगायें और दरवाज़ों और खिड़कियों में जाली का उपयोग करें ताकि मच्छर घर में न प्रवेश करें,रुके हुए पानी में कैरोसिन डालें।इस अवसर पर सीएचओ,आशा संगिनी एएनएम.बी पीएम हिना खान,एआरओ अशोक कुमार, ब्लॉक हेल्थ वर्कर,दुर्गेश कुमार और सीफॉर के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन संपन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव की अध्यक्षता में विकास भवन के महात्मा गांधी सभागार में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित लाभ परक योजनाओं का लाभ उठाये। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं वाली योजनाए है जिसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए गोष्ठी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जनपद के समस्त विभागों के अधिकारीगण एवं अल्पसंख्यक समुदाय से सरदार औतार सिंह छाबड़ा, भिक्खु कमलसील, कमलजीत सिंह बी0 सी0 नेथन, मौलाना अरबी उल अशरफ, प्रधानाचार्य एदारा-ए-शरैय्या खिन्नी तल्ला रायबरेली, अहमद मुजीब, प्रधानाचार्य मदरसा सलाम ओरियंटल कालेज थुलेण्डी रायबरेली, श्री मो0 अयूब अंसारी, प्रधानाचार्य मदरसा दारुल उलूम बरकार्तरजा इमामगंज, रायबरेली तथा मुस्लिम समुदाय के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के साथ साथ जनपद में संचालित समस्त मदरसो के शिक्षकों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया गोष्ठी का संचालन हरिओम यादव, व0 सहायक जि0अ0सं0क0अधि0 रायबरेली द्वारा किया इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी सम्मानित व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक वर्ष 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुए विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यको को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने हेतु विभागवार योजनाओं की जानकारी दी गयीतत्पश्चात आये हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए गोष्ठी का सम्पन्न किया गया।

# इंसान बन इंसान की मदद करें – पवन अग्रहरि

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल डीह के अध्यक्ष पवन अग्रहरि ने विगत दो सप्ताह पूर्व डीह के व्यापारी सत्यम की दुकान पर शार्ट सर्किट से आग लग जाने से हुए नुकसान पर दुःख प्रकट करते हुए शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है एवं दुःख की इस घड़ी पर व्यापारियों के साथ पहुँचकर स्वयं आर्थिक सहायता प्रदान की। श्री अग्रहरि ने कहा कि मुसीबत की घड़ी में जरूरतमंदों की मदद करने हेतु संकल्पित हूँ। डीह का प्रत्येक व्यापारी मेरे परिवार का अंग है, हमें एक इंसान बनकर इंसान की मदद करना चाहिए, स्वच्छ मन से की गयी सेवा फलीभूत होती है। इस अवसर पर श्री अग्रहरि के साथ शिव प्यारे अग्रहरि, नंद कुमार पाल, शीतल अग्रहरि, हरिओम अग्रहरि, भानुदत्त शुक्ला, मो. शमीम, सूरज अग्रहरि, सौरभ अग्रहरि, अजय रावत, रामबोध, मो. चांद, राजेन्द्र गुप्ता रिंकू, मनीष, सत्यम अग्रहरि आदि लोग रहे।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित इंट्रा रीजन स्पोर्ट्स मीट 2024 के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



ऊंचाहार एनटीपीसी में 18 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इंट्रा रीजन स्पोर्ट्स मीट 2024 के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया। इस टूर्नामेंट में एनटीपीसी की 10 टीमें - विंध्याचल, सिंगरौली, मेजा, फरीदाबाद, रीहंद, दादरी, झज्जर, औरैया, टांडा और ऊंचाहार - भाग ले रही हैं उद्घाटन समारोह में सभी टीमों के कप्तान ने मशाल लेकर स्टेडियम परिसर में दौड़ लगाई, इसके बाद परियोजना प्रमुख ने बड़ी मशाल जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि सभी मुकाबले एनटीपीसी ऊंचाहार के स्टेडियम में खेले जाएंगे उद्घाटन समारोह में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। इस अवसर पर एनटीपीसी का ध्वज फहराया गया, जिसके बाद सभी 10 टीमों ने भव्यपरेडमेंभागलिया खिलाड़ियों और अधिकारियों के जोश और उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बनाया तथा इस आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें आवासीय परिसर के स्कूलोंकेछात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया उद्घाटन मैच ऊंचाहार और सिंगरौली टीम के बीच खेला गया, जिसमें ऊंचाहार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पूरे स्टेडियम में दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन मैच के साथ ही एनटीपीसी रिंहद और दादरी के बीच दूसरा मैच खेला गया जिसने दर्शकों को बहुत ही रोमांचित किया इस अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख, श्री मनदीप सिंह छाबड़ा ने कहा ÷हम एनटीपीसी में हमेशा खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंट्रा रीजन स्पोर्ट्स मीट 2024 न केवल कर्मचारियों के बीच खेल कौशल को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन मंच है, बल्कि यह टीम भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ाने का भी माध्यम है। मैं सभी टीमों को शुभकामनाएं देता हूं और खिलाड़ियों से उम्मीद करता हूं कि वे खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे यह आयोजन एनटीपीसी के कर्मचारियों के बीच सामूहिकता, स्वास्थ्य और खेल के प्रति जुनून को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। 23 दिसंबर को होने वाले समापन समारोह में विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा

## लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पात्र लाभार्थी जोड़ों का कराएं पंजीकरण: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को निर्देश दिये है कि अपने अधीनस्थों के माध्यम से विकास खण्डों/ग्राम पंचायतों/नगर निकायों/वार्डों में आहूत बैठकों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत माह जनवरी 2025 में शुभ लग्न की तिथि 16, 20 एवं 23 के पूर्व विभागीय वेबसाइट पर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी जोड़ो का ऑनलाइन पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जिससे निर्धारित तिथियों में लक्ष्य के सापेक्ष मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह सम्पन्न कराया जा सके

## पंजीकृत आवेदक 24 दिसम्बर को करें प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण अमृता सिंह ने बताया है कि प्राधिकरण की एकता विहार आवासीय योजना में निर्मित निर्बल आय वर्गीय के चार मंजिला भवनों का आवंटन पंजीकृत आवेदकों के मध्य 24 दिसंबर 2024 को प्राधिकरण कार्यालय के सभागार में मध्यान्ह 12:00 बजे किया जाना प्रस्तावित हैउन्होंने सभी पंजीकृत आवेदकों से कहा है कि निर्धारित तिथि में समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# जिला उद्योग बन्धु,व्यापार बंधु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक संपन्न

- उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए: डीएम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु,श्रम बन्धु, व्यापार बंधु एवं औद्योगिक, व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक किया।बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई।डीएम ने इकाइयों,व्यापारिक से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित के साथ ही उन्हें अवगत कराने का निर्देश दिया। इस दौरान समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था,औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में भूखंड संख्या 8 सेक्टर 21 पर अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराए जाने,जेएस रेजिडेंसी के प्रकरण, औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में पार्किंग व्यवस्था गौरीशंकर डेयरी के विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा में आवंटित भूखंडों पर कब्जा दिलाए जाने के प्रकरण पर चर्चा की।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की। तथा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के संबंध में शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।इसके साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,एक जनपद एक उत्पाद योजना की भी समीक्षा की।तथा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निवेशकों द्वारा किए गए एमओयू के क्रियान्वयन तथा उन्हें धरातल पर उतारने के संबंध में चर्चा पर डीएम द्वारा निर्देश दिया गया कि उद्योग स्थापना में यदि किसी भी उद्यमी को किसी भी विभाग से कठिनाई से आ रही हो तो समिति को अवगत कराएं।जिससे उसका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा।तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह,खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र मिश्र सहित संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

कानपुर नगर एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024




**पशु बाड़ा में घुसकर बैठे तेंदुआ...**

हजारा। थाना क्षेत्र के शारदा कटान पीड़ित अशोकनगर जंगल कालोनी निवासी एक ग्रामीण के पशु बाड़ा में घुसकर बैठे तेंदुआ ने ग्रामीण पर एकाएक हमला कर दिया... ▶ शेष पेज 10 पर...

# वकील साहब ने किस से ठग लिए ढाई करोड़ रुपए

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में किसान की जमीन का रुपया कथित वकील ने अपने साथियों के साथ मिलकर हड़प लिया। किसान का आरोप है कि उसकी जमीन केडीए में आने की बात कह कर वकील ने उसके कई बैंक दस्तावेजों और चेकों पर हस्ताक्षर करा लिए। एक नया खाता खुलवाने के साथ ही उसमें किस की जमीन के आए ढाई करोड रुपए हड़प लिए। किसान ने एसीपी कल्याणपुर को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



खेतीबाड़ी कर जोड़ी थी पाई-पाई

बिठूर थाना क्षेत्र के गंगापुर चकबदा के रहने वाले राम प्रसाद किसानी का काम करते हैं। रामप्रसाद के मुताबिक वह पढ़ना लिखना नहीं जानते मगर हस्ताक्षर कर लेते हैं। उनके मुताबिक एक तथाकथित वकील अपने पांच लोगों के ग्रुप के साथ मिलकर जमीन का काम करता है। कथित वकील की राम प्रसाद से अच्छी जान पहचान थी और वह वकील पर काफी विश्वास भी करता था। राम प्रसाद का वकील के पास एक मुकदमा भी चल रहा था। जिसके लिए उसने वकील को नियुक्त कर लिया। पीड़ित के मुताबिक वकील ने उसे जानकारी दी कि उसकी जमीन केडीए के हक में चली गई है। और उसका बैनामा केडीए के हक में करना है। पीड़ित के मुताबिक कथित वकील ने बैनामा कराने के नाम पर उससे कई सारे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर लिए। रामप्रसाद कथित वकील पर अत्यधिक विश्वास करते थे और पढ़े-लिखे भी नहीं थे इस कारण जिन-जिन दस्तावेजों पर कथित वकील ने हस्ताक्षर करने को कहा राम प्रसाद हस्ताक्षर करते चले गए। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे के मुताबिक अब तक पीड़ित ने जो जानकारी दी है उसके आधार पर उसके साथ फॉड कुछ इस प्रकार हुआ है। किसान की जमीन का बैनामा कथित वकील और उसके साथियों ने केडीए के हक में किया। उसे जमीन के कड़ा की तरफ से ढाई करोड़ रुपए अलग-अलग चेक में दिए गए। इधर जिन पर आरोप है उन्होंने बिना किस को बताएं उसका एक नया खाता एक निजी बैंक में खुलवा दिया। मगर उसे खाते में का मोबाइल नंबर और ऑनलाइन ट्रांसफर का हक आरोपी ने अपने पास रखा। किसान का हस्ताक्षर किया चेक उसके पास मौजूद था। इधर केडीए द्वारा दी गई चेक भी उसके पास थी। पैसा खाते में डलवा कर उसे निकाल लिया गया। एसीपी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## उर्सला हर्ष फायरिंग के मामले में दूल्हा हुआ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उर्सला हॉस्पिटल के आईसीयू में गोली चलने के मामले का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए शादी समारोह के दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है। आरोपी दूल्हे को पुलिस ने गुरुवार के दिन अदालत के सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया। क्षेत्रीय थाना प्रभारी ने बताया कि शादी समारोह में अत्यधिक लोगों ने शराब का सेवन किया था। शराब के नशे में हर्ष फायरिंग हुई। इसी हर्ष फायरिंग के दौरान चली गोली उर्सला के आईसीयू के एग्जिट गेट पर लग गई थी।

घटनाक्रम के मुताबिक शकर मिल खालवा ड्रम बाजार थाना रायपुरवा के रहने वाले रौनक जो कि वर्तमान समय में टी-6 सेकंड फ्लोर यूएचएम अस्पताल इमरजेंसी आवासीय परिसर में रहता है। की शादी उर्सला के स्टाफ क्वार्टर के पास खाली जगह पर आयोजित की गई थी। इसी दौरान वहां पर जमकर शराब का सेवन किया गया। बारातियों द्वारा नशे में धुत को जाने के बाद हर्ष फायरिंग की गई।


कानपुर नगर एक्सप्रेस
उर्सला अस्पताल में फायरिंग के बाद मचा हड़कंप, स्टाफ डरकर भागा


जिसकी एक गोली उर्सला के आईसीयू गेट को भेजते हुए नर्सिंग स्टेशन के पास टकराकर गिर गई। हर्ष फायरिंग की आवाज सुनकर अस्पताल में अफरा -तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने गोली के सैंपल को उठाकर जांच के लिए भिजवा दिया। एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस को यह जानकारी हो गई थी कि शादी समारोह में ही हर्ष फायरिंग हुई थी। जिसकी गोली उर्सला अस्पताल के आईसीयू गेट पर लगी थी।

पुलिस ने इस मामले में स्टाफ क्वार्टर के लोगों से पूछताछ की थी। इस दौरान जानकारी मिली थी कि दूल्हे ने अपने साथियों के साथ मिलकर हर्ष फायरिंग की थी।

हालांकि वह भूमिगत चल रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसके कुछ करीबियों को उठाकर शक्ति से पूछताछ की। इसके बाद रौनक को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। रौनक के पास से पुलिस ने 315 बोर का देसी तमंचा बरामद किया है।

## डंपर का पहिया अधेड़ महिला के सिर पर चढ़ा, मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

परियर। सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक अधेड़ महिला बीते दिन अपने बेटे अखिलेश के साथ कानपुर देहात से लखनऊ की ओर जा रही थी। तभी परियर बिठूर मार्ग पर कल्याणी नदी के पास स्कूटी में पीछे से डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सुमित्रा देवी पत्नी मुरली प्रसाद उम्र 65 वर्ष डंपर के चपेट में आ गई। स्कूटी में टक्कर लगने के बाद महिला सड़क पर गिर गई और डंपर का पहिया महिला के सिर के उपर से गुजर गया जिसके बाद घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। बेटे अखिलेश को मामूली छोट आई है। एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने ट्रैक को अपने कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शिवराजपुर। शिवराजपुर के बैरी स्थित राम सहाय इंटर कॉलेज में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख शिवराजपुर शुभम वाजपेई ने परंपरागत तरीके से सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय खेलों में कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक, चक्का फेक, में नन्हे मुन्ने बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतिभा का जौहर दिखाए। विभिन्न खेलकूद की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने हरी झंडी दिखाकर की । 50 मीटर दौड़ में अच्छा प्रदर्शन शैलेश, आस्था, संगम, शाजिया, 100 मीटर दौड़ में विकास, नीलम, कृष्णा सिमरन, 200 मीटर दौड़ में शैलेश, सिमरन, साजन, नीलम, 400 मीटर दौड़ में सान्या, दिव्यांशु, पलक, किया। गोला फेक प्रतियोगिता में शुभम, अनुज, आकाश, चक्का फेक में शुभम, नीरज, के द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। इन सभी प्रतिभागियों को ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई, एबीएसए कृपा शंकर यादव, ट्रॉफी और मैडल पहनकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का भी विशेष महत्व है। क्योंकि खेलने से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की शक्ति जागृत होती है साथ ही साथ बच्चों की फिटनेस भी बरकरार रहती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनोज पटेल अरविंद यादव शिवम कटियार राहुल मिश्रा मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा बीते दिन सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में प्रयागराज में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जनपद की बालिकाओं को, उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में सर्वश्रेठ टीम का गौरव प्राप्त करने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो दिनांक 16 से 18 दिसंबर तक प्रयागराज में आयोजित की गई थी। उक्त प्रतियोगिता में जनपद कानपुर नगर की खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन होने का गौरव प्राप्त कर कानपुर का नाम रोशन किया। बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चार स्वर्ण, एक रजत तथा दो कांच पदक खिलाड़ियों ने जीते।

## पास्टर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा क्रिसमस के उपलक्ष्य में विशाल रैली का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पास्टर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्वारा क्रिसमस के उपलक्ष्य में विशाल क्रिसमस रैली का आयोजन तुलसी उपवन मोतीझील कानपुर नगर से किया गया।

क्रिसमस रैली में कानपुर के मसीह समाज के लोग अपने अपने वाहनों को गुब्बारों व झंडियों से सजाकर और क्रिसमस की झांकियां को सजाकर बच्चों को एंजेल और सेंटाक्लॉस बनाकर और क्रिसमस की झांकियां को सजाकर एवं ऊँटों को सजाकर नाचते हुए क्रिसमस गीतों को गाकर पूरे शहर के लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देने के लिए रैली में सम्मिलित हुए।

यह रैली मोती झील तुलसी उपवन से बेनाझाबर चौराहे से हर्ष नगर चौराहे से ईदगाह से बकरा मंडी डाल से चुन्नीगंज चौराहे होती हुई लाल इमली एपरेड बड़े चौराहा से होते हुए क्राइस्ट चर्च इंटर कॉलेज ग्राउंड तक गई इस



क्रिसमस रैली में शहर के सभी चर्च के पासवानों भी इस रैली में सम्मिलित हुए। रैली का जगह जगह पर फूलों को डालकर और रास्ते में फूलों को फैलाकर विशेष रूप से पासवानों को माला पहनाकर स्वागत किया गया बेनाझाबर चौराहे में पादरी राकेश मसीह और उनके साथियों ने रैली का स्वागत किया हर्ष नगर चौराहे पर समाजसेवी भारतीय दलित पँथर के प्रमुख पैंथर धनी राव बौद्ध जी ने पास्टर्स एसोसिएशन के सभी सदस्यों को माला पहनाकर एवम् उनके ऊपर फूलो की बारिश करके रैली का स्वागत किया। मसीह समाज की एकता की प्रतीक इस रैली को देखकर आसपास अभी क्षेत्रीय लोगों ने अपने हाथों को हिलाकर खुशी जाहिर की।

एसोसिएशन के महासचिव पादरी जितेंद्र सिंह जी ने लोगों के बीच में इस बात को बताया कि यह रैली मसीह एकता की प्रतिक पूरे शहर की शांति और समृद्धि के लिए और आने वाले नए वर्ष में हम सब अपने पूरे शहर के साथ शांति खुशहाली के साथ आगे बढ सके इस बात के लिए निकली जाती है। रैली का समापन क्राइस्ट चर्च इंटर कॉलेज ग्राउंड में हुआ जहां पर सभी लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस बधाई देते हुए रैली का समापन किया। रैली में प्रमुख रूप से पादरी जितेंद्र सिंह, पादरी सैमुअल सिंह, पादरी संजय ऑलविन, पादरीअनिल गिल्बर्ट पादरी ए.बी. सिंह, पादरी सैमसंन मसीह मिसेज हैलीना सिंह, यश राज साइलस पादरी हनन्याह पानी, पादरी प्रदीप राव, पादरी विजय गुप्ता पादरी आनंद मसीह, पादरी मनोज जोसेफ पादरी विल्सन विक्टर, पादरी राकेश मैसी, पादरी हरि सिंह, पादरी रवि कुमार पाजी सैमुअल कुमार, पादरी डीके सागर, पादरी पारसनाथ, पादरी विजय मोहन, पादरी शिवकुमार, पादरी किशन लाल. पादरी इंद्रकुमार दास एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बेटे के लापता होने पर पिता की हालत बिगड़ी, अनहोनी की आशंका



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर आवास विकास में एक निजी फर्म में काम करने वाला युवक बीती 4 दिसंबर से लापता है। लेकिन युवक घर वापस नहीं आया और ना ही आज तक उसका कोई सुराग लगा है। वहीं परिजनों की माने तो कल्याणपुर पुलिस 15 दिसंबर से तहरीर मिलने के बाद भी सीमा विवाद के चलते अभी तक गुमशुदगी दर्ज नहीं कर सकी है।

आवास विकास केशव पुरम केशव वाटिका निवासी गुमशुदा रितेश श्रीवास्तव की पत्नी शिखा श्रीवास्तव ने बताया कि वह पति पत्नी और सास गायत्री ससुर राजकुमार के साथ किराए की कॉलोनी में रहते हैं। पति 80 फिट रोड स्थित शर्मा इंटरप्राइजेज में कलेक्शन का काम करते हैं। फर्म मालिक जयंत गुप्ता द्वारा कलेक्शन के लिए पति को कई दिनों के लिए बाहर भेजा जाता था। पति चार दिसम्बर को सुबह ग्यारह बजे कह कर निकले थे कि वह मालिक के काम से शहर के बाहर जा रहे हैं। पति के चार पांच दिन बाद घर वापस नहीं आने पर संपर्क किया तो पति के तीनों फोन बंद थे। फर्म मालिक से फोन पर बात हुई तो फर्म मालिक ने उल्टा उन्हीं से रितेश के बारे में जानकारी मांगी। जिसके बाद उन्होंने 15 दिसंबर कल्याणपुर थाने में पति के गुमशुदा होने की तहरीर दी। वहीं चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पति के साथ अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार आशंकित है। वहीं बेटे की चिंता में ससुर की तबियत बिगड़ गई है। ऐसे में सास, ससुर को छोड़कर वह कहां पति की तलाश करे, अब पुलिस से ही आशा है।

## हार्डवेयर की दुकान को चोरों ने बनाया अपना निशाना, ले उड़े लाखों का माल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय के आगे जीटी रोड के समानांतर में बनी एक हार्डवेयर की दुकान से बुधवार की अर्ध रात्री में चोर लाखों रुपए का माल व नगदी ताला तोड़कर ले उड़े। सुबह जब दुकान मालिक दुकान पहुंचा तो घटना के बारे में जानकारी हुई। दुकान मालिक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के चक बांका गांव निवासी साहिल राठौर पुत्र विनोद कुमार की न्यू मनोज हार्डवेयर एंड सैनिटरी स्टोर में देर रात चोरों ने शटर के ताले तोड़कर दुकान में दाखिल होकर उसके अंदर रखा कीमती सामान जिसमें सैकड़ो की संख्या में फिटिंग की टोटी जो की डिब्बे व पैकिंग से निकालकर ले गए पन्द्रह हजार की नगदी व इनवर्टर सेट लगभग ढाई लाख रुपए का सामान चोर ले गए कई डिब्बे व पॉलीथिन दुकान के अंदर ही पड़े रहे सुबह दुकान मालिक मनोज राठौर जब दुकान खोलने पहुंचा तब उसे जानकारी हुई कि दुकान में तो चोरी हो चुकी है पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है इस मामले में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसौदिया ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संसद भवन के अंदर संसद सदस्यों पर हमला लोक तंत्र का अपमान- रमेश अवस्थी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी ने बीते दिन लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा के सांसद मुकेश राजपूत एवं प्रताप सारंगी को धक्का देकर घायल करने की घटना की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने इस कृत्य को लोकतांत्रिक परंपराओं का गंभीर अपमान करार दिया है।

श्री अवस्थी ने कहा कि मैं इस घटना का प्रत्यक्षदर्शी हूं मेरे सामने ही राहुल गांधी व उनके समर्थक सांसदों ने जिस तरह से सांसद मुकेश राजपूत को धक्का देकर गिराया और वह जब गिरकर बेहोश हो गए तो पीछे खड़े सांसद प्रताप सारंगी को भी उनके समर्थकों का जोरदार धक्का लगा और वो भी गिर गए एकाएक हुई घटना से हम सभी हतप्रभ थे आनन फानन में मैने अपने साथी सांसद मुकेश राजपूत को अस्पताल पहुंचाया।



**रमेश अवस्थी ने अपने बयान में कहा कि**

संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है, जहां जनता के प्रतिनिधि देशहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा और निर्णय लेने के लिए एकत्र होते हैं। ऐसी पवित्र जगह पर हिंसक और अमर्यादित आचरण लोकतंत्र की मर्यादा का हनन है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हमारे माननीय सांसदों पर हमला एक अलोकतांत्रिक, गैर-संसदीय और निंदनीय कृत्य है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी की यह गुंडागर्दी देश के हर नागरिक के लिए चिंता का विषय है। देश की जनता ऐसे कृत्यों का कड़ा जवाब देगी। भाजपा कार्यकर्ता और देश के नागरिक इस घटना से आहत हैं और इसकी तत्काल न्यायिक जांच की मांग करते हैं। रमेश अवस्थी ने इस घटना को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा स्थापित संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक परंपराओं पर हमला बताया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस अमर्यादित आचरण के लिए राहुल गांधी की तत्काल माफी की मांग की।

## पेचबाग में कब्जा मुक्त कराया 150 साल पुराना शिव मंदिर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

संभल के बाद अब कानपुर के पेचबाग इलाके में 150 साल पुराने शिव मंदिर को कब्जा मुक्त कराया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। मौके पर पहुंचे सनातन मठ-मंदिर रक्षा समिति के पदाधिकारियों ने साफ-सफाई की। पदाधिकारियों के अनुसार जीर्णोद्धार कराकर मंदिर को जल्द पूजा-अर्चना के लिए खोला जाएगा। इससे पहले बुधवार को भी हीरामन का पुरवा में दो मंदिरों से कब्जे हटवाए गए थे।

समिति के जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी उर्फ डब्बू ने बताया कि केडीए के जोन-1 में आरटीआई से मिली सूचना के मुताबिक 325 से ज्यादा मंदिर हैं। इनका निरीक्षण किया गया तो मुस्लिम क्षेत्रों में करीब 125 मंदिर ऐसे मिले जिन पर कब्जे हो गए हैं। इनमें से लगभग 90 फीसदी मंदिर ऐसे हैं जिनसे मूर्तियां तक गायब हो गई। कई जगह दुकानें खोल दी गईं हैं। यहां मंदिरों को पूरी तरह से खंडित कर दिया गया, लेकिन अभी भी उसके अवशेष हैं।

## कानपुर में पुलिस टीम पर किया गया पथराव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। बिठूर थाना क्षेत्र के हिंदूपुर गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर विवाद कर रहे लोगों द्वारा पथराव कर दिया गया। आरोपियों ने हेड कांस्टेबल के सिर पर एट मार दी जिसमें उसका सर फट गया। आनन-फानन में बिठूर थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना क्रम के मुताबिक गुरुवार को सिंहपुर नई बस्ती निवासी अंकित यादव ने पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी कि पपरिया प्रतापपुर हरी गांव बिठूर में उसकी जमीन पर गांव का रामचंद्र निषाद अपने लोगों के साथ मिलकर कब्जा कर रहा है। जिसके कारण गांव में विवाद हो गया और दोनों पक्षों के बीच लड़ाई झगड़ा हो रहा है। इस सूचना पर बिठूर थाने में तैनात पीआरबी 0411 मौके पर पहुंची। पीआरबी में हेड कांस्टेबल निखिल यादव हेड कांस्टेबल विकास, सुधाकर और राजेश मौजूद थे। पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और आपस में लड़ाई झगड़ा मारपीट कर रहे दोनों पक्षों को समझा बूझकर रोकने का प्रयास किया। मगर लड़ाई करने वाला पक्ष मानने को तैयार नहीं था। पुलिस कर्मियों ने लड़ाई झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों से कहा कि आप लोग एसडीएम के सामने प्रस्तुत होकर अपनी बात रखें। वही इस मामले में निष्कर्ष निकाल सकते हैं। झगड़े के बीच आरोपी पक्ष में से एक रामचंद्र निषाद ने पुलिसकर्मी की तरफ देखा और कहा कि आ गए सब रुपए लेकर। इस पर पुलिस कर्मी भड़क गए उन्होंने रामचंद्र को घसीट कर पीआरबी में बैठा लिया। तब तक उसकी तरफ से लोग भड़क गए और पुलिस पर पतराव शुरू कर दिया। पुलिस कर्मियों से धक्का मुक्की की। पथराव के दौरान हेड कांस्टेबल निखिल कुमार के सिर पर पीछे से ईट लगी और उसका सिर फट गया। इसके अलावा अन्य पुलिसकर्मी भी चुटहिल हो गए। हेड कांस्टेबल को घायल देखकर अन्य पुलिसकर्मीयों ने भाग कर पहले अपनी जान बचाई उसके बाद बिठूर थाने को सूचना दी।

## पश्चिमी विक्षोभ के साथ पलटेगी पछुवा, ठंड छुड़ाएगी कंपकंपी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** नया पश्चिमी विक्षोभ आने के बाद पछुवा पलटेगी और फिर लगातार बहेगी। हवा के साथ हिमालयी हवाएं कंपकंपी छुड़ा देंगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती घेरा दो-तीन दिन का मेहमान है। इसके बाद हवाओं का बहाव ढर्रे पर लौट आएगा। चक्रवाती घेरे के कारण हवाएं सुस्त होने के साथ उनका रुख तेजी से बदलता है। गुरुवार को जब तक धूप रही पारा चढ़ा रहा। लेकिन जैसे ही दिन ढलना शुरू हुआ ठंड और माहौल में गलन बढ़ गई। सुबह 7.40 बजे दृश्यता सामान्य दो किमी की तुलना में 370 मीटर पर रही। धूप के ढलते ही पारा गिर जा रहा है। गुरुवार दोपहर अधिकतम पारा सामान्य औसत से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। लेकिन रात का न्यूनतम पारा सामान्य औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण शाम को ठंड अधिक बढ़ रही है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SKN-MX-147-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.01.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3884/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ








पढ़ें पेज 12 पर...


हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024 | 06


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# महाकुंभ का आध्यात्मिक वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व

**लगभग 4,000 हेक्टेयर में फैले महाकुंभ में 40-45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के आर्थिक सलाहकार केवी राजू का दावा है कि अनुमानित 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के साथ, महाकुंभ से कम से कम 2 लाख करोड़ रुपये की आय हो सकती है। मुख्यमंत्री को सलाह देने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने अनुमान लगाया कि यदि प्रत्येक तीर्थयात्री 8,000 रुपये खर्च करता है, तो कुल आर्थिक गतिविधि 3.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है, जो इस आयोजन के विशाल वित्तीय महत्व को दर्शाता है।**

*आधुनिकता की उन्मत्त गति की विशेषता वाली दुनिया में, कुछ ही आयोजन ऐसे होते हैं जो लाखों लोगों को अपने से बड़े उद्देश्य की खोज में एकजुट करने की क्षमता रखते हैं। महाकुंभ मेला, 12 वर्षों की अवधि में चार बार होने वाला एक श्रद्धेय मेला, इस उद्देश का उदाहरण है। कुंभ मेला, दुनिया भर में सबसे बड़ा शांतिपूर्ण सम्मेलन है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री आते हैं जो अपने पापों को शुद्ध करने और आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं। तीर्थयात्री 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज की अपनी यात्रा की तैयारी करते हैं, वे आध्यात्मिक अनुष्ठानों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे और एक ऐसी यात्रा पर निकलेंगे जो भौतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सीमाओं को पार करती है। हर हिंदू उत्सव और अनुष्ठान के पीछे शास्त्रीय आधार होता है। उन्हें जोश और उत्साह के साथ-साथ एक ठोस वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक आधार के साथ सम्मानित किया जाता है। ये सभी विशेषताएँ मिलकर किसी त्योहार को मनाने या अनुष्ठान करने का कारण प्रदान करती हैं। इन अनुष्ठानों का उद्देश्य किसी व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्ग पर ले जाना है जहाँ वे पूर्ण मनोवैज्ञानिक संतुलन, नवीनीकरण और विश्राम प्राप्त कर सकें। महाकुंभ मेला एक ऐसा उत्सव है जिसमें विज्ञान, ज्योतिष और आध्यात्मिकता का समावेश होता है। महाकुंभ की तिथियों की गणना वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करके की जाती है, जिनमें से अधिकांश ग्रहों की स्थिति का उपयोग करते हैं। जब बृहस्पति ग्रह ज्योतिषीय राशि वृषभ में प्रवेश करता है, तो यह सूर्य और चंद्र के मकर राशि में प्रवेश के साथ मेल खाता है। ये परिवर्तन जल और वायु को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रयागराज के पवित्र शहर में पूरी तरह से सकारात्मक वातावरण बनता है। बस उस पवित्र स्थल पर होना और गंगा में पवित्र डुबकी लगाना आध्यात्मिक रूप से आत्मा को प्रबुद्ध कर सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक तनाव कम हो सकता है। ज्योतिष- यह उत्सव तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति कुछ निश्चित स्थितियों में होते हैं। नदी संगम- यह आयोजन नदी संगम पर होता है जहाँ सौर चक्र में विशिष्ट अवधियों में अद्वितीय शक्तियाँ कार्य करती हैं। जल माना जाता है कि यह आयोजन जलमार्गों के ऊर्जा मंथन से जुड़कर शरीर (72प्रतिशत जल) को लाभ पहुँचाता है। महाकुंभ मेला पूरे भारत से लोगों का एक विशाल जमावड़ा है जो पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के लिए आते हैं। यह आयोजन ज्ञान से भरा हुआ है और इसमें कई अनुष्ठान और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। कुंभ मेला न केवल दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम है, बल्कि आध्यात्मिक रूप से सबसे गहरा भी है, जो दुनिया भर से लाखों भक्तों, संतों और साधकों को आकर्षित करता है। प्रयागराज में अगला कुंभ मेला सार से फिर से जुड़ने, अपनी आत्मा को शुद्ध करने और सहस्राब्दियों से चली आ रही पवित्र यात्रा पर निकलने का एक अनूठा अवसर है। संक्षेप में, कई ग्रहों की स्थिति का हमारे ग्रह के जल और वायु पर प्रभाव पड़ता है। कुछ ग्रहों की स्थिति में, एक विशिष्ट समय के दौरान एक विशिष्ट स्थान के सकारात्मक ऊर्जा स्तर उच्च हो जाते हैं, जो आध्यात्मिक विकास और जागृति के लिए एक आदर्श वातावरण बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में महाकुंभ 2025 की तैयारी के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुल 5,500 करोड़ की 167 विकास परियोजनाओं का अनावरण किया।*

## एक्सप्रेस आलेख

**साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि एक देश एक चुनाव को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए।**

# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है 'एक देश एक चुनाव' में



आर.के. सिन्हा

**यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।**

एक देश एक चुनाव के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में एक देश-एक चुनाव का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफ़ी हाद थे कम किया जा सके । चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि एक देश, एक चुनाव से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को




**अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एजेंडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता एक देश एक चुनाव के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?**

कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है। एक देश- एक चुनाव के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आज़ादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आज़ादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि एक देश एक चुनाव को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एंजेडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता एक देश एक चुनाव के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 10:51 तक |
| नक्षत्रः | मघा 27:44 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | विष्कंभ, 18:14 |
| सूर्योदयः | 07:12 |
| सूर्यास्तः | 17:23 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 11:01-12:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:38 |

## जन एक्सप्रेस

### अजब शुरु व्यवहार !

*धक्का- मुक्की हो रही ।*
*अजब शुरु व्यवहार ।।*
*दिल से अपने काम को ।*
*दे रहे वो धार ।।*
*बन रही रणनीति ।*
*आगे की तैयारी ।।*
*देना उसको चकमा ।*
*मिली जो करारी ।।*
*मार्गदर्शन मिल रहा ।*
*हो जल्दी उद्धार ।।*
*दे रहे संकेत ।*
*जल्द चमत्कार ।।*
*मान कर सलाह ।*
*अग्रसर उस ओर ।।*
*सत्ता पाने को आखिर ।*
*है चिंता घनघोर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*मेरे देश की मिट्टी हमेशा याद दिलाती है।*
*हमारी तलवारें दुश्मनों पर कहर ढाती है।*
*हमें भारत माता की करनी है सुरक्षा,*
*आतंक से करनी है मानवता की रक्षा।*
*मंसूबे कितने भी मलिन हो दुश्मनों के,*
*मनोबल नहीं टूटेंगे देश के सैनिकों के।*
*आन बान,शान बनी रहे पवित्र तिरंगे की,*
*देश की रक्षा करेंगे कसम माँ गंगे की।*
*दुश्मन,बाहर के हो या अंदर के सुनों,*
*देश भक्त बनो या मृत्यु शैया को चुनों।*
*पवित्र धरा और निर्मल गंगा हमारी माँ है,*
*करोड़ों देशभक्तों की बसती इसमें जाँ है।*
*किसी और देश में बिकते होंगे ईमान ,*
*भारत में सिर्फ हैं देशभक्त सच्चे इंसान ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*संसार में समस्याएं किस को नहीं होतीं पर कोई समस्या से निखर जाता और कोई वहीं छोड़ जाता*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बढ़ते बच्चे की ग्रोथ में मदद करती है साइकिलिंग



**बचपन** लगभग हर बच्चे ने साइकिल चलाई होगी। साइकिल ही हमारा पहला वाहन होता है, जिसे हम खुद शौक से चलाते हैं। साइकिल चलाते समय बच्चे की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। वह एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए साइकिल का ही इस्तेमाल करता है। जबकि, कई बच्चे तो साइकिल से ही स्कूल जाना पसंद करते हैं। साइकिल चलाना बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए अत्यधिक लाभकारी मान जाती है। यह न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी मदद करती है। साइकिलिंग को एक मजेदार गतिविधि माना जाता है, लेकिन इसके फायदे इससे कहीं अधिक हैं।

**बच्चों की हाइट में सुधार करें:** नियमित रूप से साइकिल चलाने से बच्चे के पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती है और मांसपेशियों की ग्रोथ में सुधार होता है। ऐसे में बच्चे की हाइट में धीरे-धीरे सुधार दिखने लगता है।

**बच्चों के हृदय को स्वस्थ बनाएं:** साइकिल चलाना एक बेहतरीन एरोबिक व्यायाम है जो हृदय को मजबूत बनाता है। साथ ही, इससे रक्त संचार में सुधार आता है और हार्ट से जुड़ी समस्याएं कम होती हैं। नियमित साइकिल चलाने से बच्चों का हृदय और फेफड़े मजबूत होते हैं, जिससे आगे की लाइफ में उनको हृदय रोग का जोखिम कम होता है।

**बच्चे सामाजिक बनते हैं:** साइकिल चलाने से बच्चों और आस-पड़ोस के लोगों को सामाजिकता में मदद मिलती है। इस एक्टिविटी में बच्चा अन्य बच्चों के साथ मिलता है, नए दोस्त बनाता है। साथ ही, अपने बारे में अन्य लोगों के साथ बातें शेयर करता है। ऐसे में बच्चा फिजिकल एक्टिविटी में रुचि लने लगता है।

**बच्चे की स्ट्रेंथ बेहतर होती है:** साइकिल चलाने से बच्चों की स्ट्रेंथ बढ़ती है, जिससे वे बिना थके लंबे समय तक शारीरिक गतिविधियों में एक्टिव रह सकते हैं। स्ट्रेंथ बढ़ने से बच्चों की फिटनेस और एनर्जी का लेवल हाई पर रहता है।

**बच्चे के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी:** साइकिल चलाने से बच्चों में आत्मविश्वास आता है। साथ ही, बच्चा नई चीजों को सीखना शुरू कर देता है। साइकिल चलाना सिखने के बाद बच्चा अकेले घूमने के खुद को मजबूत बनाता है। ऐसे में अभिभावक भी बच्चों के साथ साइकिलिंग कर सकते हैं। इससे दोनों के संबंध और गहरे होते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# आधुनिक जीवन में ध्यान की प्रासंगिकता



गिरीश्वर मिश्र

**जब हमारा मस्तिष्क विचारों के भार से मुक्त या कहें स्वच्छ रहता है तो नए विचारों की स्वीकार्यता बढ़ जाती है। तब नए दृष्टिकोण आते हैं, नई उद्भावनाएँ आती हैं और अनसुलझी समस्याओं को सुलझाने के लिए सूझ भी मिलती है। सीखने के लिए उचित परिवेश जरूरी है।**

**ध्यान का अभ्यास करने के दौरान कई तरह की बाधाएँ आती हैं। ध्यान करने वाले को साक्षी भाव अपनाते हुए इन बाधाओं की उपेक्षा करनी चाहिए। चूँकि मन बड़ा चंचल होता है, ध्यान को लेकर अक्सर प्रतिरोध भी अनुभव किया जाता है जो निरंतर अभ्यास से नियंत्रित होता है। धीरे-धीरे ध्यान की अवधि और गहनता बढ़ाई जाती है। इसी जटिलता के कारण गुरु की आवश्यकता पड़ती है।**

**ध्यान** किसी तरह का धार्मिक उपक्रम नहीं है। यह बाहर से हट कर अंदर के अनुभवों को सम्बोधित करने वाला वैचारिक (रिफलेक्टिव) प्रयास है। एकाग्रता तथा अवगत या सचेत होना ही इसका मुख्य आधार है जो वर्तमान में बने रहने और मन की शांति को रेखांकित करता है। दरअसल आँख, कान, नाक, त्वचा आदि हमारे सभी संग्राहक बाहर की दुनिया से लगातार उद्दीपक लाते रहते हैं और उस सारी सामग्री की हमारे मन को व्याख्या करनी पड़ती है। हमारी आँखों से एकत्रित सूचनाओं की बाहर की दुनिया से मिलने वाली सम्पूर्ण सूचनाओं के करीब दो तिहाई भाग की हिस्सेदारी होती है। ये सारी सूचनाएँ हमारे चेतन मन पर असर डालती हैं। तनाव के क्षणों में मन अंदर और बाहर से पैदा होने वाले विचारों से जूझता है। ये विचार ध्यान पाने के लिए आपस में प्रतिद्वंदिता करते हैं और एक-दूसरे से टकराते भी हैं । सूचनाओं की बढ़ती मात्रा से सूचना का अतिभार पैदा होता है। तब अवधान की एकाग्रता घटने लगती है। एक साथ भारी संख्या में आते विचारों की अव्यवस्थित भीड़ का तनाव के अनुभव से बड़ा गहरा रिश्ता है। कहते हैं ध्यान का कार्य एक ब्लैकबोर्ड पर चाक से की गई सारी लिखावट को डस्टर से साफ करने जैसा होता है। ध्यान मानसिक कोलाहल हटा कर संतुलन लाने का काम करता है। सूचना और संचार की शब्दावली में कहें तो ध्यान करने से हमारी चेतना की बैंडविड्थ बढ़ जाती है। ध्यान कई प्रकार का होता है। इसे सिर्फ विचार या कल्पना मान लेना ठीक न होगा। ध्यान के अंतर्गत आदमी सजग और सचेत होकर अपने भीतर की ओर गहन स्तर पर केंद्रित होता है। इसे आंतरिक ध्यानाकर्षण भी कह सकते हैं। ध्यान को मुख्यतः दो भागों में रखा जाता है। एकाग्र ध्यान तथा सचेत ध्यान इसके दो मुख्य प्रकार पहचाने गए हैं। एकाग्र ध्यान करने में किसी एक विचार पर अवधान (अटेंशन) को केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत किसी मंत्र, शब्द या ध्वनि पर अवधान केंद्रित करना सम्मिलित है। एकाग्र होने से मन भटकता नहीं है। ध्यान के फलस्वरूप होने वाले मुख्य अनुभवों में आंतरिक एकाग्रता, प्रशांति और सहज भाव मुख्य होते हैं। ध्यान में वर्तमान का सम्पूर्ण अनुभव होता है। भावातीत ध्यान भी इसी तरह का है जो पश्चिम में बड़ा लोकप्रिय हुआ। सचेत ध्यान (माइंडफुलनेस मेडिटेशन) में सभी आ रहे विचारों को स्वीकार किया जाता है और उनको नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की जाती है। बिना किसी निर्णय या भावनात्मक लगाव के उनको अनुभव किया जाता है। जेन ध्यान, विपश्यना, प्रेक्षा ध्यान, सहज ध्यान आदि कई प्रकार के ध्यान की परम्पराओं का विकास हुआ है। वस्तुतः ध्यान से हमारी चेतना की दशा में बदलाव आता है। विस्तार में कहें तो देश और काल के अनुभव, वर्तमान की उन्मुखता, ग्रहणशीलता में वृद्धि और स्वयं को अतिक्रांत करने की वृत्ति जैसे बदलाव प्रमुखता से पाए गए हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि ध्यान लगाने से जैविक शारीरिक स्तर पर अनेक परिवर्तन आते हैं। इनमें आक्सीजन की खपत में कमी, हृदय गति का धीमा होना तथा रक्तचाप कम प्रमुख हैं। ध्यान करने से मस्तिष्क में अल्फ़ा तरंगें अधिक होती हैं। ध्यान के लिए जरूरी है कि शांत स्थान पर आराम से स्थिर बैठने का अभ्यास किया जाए। तब श्वांस को सहज बना कर साक्षी भाव अपनाते हुए मन में आ-जा रहे विचारों की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। स्वीकार करने की मनोवृत्ति के साथ केंद्रित और अविचलित बने रहना ध्यान की बड़ी उपलब्धि होती है। कहते हैं कि ध्यान एक मानसिक झाड़ू जैसा होता है जो मन के सभी कोनों में सफाई कर देता है। ध्यान मन की स्थिति है जिसके लिए एकाग्रता का अभ्यास जरूरी होता है। वस्तुतः ध्यान हमारी चेतना का अंतरण है। यह एक व्यवस्थित और पद्धतिबद्ध प्रक्रिया है। अभ्यास के साथ शरीर, स्वांस, इंद्रियाँ और मन इन सभी पर हम क्रमशः केंद्रित होते चलते हैं। आमतौर पर योगासन, स्ट्रेचिंग, आराम (रिलैक्सेशन), श्वांसन अभ्यास के बाद ज्ञान मुद्रा के साथ सुखासन या पद्मासन में बैठ ध्यान किया जाता है। ऐसे में अहं को चेतना के केंद्र की ओर ले जाना सम्भव हो पाता है। शांति, आनंद, स्वतंत्रता ही हमारी मूल प्रकृति है। जीवन और मृत्यु, आगमन-प्रस्थान सरीखे होते हैं। आंतरिक विकास तथा आत्मा और स्व के प्रति जागरूकता ध्यान की श्रेष्ठ उपलब्धि है। ध्यान के सतत अभ्यास से तनाव का प्रतिरोध संभव होता है और मानसिक शांति की अवस्था में वृद्धि होती है। ध्यान से आनंद में वृद्धि तथा अनुभव में संतुष्टि, स्पष्टता और सजगता आती है।

# भूमि तो गई पुत्र से भी हाथ धोना पड़ा 5 माह से न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है पीड़ित

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**पीड़ित ने विपक्षी का दिया साथ विपक्षी ने पीड़ित के साथ किया विश्वासघात भूमि गयी बेटा भी ग़ायब विशेष समुदाय का कहर से पीड़ित आत्महत्या के लिए मजबूर**

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री द्वारा तरह-तरह की योजनाएं बनाई गई है जैसे थाना समाधान दिवस तथा फरियादियों के लिए अगर वह थाने चौकी जाते हैं तो उनसे अच्छा प्रस्ताव किया जाए लेकिन इसके पलट दूसरा नजर सामने आ रहा है एक वृद्ध जिसके पत्नी भी नहीं है एक बड़ा पुत्र था क्ष बुढ़ापे की लाठी उसकी भी अभियुक्त ने गायब कर दिया है वजह सिर्फ अभियुक्त की विपक्षियों ने धोखाधड़ी से जमीन का फर्जी बैनामा कराया मामला जब फूल पड़ा अभियुक्त जेल गए तो उन्होंने इस गरीब रथ को दबाने के लिए इसके पुत्र को हरियाणा भिजवाया हरियाणा से पुत्र वापस नहीं आया न्याय की गुहार लगा पीड़ित 5 महीने से दर-दर भटक रहा है जिसे आश्वासन का लॉलीपॉप तो दे दिया जाता है लेकिन न्याय नहीं मिलता बताते चलें प्रधान थाने में तैनात एक दिवान प्रमोद जो इस पूरे मामले को हैंडल कर रहा है जिसके इशारे पर पीड़ित को न्याय मिलने में रोड़ा उत्पन्न हो रहा है बताते चलें जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित अनुसूचित जाति का है पीड़ित के खानदानी मंगले मिश्री व पोखई पुत्रगण पुत्तू अपनी भूमि गाटा संख्या 82 को पड़ोसी गांव रसूलपुर के निवासी जाबिर पुत्र अली असगर ग्राम रसूलपुर चौकी नकहा पिपरी थाना फरधान खीरी के हाथ बेचना चाहते थे। नियमानुसार हरीजन की भूमि हरिजन ही खरीद सकता। इस लिए हरिजन होने के नाते विपक्षी जाबिर ने उक्त भूमि पीड़ित के बैनामा कर दिया उक्त भूमि ने खेती कर रहा था पांच महीने बाद जाबिर पीड़ित के घर आया बोला मुझे परमीशन जिला अधिकारी का लेना है और सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिया जाबिर ने गाटा संख्या 82 के साथ साथ पीड़ित की भूमि गाटा संख्या 61,63,81 का बैनामा पीड़ित की जगह बाबू पुत्र हेमराज को खड़ा करके जाबिर ने अपनी पत्नी अखतरून के नाम करा दिया। जो जांच का विषय यह की पीड़ित न तहसील गया न अन्य किसी जगह उक्त प्रकरण में जांच हेतु एसडीएम नायब तहसीलदार क्षेत्रीय लेखकपाल मौके पर गये थे विपक्षी से बैनामा और परमीशन का कागज मागा विपक्षी ने बैनामा तो दिखा दिया परंतु परमिशन का आर्डर नहीं दिखाया जिससे राजस्व टीम द्वारा बैनामा फर्जी करार दिया गया जिसमें 420 में जाबिर बाबू दो बार जेल भी जा चुके हैं। उसके बाद भी पीड़ित की भूमि का फर्जी बैनामा कैंसिल नहीं किया गया विपक्षियों द्वारा जान माल की धमकी दी जा रही है। जिसका परिणाम पीड़ित के बड़े पुत्र परशुराम को जाबिर ने अपने पुत्र नाजिम मास्टर से रामकिशन पुत्र दुजई के साथ षड्यंत्र रच कर बिरजू, प्रकाश पुत्रगण छब्बू, राजा, विकास, पुत्रगण करन निवासी महमदपुर चौकी नकहा पिपरी थाना फरधान जिला खीरी महातिया पुत्र विपिन विजयपाल पुत्र संतु के साथ हरियाणा भेज दिया पांच माह हो गये हरियाणा पुत्र को ले जाने सभी लोग आ गये पुत्र नहीं आया जिसकी सूचना फरधान थाने को दी पुलिस ने विपक्षी जाबिर से सुलह कर लेने के बाद पुत्र सुपूर्द करने की बात कही पीड़ित ने सुलह से मना कर दिया तो दिवान प्रमोद ने कहा कुछ भी कर लो न अब तुम जाबिर का कुछ कर पाओगे न भूमि मिलेगी न पुत्र विपक्षियों की बात सच साबित हो रही है पांच मन हो गए हैं न्याय के लिए पीड़ित दर-दर भटक रहा है ना उसे जमीन मिलने बैनामा खारिज होने की कोई दूर तक उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है ना ही पुत्र के मिलने की कोई आस देख रही हैं इस मामले में जनपद की तेज तर्रार जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित को न्याय दिलाने का आदेश देती है कि पीड़ित इसी तरह दर-दर भटकते हुए न्याय की आस छोड़ देगा यह भविष्य के गर्भ में है।

# मां देखती रही नाबालिग पुत्री को उठा ले गया दबंग

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र में पीड़ित संजू पत्नी नरसिंह निवासी ग्राम -मिर्जापुर मजरा बेलिहान,थाना-फबेहड़ जिला खीरी ने बताया 12.अक्टूबर.2021 को मुकदमा संख्या 456/2024 अंधारा-173(2), 87, बी0एन0एस0 में एफआईआर दर्ज करायी थी पीड़िता की नाबालिग पुत्री शिखा आयु लगभग 15 वर्ष को थाना-फूलबेहड़ जिला-खीरी की पुलिस बरामद कर न्यायालय में 183 बी0 एन0 एस0 एस0 के बयान कराकर नाबालिग पुत्री शिखा को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर पीड़िता पुत्री के घर पर रह रह थी।लेकिन थाना फूलबेहड की पुलिस द्वारा अभियुक्त कवि कुमार पुत्र घुरऊ निवासी ग्राम बैचला फार्म तिरकोलिया थाना पलिया जिला खीरी को गिरफ्तार न करके खुला छोड़कर दिया जिस परिणाम- 17. दिसम्बर. 2024 को समय करीब 5 बजे सुबह की है पीड़िता की पुत्री शिखा अपने घर से शौच के लिये निकली ही थी कि तभी कवि पुत्र घुरऊ व आकाश पुत्र प्रेमचन्द निवासी ग्राम मिर्जापुर गजरा-बेलिहान, थाना-फूलबेहड़ जिला-खीरी ने पीड़िता को जबरन असलहा लगाकर उठा लिया और मोटर साइकिल पर बैठा लिया। पीड़िता के शोर करने पर गाँव के काफी लोग आ गये और पीछा किया तो आकश पुत्र प्रेमचन्द्र ने कहा कि वापस लौट जाओ नहीं तो तुम लोगो को तमन्चा से गोली मार दूँगा और कहा कि थाना-फूलबेहड़ की पुलिस से हम लोगो ने साठ गांठ कर लिया है तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे अब इसको हम लोग अपने घर बतौर पत्नी बनाकर रखेगे। पीड़िता ने उक्त घटना की सूचना उसी दिन थना-फूलबेहड़ पर दिया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित- 18.दिसबर.2024 को बाल कल्याण समिति लखीमपुर खीरी के समक्ष पेश होकर शिकायत पत्र दिया।

# ठंड से बचाव के लिए गोवंशों के लिए की जाए फूलप्रूफ व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । बहराइच

पशुपालन विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं, निराश्रित गोवंश तथा वृहद गो संरक्षण केन्द्र के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती हुई जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निराश्रित गोवंशों को आस-पास के आश्रय स्थलों में संरक्षित किये जाने के निर्देश दिए। विदित है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में निराश्रित गोवंश को पकड़कर आसपास के आश्रय स्थलों में संरक्षित किए जाने हेतु पूर्व में अभियान चलाया गया था। उक्त अभियान में कम संख्या में गोवंशों को पकड़े जाने पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य निर्धारित कर मुख्य मार्गों एवं हाई-वे को निराश्रित गोवंशों से मुक्त कराये जाने हेतु अधिक से अधिक गोवंशों को पकड़ कर एक सप्ताह में अस्थाई गो आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाय। डीएम ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अन्तर्गत गोदान परिवारों को किये जाने वाले भुगतान की समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि 02 दिवस के अन्दर लाभार्थियों के खातों में धनराशि अन्तरित की जाये अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जायेगी।

गो आश्रय स्थलों का रात्रि में भ्रमण न किये जाने पर डीएम ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी गो आश्रय स्थलों का रात्रिकालीन औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहें और सभी प्रबंध मानक के अनुरूप कराएं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सभी बिन्दुओं यथा चारा, पानी, रहने इत्यादि व्यवस्थाओं को देंखे। डीएम मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वयं भी नियमित रूप से गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करें तथा प्रत्येक माह बीडीओ, पशुपालन विभाग के अधिकारियों तथा अन्य सम्बन्धित के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार चारा, पानी, रहने की समुचित व्यवस्था, तिरपाल, शेड, अलाव व ईलाज इत्यादि का प्रबन्ध सुनिश्चित कराएं। डीएम ने यह भी कहा कि शीत ऋतु को देखते हुए गोआश्रय स्थलों में तिरपाल व टीनशेड की विशेष व्यवस्था करायी जाय तथा पशुओं को ठंड से बचाने के लिए वहां पर अलाव की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशो में शत प्रतिशत ईअर टैकिंग कराएं तथा केसीसी लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें।

डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी गो आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये साथ ही क्षेत्र पंचायतों में आवश्यकतानुसार कैटल कैचर क्रय करते हुए समस्त क्षेत्र पंचायतों में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सत्यापन कार्य हेतु प्रथमतः मौके पर जाकर भौतिक निरीक्षण किया जाए तदुपरांत मानक के अनुरूप उल्लिखित विशिष्टताओं की पूर्णता के आधार पर ही सत्यापन की कार्यवाही की जाय। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित मानक के अनुसार गोआश्रय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं विशेषकर हरा चारा का प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाए। गो आश्रय स्थल पर चारागाह हेतु उपलब्ध भूमि पर यदि अतिक्रमण है तो उसे तत्काल खाली कराएं और वहां पर संरक्षित गोवंशों के लिए हरे चारे की बुआई करा दी जाय। हाईवे के किनारे स्थित गांवों में सोलर लाइट लगवायी जाय तथा वहां पर लोकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी जाय। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बीएलबीसी की बैठकों में पशु चिकित्साधिकारियों को भी बुलाया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सम्बन्धित एसडीएम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी राजेश कुमार उपाध्याय, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, एलडीएम जितेन्द्र नाथ, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# तहसील सदर में 16 जनवरी को आयोजित होगा तालाब आवंटन शिविर

- **उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 व उ.प्र. राजस्व संहिता नियमावली 2016 में वर्णित उपबन्धों के अनुसार चलेगी प्रक्रिया**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

तहसील सदर अन्तर्गत उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 व उ.प्र. राजस्व संहिता नियमावली 2016 में वर्णित उपबन्धों के अनुसार मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का दस वर्षीय पट्टा किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि तहसील बहराइच सदर स्थित सभागार में 16 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11 से होने वाली नीलामी के लिए नायब तहसीलदार सदर को नीलाम अधिकारी नामित किया गया है। एसडीएम सदर ने बताया कि तहसील अन्तर्गत ग्राम कुसौर में खसरा नम्बर 465 क्षेत्र 0.5480 हे. व ख.सं. 365 क्षेत्र 0.2650 हे., सरबदहा में ख.सं. 192 क्षेत्र 1.0040 हे. व ख.सं. 247 क्षेत्र 0.4050 हे., बहादुरचक में ख.सं. 411मि. 0.3940 हे., सिटकहनाजोत केशव में ख.सं. 659मि. क्षेत्र 0.5430 हे., गौड़रिया में ख.सं. 491मि. क्षेत्र 0.6560 हे. व ख.सं. 248मि. क्षेत्र 0.4660 हे., बुलहा में ख.सं. 54ग क्षेत्र 0.3760 हे., नसरापुर में ख.सं. 59 क्षेत्र 0.4660 हे., हरिहरपुर में ख.सं. 34 क्षेत्र 0.2950 हे. व ख.सं. 298 क्षेत्र 0.2060 हे., बभनी परगना हिसामपुर में ख.सं. 121 क्षेत्र 0.5020 हे. व ख.सं. 1/1 क्षेत्र 1.0680 हे., बड़ागांव परगना बहराइच में ख.सं. 516ख क्षेत्र 0.2370 हे., कमलाजोत में ख.सं. 51 क्षेत्र 0.2370 हे. व ख.सं. 22ख क्षेत्र 0.2940 हे., लौकना में ख.सं. 519 क्षेत्र 0.2420 हे., कुरवारीमाफी में ख.सं. 285 क्षेत्र 0.6260 हे. व ख.सं. 109 क्षेत्र 0.4560 हे., अलिया बुलबुल में ख.सं. 194 क्षेत्र 0.4620 हे. व ख.सं. 209 क्षेत्र 4.7840 हे., हुडरू में ख.सं. 600ख क्षेत्र 0.7650 हे., खैरी दिकौली में ख.सं. 110मि. क्षेत्र 2.5300 हे. तथा ग्राम बनवारी गोपालपुर में ख.सं. 845 क्षेत्र 3.9580 हे. का नीलामी पद्धति से दस वर्षीय पट्टा किया जायेगा।

सदर ने बताया कि 0.5 एकड़ से लेकर 02 हेक्टेयर तक के क्षेत्रफल के तालाबों की नीलामी मछुआ समुदाय के लोगों को तथा 02 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के जालाब की नीलामी सहकारी समितियों के हक में की जायेगी। एसडीएम ने बताया कि तहसील स्थित रजिस्ट्रार कानूनगो के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर पट्टे की शर्तों एवं नीलामी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## खेत की रखवाली करने गए किसान की मौत, नाले में मिला शव



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बुधवार को गांव चिकनाजती निवासी सियाराम रैदास (60) पुत्र भूप अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल की रखवाली करने गए थे, लेकिन जब वह देर शाम तक घर वापस नहीं आए तो परिवार वालों ने उनकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह उनका खेत के समीप नदी से निकले पानी भरे नाले में शव उतराता देखा गया। इससे सनसनी फैल गई। सूचना पर रोते-बिलखते परिवार के लोग तमाम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। शव देख परिवार वालों में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और परिवार वालों से जानकारी ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर ही साफ हो सकेगी।

# किशोरी से दुष्कर्म के 03 आरोपियों को 20 वर्ष का कठोर कारावास

- **पाक्सो कोर्ट का फैसला, कोर्ट ने 70 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया, रंग लाया पुलिस विभाग का आपरेशन कनविक्शन**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/ त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पाक्सो एक्ट के तीन अभियुक्तों को बीस वर्ष के सश्रम कारावास तथा 70 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट दीप कान्त मणि की ओर से सुनाए गए फैसले के दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ता तथा वादी और अभियुक्त पक्ष के अनेक लोग उपस्थित रहे।

वादी द्वारा दी गयी लिखित सूचना के आधार पर वादी की 14 वर्षीय लड़की (पीड़िता) को गाँव के ही लालू पुत्र इकराम व शब्बू पुत्र हसन एक रात बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गये। साथ में पीड़िता के सोने चांदी के जेवर, 16,000 नकद व एक मोबाइल फोन भी ले गये। पीड़िता को चार पहिया वाहन से ले जाते गाँव के एक व्यक्ति ने देखा, वादी को सूचना मिलने पर पीड़िता की काफी तलाश की, नहीं मिली तो लालू व शब्बू के घर पूछने गया, जिसपर दोनों ने प्रार्थी को उल्टी सीधी बातें कही। जिस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नानपारा में वादी के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 19.08.2014 को मु0अ0सं0 647/2014 धारा 363, 366 भा.द.वि. बनाम 1. लालू, 2. शब्बू के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक उ0नि0 अशोक सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त लालू व शब्बू तथा प्रकाश में आये अभियुक्त बब्लू पुत्र इकराम के विरुद्ध आरोप-पत्र अन्तर्गत धारा 363, 366, 376ड़, 452, 392, 506 भा.द.वि. व 5द/6 पॉक्सो एक्ट विचारण हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु दिनांक 22.11.2015 को प्रेषित किया गया। फैसला सुनाए जाने में प्रभारी थाना कोतवाली नानपारा, मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, विशेष लोक अभियोजक सन्त प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह व सुरेन्द्र मौर्या तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 बृजेश कुमार साहनी व थाना पैरोकार आरक्षी निसार अहमद की विशेष भूमिका रही।

# 126 मतों से उपचुनाव जीतकर पलिया नगरपालिका की अध्यक्ष बनीं भाजपा की लक्ष्मी देवी गुप्ता

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पलियाकलां नगर पालिका अध्यक्ष के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने जीत दर्ज की है। उपचुनाव की मतगणना पलिया मंडी समिति में बृहस्पतिवार को सुबह 8ः00 बजे से शुरू हुई। दोपहर करीब 1ः00 बजे के बाद नतीजे घोषित किए गए। स्वर्गीय केबी गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने 126 मतों से जीत हासिल कर नगर पालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा जमाया है। दूसरे नंबर पर सपा प्रत्याशी महमूद हुसैन खान रहे।पलिया मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना कराई गई। तीन जगह पर चेकिंग के बाद मतदान



कर्मियों और अभिकर्ताओं को अंदर घुसने दिया गया। यहां तक कि दो जगह पर मीडिया को भी चेक करने के बाद मतगणना स्थल पर प्रवेश दिया गया। दोपहर 1ः00 बजे के बाद उपचुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया।

भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने 6330 मत पाकर जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर रहे महमूद हुसैन खान को 6204 मतों से संतोष करना पड़ा। तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी आलोक मिश्रा रहे जिनको 5594 मत मिले। कांग्रेस के मोइन अहमद जावेदी को 314, निर्दलीय प्रत्याशी अली जान को 224, कुंता अग्रवाल को 89, ज्ञान प्रकाश को 24 मतों से संतोष करना पड़ा। 12 मत नोटा पर पड़े। कुल 19085 मतों में 18791 मत वैध निकले और बाकी अवैध घोषित किए गए। अवैध मतों की संख्या 294 रही।

# एक्सप्रेस खबरें...

## दिन दहाड़े तेंदुए ने खेत में चर रही दो बकरियों को मार डाला, ग्रामीणों में दहशत

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जंगल से सटे गांवों में रात के समय जंगली जानवरों के हमले रोकने के लिए बड़े पैमाने पर एलईडी लगवा रहा है। वहीं जंगल से निकलकर एक तेंदुए ने मिहींपुरवा नगर में दस्तक देकर दिन दहाडे पालतू मवेशियों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो बकरियों की मौत हो गई। इस हमले से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में मोतीपुर रेंज के अन्तर्गत मिहींपुरवा नगर के वार्ड नंबर पांच में गुरुवार को दिन दहाड़े अपराह्न लगभग तीन बजे एक तेंदुए नें खेत में चर रही दो बकरियों पर हमला कर शिकार बना लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी । जिसके बाद वन दरोगा देवता दीन तिवारी तथा वाचर अवधेश मौके पर पहुंचे। वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को जागरुक करते हुए सचेत रहने की सलाह दी है।

## सपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी के नेतत्व मे सपाइयों ने अम्बेडकर पर टिप्पणी करने पर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। आज सपा के अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो सपाईयों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार के गृहमंत्री द्वारा बाबा



साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी किए जाने से आक्रोशित हो उनके खिलाफ कार्यवाही का ज्ञापन एसडीएम राठ को सौंपा। इस दौरान अनेक सपाई मौजूद रहे। सपा की अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर यह साबित कर दिया है कि वह अभी पूरे देश में मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं। जो पिछड़ी, अनुसूचित व जनजाति सहित अन्य वर्गों के लिए जनहितकारी नहीं है। ऐसे में सभी समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपने समाज का निर्माता मानते हुए देश के राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राठ को देते हुए ऐसे गृह मंत्री के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इससे पहले सपाइयों ने एसडीएम अभिमन्यु कुमार व सीओ राजकुमार पांडेय को बाबा साहेब का चित्र भी भेंट किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रामसजीवन यादव, सपा नेत्री राजपूत चंद्रावती वर्मा, पूर्व विधायक अनिल अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य नौरंगा विमलेश कुमारी अहिरवार,नगर अध्यक्ष मेराज राइन, मुलायम सिंह युथ बिग्रेड के निवर्तमान जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता दानिश खान सहित अनेकों सपाई मौजूद रहे।

## श्री राम-कथा अमृत महोत्सव को लेकर महिला मित्र मण्डली की तैयारी बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। श्री राम-कथा अमृत महोत्सव लखीमपुर को लेकर महिला मित्र मण्डली की तैयारी बैठक स्थानीय मारवाड़ी मन्दिर पर की गयी, जिसमे कथा के उपरान्त भक्तों हेतु जो भोजन प्रसाद की गयी है उसके लिये श्रीराम परिवार मित्र मण्डली (मातृ शक्ति) का गठन पूनम मित्तल अध्यक्ष महिला समाज अग्रवाल सभा के नेतृत्व में किया गया और निर्णय लिया गया कि समस्त जिम्मेदारी मातृ शक्ति उठाएगी। बैठक में पूनम मित्तल के साथ दिव्या शर्मा, मीना अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, रती शेखर, रुपाली शेखर, पारुल गुप्ता आदि।

# नहरों में नहीं पानी तो कैसे खेती करें किसान



जन एक्सप्रेस । मनदीप जायसवाल

**पयागपुर, बहराइच।** दिसंबर का तीसरा सप्ताह बीत रहा है किन्तु खेती की लाइफ लाइन कहलाने वाली नहरों में पानी नहीं आने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिचनी शुरू हो गई। किसान बुवाई नहीं कर पाए हैं जिन्होंने बुवाई कर ली थी और उनकी फसले अब पानी के बिना सूख रही है। बताते चले कि क्षेत्र में रवी की फ़सल बोई जा चुकी है। नवंबर में बुवाई करने वाले कृषकों के गेहूं को पानी की आवश्यकता भी पड़ने लगी है। गन्ने की फसल में भी सिंचाई की आवश्यकता है। क्षेत्रीय कृषकों की माने तो हजारों एकड़ खेती नहरों से आने वाले पानी पर आश्रित होती है। इसीलिए नहरों को खेती की लाइफ लाइन भी कहा जाता है। लेकिन इस बार हालत कुछ अलग कहानी बया कर रहे है। फसलों की जीवन रेखा माने जाने वाली नहरों के हलक अभी तक सूखे है अर्थात अभी नहरों में विभाग द्वारा पानी नहीं छोड़े जाने से सिंचाई को लेकर क्षेत्रीय कृषकों को फसलों की वृद्धि को लेकर चिंता होने लगी है। क्षेत्रीय कृषकों का कहना है यदि शीघ्र ही नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया तो रवि की फसल गेहूं, जौ चना, बरसीम, पटसन, लाही और लाहा की फसलों का उत्पादन प्रभावित होगा। साथ ही साथ गन्ने की फसल में भी नुकसान होने की पूरी संभावना है। क्षेत्रीय कृषक बसंत कुमार सिंह, उमा शंकर तिवारी, ददाऊ शुक्ला, चंद्र वीर सिंह सहित दर्जनों कृषकों ने बताया कि अधिकारियों से नहरों में अति शीघ्र पानी छोड़े जाने की मांग की है। लेकिन अभी तक पानी छोड़ा नहीं गया है।

## सुमेरपुर के चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर की मांग तेज, उप मुख्यमंत्री से मिले समाजसेवी

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। आये दिन नेशनल हाईवे 34 में होने वाली सड़क दुर्घटना से पूरा बुन्देलखण्ड भयभीत रहता है और उसके बाद बदहाल स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर यहाँ के लोग चिंतित रहते है इस लिये यहाँ के लोगो ने सड़क से सटे स्थान पर ट्रामा सेण्टर बनाने की मांग रखी जिसमे जनपद के सुमेरपुर क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना को मांग को लेकर स्थानीय समाजसेवियों ने उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर ट्रॉमा सेंटर के लिए उचित स्थान का चयन करते हुए हाइवे किनारे चंद्रपुरवा में ट्रामा सेंटर बनाए जाने की मांग की है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। समाजसेवी पुनीत पालीवाल, महेश सिंह राणा, प्रदीप निषाद ने उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को अवगत कराया है कि कुरारा क्षेत्र के रिठौरा डांडा में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की योजना बनाई जा रही है, लेकिन यह स्थान डूब क्षेत्र (बाढ़ग्रस्त) और ऊबड़-खाबड़ जमीन वाला है, जो जिले के लिए अनुपयुक्त है। वहीं, सुमेरपुर के चन्द्रपुरवा में ग्राम समाज की पर्याप्त समतल भूमि (गाठा संख्या 443) उपलब्ध है, जो निर्विवाद और हर दृष्टि से उपयुक्त है। चन्द्रपुरवा का भौगोलिक स्थान भी हमीरपुर मुख्यालय, मौदहा, सुमेरपुर, मुस्करा और कुरारा ब्लॉक के बीच में स्थित है, जिससे सभी ब्लॉकों के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां से महज 3 किमी दूर ग्रीन हाईवे (रमईपुर से कबरई) भी स्वीकृत है, जिससे आने-जाने में भी आसानी होगी। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर की उपयुक्त स्थापना के लिए चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर बनाने की अपील की और कहा कि इससे न केवल हमीरपुर जिले के लोगों को बल्कि बांदा जनपद के जसपुरा ब्लॉक के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि यह स्थान रेलवे स्टेशन के नजदीक और नेशनल हाईवे-34 पर स्थित है, जो दुर्घटना और आपातकालीन चिकित्सा के मामलों में तत्काल इलाज के लिए उपयुक्त होगा उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से इस मांग को गंभीरता से लेने और चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने की अपील की है। उनका कहना है कि हमीरपुर जिला बुंदेलखंड का पिछड़ा इलाका है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। ऐसे में चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना से पूरे जिले को चिकित्सा सेवाओं में बड़ी राहत मिलेगी।

## घर में घुसकर दूसरे समुदाय के युवक ने युवती से की छेड़छाड़ रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। घर में घुस कर दूसरे समुदाय के एक युवक ने 20 वर्षीय युवती को दबोच लिया और उससे छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली-गलौज की। बहन के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बताते चलें थाना नीमगांव के एक गांव में निवासी युवती ने बताया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। वह अपनी मां और बहन के साथ रहती है। घटना 16 दिसंबर 24 शाम करीब 6ः30 बजे की है। वह घर पर अकेली थी। उसे अकेला पाकर गांव का ही इम्तियाज घर में घुस आया और उसे दबोच कर छेड़खानी करने लगा। उसने जब विरोध किया तो गाली गलौज की और जान से मार देने की धमकी देने लगा। शोर-शराबा मचाने पर उसकी बहन और आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी मौके से भाग निकला। कुछ देर बाद आरोपी इम्तियाज अली अपने साथी आबिद, रसीद उर्फ साधु और रहमान के साथ उसके घर पर दोबारा आ धमका और गाली-गलौज करने लगा। दुष्कर्म कर हत्या करने की धमकी भी दी है। घटना के बाद से ग्रामीणों में रोष है। पीड़ित युवती ने थाना नीमगांव पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी लाखों की लागत से बनी सड़क

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले मुख्यमत्री के राज में एक साल में ही सड़के भ्रष्टाचार की गंगा की पोल खोलते दिखाई देने लगती है और उस भ्रष्टाचार को छुपाने के लिये सडको के गड्ढे भरने का कार्य किया जाता है परन्तु भ्रष्टाचार वाली सड़के अपने आप भ्रष्टाचार दिखा देती है ऐसा ही हाल दिखा सरीला क्षेत्र के बरगवा गांव की नहर से हरसुंडी गांव तक लगभग 9 किलोमीटर की सड़क में, जोकि एक ही वर्ष मे जर्जर हो गई। कुछ ऐसा ही मामला पचखुरा गांव से ममना जाने के लिए बनी सड़क का हाल है। जहा जगह जगह गड्ढे युक्त सड़क में गड्ढे भरने का कार्य चल रहा है। जिसमे सम्बंधित ठेकेदार द्वारा मानकों को दरकिनार कर खानापूर्ति करके शासन की धनराशि को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। लेकिन सड़क के गढ्ढों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिस कारण क्षेत्र के लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि इस सड़क से निकलना मुसीबत से कम नहीं है। लोगो ने सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। वैभव यादव पचखुरा गांव निवासी ने बताया कि इस सड़क की जर्जर हालत से लोगों को करीब 6 महीने पहले थोड़ी राहत मिली थी। जब इस सड़क को बनाने का काम किया गया था, लेकिन यह सड़क इतनी जल्दी डैमेज हो जाएगी, यह किसी ने सोचा भी नहीं था। इससे पहले ही सड़क कई जगह से धंस गई है। हरसुंडी गांव निवासी अजयपाल बताते हैं कि सड़क पर गड्ढे है ऐसे में बाइक-स्कूटर सवारों के लिए यहां से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। आधा दर्जन गाँवो के लोगो को तहसील या ब्लॉक कागजी कामों के लिए इसी सड़क से आना जाना रहता है। ज़ब इस सम्बन्ध मे पीडब्लूडी के ऐई मुन्नी लाल वर्मा से जानकारी लेनी चाही तो उनका फोन स्विच ऑफ़ जा रहा था।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में देर सायं सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। नवंबर माह में विकास कार्यों के अंतर्गत जनपद को 6 वीं रैंक प्राप्त हुई है। डीएम ने ए प्लस और ए रैंकिंग प्राप्त करने वाले विभागाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की साथ ही जिन विभागों की रैंकिंग बी, सी एवं ई थी, उन्हे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण काम कराते हुए लक्ष्य प्राप्त करने के साथ साथ ग्रेडिंग एवं रैंकिंग सुधारने के निर्देश संबंधित विभागाध्यक्षों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन से जुड़ी जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं एवं परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। नवंबर माह में जनपद कुशीनगर की रैंकिंग विकास कार्यों में सम्मिलित रूप से छठी रही है, इसलिए सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें कि किसी अधिकारी की शिथिलता या लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित नहीं हों। पूरी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर काम करने की आवश्यकता है। जिन विभागों का लक्ष्य दिसंबर में निर्धारित है या जो आवेदन आपके विभागीय पोर्टल पर आवेदकों के लंबित उन्हे शीघ्र समयांतर्गत निस्तारित करे जिससे कि रैंक और अधिक बेहतर हो सकें। उन्होंने कहा कि नवंबर माह की रैंकिंग के अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, निर्माण कार्य सीएमआईएस, डे एनआरएलएम बैंक लिंकेज के अंतर्गत *बी* रेटिंग तथा मध्याह्न भोजन एवं छात्रों की उपस्थिति बेसिक शिक्षा विभाग, सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग, नई सड़कों के निर्माण लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत *सी* ग्रेड की रेटिंग, राज्य पर्यटन योजना के अंतर्गत डी ग्रेड की रेटिंग प्राप्त हुई है। इसके अलावा फैमिली आईडी (नियोजन ), कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत *ई* रैंक प्राप्त हुई। उन्होंने जिला विकास अधिकारी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को शीघ्र लक्ष्य की प्राप्ति करने के निर्देश दिए। जनपद में चल रहे फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु कैंपों में ही जिलाधिकारी ने फैमिली बनाने के निर्देश दिए। कहा कि आयोजित कैंपों को मल्टी परपस उद्देश्यों के उपयोग करें। अधिक से अधिक योजनाओं से लोगों को संतृप्त किया जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया की राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत आए आवेदनों को बीडीओ और एसडीएम की सहायता से शीघ्र निस्तारित कराए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को फैमिली आईडी बनाने तथा उसके बनाने से आम जनमानस को होने वाले लाभ के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति तथा विद्युत बिलों के सुधार के लंबित मामलों की जानकारी संबंधित अधिकारी से ली गई। उन्होंने बीएसए को कहा कि कायाकल्प के अलावा विद्यालयों के सौंदर्यीकरण हेतु अन्य अनुरक्षण हेतु विभागीय बजट का इस्तेमाल करें तथा जिन विद्यालयों में छात्र छात्राओं की उपस्थिति कम बीईओ स्वयं जाकर निरीक्षण करें तथा आवश्यकतानुसार प्रभावी कार्यवाही भी करें।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक की गई। बैठक दौरान प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वर्षा काल 2025- 26 हेतु वृक्षारोपण स्थल की कार्यवाही, 2024 वर्षा काल में आरोपित किए गए पौधों की जीवितता प्रतिशत रिपोर्ट, उनकी सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग, आयरन ट्री गार्ड, बंबू ट्री गार्ड, वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रोपित किए गए पौधों, बनाए गए स्मृति वनों, आयुष वनों, मित्र वन, कुश वन आदि की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण स्थलों की जियो टैगिंग शत प्रतिशत हो जानी चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित न हों, सभी अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, डीएफओ वरुण , जिला विकास अधिकारी कल्पना मिश्रा, डीईएसटीओ श्रवण कुमार सिंह, संदीप , जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रविंद्र, डीसी मनरेगा राकेश, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, डीसी एनआरएलएम, डीपीओ विनय कुमार, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, ए आर कॉपरेटिव नीरज गौड़, बीएसए राम जियावन मौर्य, सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एम. एम. सेंट्रल एकेडमी ने विजेता टीम को किया पुरस्कृत

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया विकास खण्ड के एम. एम. सेंट्रल एकेडमी नेबुआ रायगंज मे तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कृत कर खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। क्रिकेट, वालीबाल, खो- खो, कबड्डी, स्लो साइक्लिंग के विजेता टीम को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। तीसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करने के उपरांत फीता काटकर किया। खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में आशुतोष यादव कक्षा 5, आर्यन गुप्ता कक्षा 6 एवं शुभम् कुशवाहा कक्षा 7 को विजेता घोषित किया गया। शोएब खान, विशाल कुशवाहा एवं आयुष गुप्ता उप विजेता रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में तनिष्का कुशवाहा को प्रथम, नन्दिनी कुशवाहा को द्वितीय और इशिता मिश्रा को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

# सपाइयों ने गृह मंत्री अमित शाह का फूंका पुतला

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



सदन में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर पर बोले गए बयान पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए कप्तानगंज तहसील गेट पर प्रतीकात्मक पुतला जलाया जताते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। गुरुवार की दोपहर में सपा नेता एके बादल के नेतृत्व में आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने कप्तानगंज तहसील गेट पर पहुंच केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में बोले गए अंबेडकर पर बयान को गलत ठहराते हुए जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि गृह मंत्री द्वारा अंबेडकर पर बोला गया बयान सरासर गलत है। गृह मंत्री को देश के सामने माफी मांगना चाहिए जब तक वह माफी नहीं मांगते हैं तब तक हम लोग चुप नहीं बैठेंगे। भाजपा सरकार जन विरोधी है आज इस सरकार के चलते जनता में त्राई मचा हुआ है चारों तरफ बेरोजगारी दिख रही है सरकार रोजगार तो दे नहीं रही बसर्ते उन पर लाठियां बरसा रही है। महंगाई जोरों पर है प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार केवल ढोंग कर रही है। इस दौरान इंद्रेश यादव, रमन शाही, देवेंद्र यादव, रमेश यादव, शैलेश कुमार, निरूरी राजभर आदि लोग मौजूद रहे। ह्य8

**सरयू अमृत महोत्सव 2024**

# क्रिकेट महिला वर्ग में बड़हलगंज व पुरुष वर्ग में मझवलिया की टीम फ़ाइनल में हुई विजेता

- तीन दिवसीय स्वर्गीय राम छबीले श्रीवास्तव क्रिकेट तहसील स्तरीय प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर




नगर पंचायत बड़हलगंज के मिनी ग्रामीण स्टेडियम में सरयू अमृत महोत्सव 2024 के तहत बड़हलगंज के शिक्षा विद नेशनल इण्टर कॉलेज और डिग्री कॉलेज के संस्थापक स्व् राम छबीले श्रीवास्तव की स्मृति में तीन दिवसीय तहसील स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे महिला और पुरुष दोनों वर्ग का फ़ाइनल मैच खेला गया।जिसमें महिला वर्ग में स्टार इलेवन बडहलगंज की टीम ने 17 रन से मैच जीत कर ट्राफ़ी अपने नाम किया और बालक वर्ग में मझवलिया की टीम ने 40 रन से फ़ाइनल मैच जीत कर चिल्लूपार क्रिकेट लीग का ट्राफ़ी अपने नाम किया। फ़ाइनल मैच को मुख्य अतिथि बड़हलगंज नगर की चेयरमैन प्रीति उमर , डॉक्टर रमेश कुमार, युवा समाज सेवी शिखर गुप्ता ने स्वर्गीय राम छबीले श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि करने के उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। पहला फ़ाइनल मैच महिला वर्ग में स्टार इलेवन बड़हलगंज और आर एस एकेडमी गोला के बीच खेला गया जिसमें स्टार इलेवन की टीम ने 17 रन से मैच जीत कर फ़ाइनल की ट्राफ़ी अपने नाम किया। इसी के तहत दूसरा फ़ाइनल मैच बालक वर्ग का श्री महावीर विद्यापीठ मझवलिया और प्लेटिनम क्लासेज़ बड़हलगंज के बीच खेला गया जिसमें मझवलिया की टीम ने 40 रन से जीत दर्ज कर फ़ाइनल की ट्राफ़ी अपने नाम किया। पूरे मैच को एकेडमी बडहलगंज के कोच गौरव शाही , अम्पायर विनीत गुप्ता , कमेंट्री राजू शाही , राम दूबे के देख रेख में मैच सम्पन्न हुआ। क्रिकेट मैच के मुख्य आयोजक प्रशांत शाही ने आये हुए अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ब्रह्मपुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर से 225 मरीजों को मिली नई उम्मीद

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 225 मानसिक रोगियों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। विशेषज्ञों ने रोगियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श दिया और इलाज की प्रक्रिया समझाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान संघ अध्यक्ष नागेंद्र सिंह उर्फ धीरज और मंडल अध्यक्ष चंदन मिश्रा ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. अमित शाही (मानसिक रोग विशेषज्ञ), मनो-सामाजिक कार्यकर्ता संजीव निषाद, और कम्युनिटी नर्स प्रदीप वर्मा ने सेवाएं प्रदान कीं। साइकोलॉजिस्ट रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हेल्पलाइन ÷मनकक्ष÷ के माध्यम से भी परामर्श लिया जा सकता है। मरीजों की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ईश्वर लाल, डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. सरिता सिंह, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, आलोक श्रीवास्तव, ट्रेनिंग फार्मासिस्ट शिवेंद्र त्रिपाठी, और एएनएम निर्मला समेत कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। यह जानकारी दी गई कि हर महीने के तीसरे गुरुवार को पीएचसी ब्रह्मपुर में मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बहुत जरूरी है। शुरुआती लक्षणों को पहचान कर समय पर इलाज कराना मानसिक रोगियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। यह शिविर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों को नई राह दिखाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# काकोरी ट्रेन एक्शन ने हिला दी थी अंग्रेजी हुकूमत की नींव

जन एक्सप्रेस । देवरिया



देश की आजादी की लड़ाई में हुए काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, और रोशन ठाकुर के बलिदान दिवस पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा रामलीला मैदान स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने पुष्प अर्पित कर काकोरी एक्शन के नायकों को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के माध्यम से स्वाधीनता आंदोलन को जनांदोलन बनाने वाले काकोरी एक्शन के नायकों को देश युगों-युगों तक याद रखेगा। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई को जारी रखने के लिये क्रांतिकारियों ने काकोरी में ट्रेन को रोककर अंग्रेजो के खजाने को अपने कब्जे में ले लिया। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि आजादी की लड़ाई में काकोरी ट्रेन एक्शन का महत्वपूर्ण योगदान है, काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर शहीदों का बलिदान भुलाया नही जा सकता। इस अवसर पर मुख्य रूप से राहुल कुमार, डॉ विनोद पाण्डेय, धन जी वर्मा, सागर विश्वकर्मा, श्रीराम यादव, सुमन्त चतूर्वेदी, विजय कुशवाहा उपस्थित रहे।

# नगर पालिका प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, मचा हड़कंप



जन एक्सप्रेस । नौतनवा महराजगंज

नगर पालिका प्रशासन द्वारा गुरुवार को व्यापारिक महत्व के कस्बे नौतनवा में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया ।अधिशासी अधिकारी नौतनवा संदीप कुमार सरोज एवं स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका कर्मचारियों के नगर में जेसीबी साथ लेकर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कदम उठाया। नगर में अतिक्रमण व पॉलिथीन अभियान में लगभग दो दर्जनों से अधिक लोगों का12 हजार रुपए चालान काटा गया। उक्त अभियान जलकल से अस्पताल चौराहा ,जयसवाल मोहल्ला ,हनुमान चौक ,न्यू मार्केट ,घंटाघर ,खाद मंडी, फल मंडी होते हुए जलकल तक अभियान चलाया गया। बता दें कि सड़क लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में थी इससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों को आवागमन से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सरोज ने बताया कि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस बार चेतावनी दी जा रही अगर दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान प्रधान लिपिक रमाशंकर सिंह, संतोष श्रीवास्तव उप निरीक्षक ,शुभम् तिवारी कांस्टेबल, राजकुमार यादव, लक्ष्मी शंकर यादव, महिला कांस्टेबल तुनू दूबे ,आराधना चौहान, सत्यप्रकाश, गोविंद, उमेश, रविकांत वर्मा ,विंध्याचल, अफरोज ,अमित ,कमलेश, मनोज आनंद सहित पालिका कर्मचारी आदि लोग मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 13.01.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 14502024 दिनांक 18.12.2024 |
| 2 | निविदा सख्या | 41-Sr. DEN-IV-LKO/2024-2025 |
| 3 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र मे चन्द्रौली और हरपालगंज की कोलोनियों में सहायक कार्यो (प्लंबिंग पाइप और बोर और पम्प के साथ पम्प हाउस आदि) के साथ साथ पुराने जर्जर स्टील ओवर हैड टैंक के बदले में दो (चन्द्रौली और हरपालगंज पर 1,00,000 लीटर) आरसीसी ओवर हैड वॉटर टैंक का निर्माण का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 1,34,64,858.66 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,17,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 30.12.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 13.01.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3879/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक भ्रमण हेतु तीन बसों को सीडीओ ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

जन एक्सप्रेस । देवरिया



जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शैक्षिक भ्रमण के तहत 152 दिव्यांग बच्चों और 53 विशेष शिक्षकों को कुशीनगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन कराया ग। आयोजन बच्चों के जीवन में नई उमंग, शिक्षा और अनुभव का संचार करने के उद्देश्य से किया गया।

विकास भवन परिसर से मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय और बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर सुबह 10 बजे रवाना किया। प्रस्थान से पहले बच्चों को चिप्स, टॉफी और पानी की बोतलें वितरित की गईं, जिससे उनकी उत्सुकता और खुशी का माहौल और भी बढ़ गया। कुशीनगर पहुंचने पर बच्चों ने सबसे पहले म्यांमार मंदिर, पगौड़ा मंदिर और महापरिनिर्वाण स्थल का दौरा किया। इन स्थलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता के बारे में विशेष शिक्षकों ने बच्चों को जानकारी दी। इसके बाद उन्हें संग्रहालय का अवलोकन कराया गया, जहां बच्चों ने बुद्धकालीन सभ्यता और संस्कृति को करीब से समझा। इस दौरान बच्चों को समोसा, केक और जलपान के लिए दिया गया। दोपहर भोजन के पश्चात बच्चों को इन द जापान, चाइनीज टेंपल और रामभर स्तूप जैसे स्थलों का भ्रमण कराया गया। इन स्थलों की सुंदरता और महत्व को देखकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया।शाम को बच्चों को बिस्किट और चॉकलेट देकर उनकी वापसी की व्यवस्था की गई। घर लौटते समय बच्चों के चेहरे पर खुशी की झलक साफ नजर आ रही थी। सभी बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाकर अभिभावकों को सौंपा गया। यात्रा का निर्देशन समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र सिंह ने किया।

# कांग्रेसी प्रभात के अंतिम संस्कार में पुलिस से झड़प

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

बुधवार को लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पांडेय की मौत हो गई। आज गुरुवार को प्रभात का शव गोरखपुर पहुंचा तो मां रोते-रोते बेसुध हो गई। पिता दीपक ने कहा- ये मेरे कर्मों का दोष है। मेरा इकलौता बेटा चला गया।अंतिम संस्कार में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल होने पहुंचे तो लोगों ने विरोध जताया। अजय राय वापस जाओ... हत्यारा पार्टी वापस जाओ... राहुल गांधी मुर्दाबाद... प्रियंका गांधी वापस जाओ के नारे लगाए। पुलिस की लोगों से झड़प भी हुई। लोगों ने कहा- चले जाओ। यहां कोई नौटंकी नहीं होनी चाहिए। अजय राय ने कहा- विरोध जताने वाले ये भाजपा के लोग हैं।बुधवार देर रात प्रभात के शव का पोस्टमॉर्टम हुआ। प्रारंभिक रिपोर्ट में पता चला कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई। पुलिस ने चाचा मनीष पांडेय की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

### अजय राय बोले- किसी तरह रास्ता बदल-बदल कर आया हूं

अजय राय ने कहा- मैं लखनऊ से 4 बजे भोर में चला हूं। चिनहट लखनऊ से ही पुलिस जगह-जगह रोकने लगी। किसी तरह रास्ता बदल-बदल कर सहजनवां होकर आया हूं। हमारा कार्यकर्ता था, हम यहां श्रद्धांजलि देने आए हैं। परिवार वालों ने हमें नहीं रोका है, ये कौन लोग होते हैं रोकने वाले... ये भाजपा के लोग गंदी राजनीति कर रहे हैं। पुलिस की मार से प्रभात की मौत हुई। प्रशासन द्वारा उसकी हत्या कराई गई। ये भाजपा वाले बताएंगे कि कैसे मौत हुई। सरकार के दबाव में पुलिस ने चारों ओर नाकाबंदी कर रखी है। हम अपने कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि नहीं दे सकते क्या।

### अजय राय जनेऊ दिखाकर बोले- हम 24 कैरेट वाले ब्राह्मण, झूठे नहीं

अजय राय प्रभात की चिता की तरफ बढ़े तो लोगों ने उन्हें रोक लिया। कहा- यहां से चलो जाओ। नौटंकी नहीं होनी चाहिए। एक ब्राह्मण की जान चली गई। अजय राय ने इसी बीच जनेऊ दिखाकर कहा- देखो हम भी ब्राह्मण हैं। 24 कैरेट वाले ब्राह्मण हैं, झूठे नहीं हैं हम। इस तरह के लोग नहीं है। आधी रात को याद करोगे तो अजय राय हाजिर मिलेगा। इसी बीच अजय राय के साथ आए नेताओं ने अपील की कि बस अंतिम प्रणाम तो कर लेने लीजिए। प्रभात मरते दम तक कांग्रेसी रहा। इसके बाद लोगों ने आगे जाने की इजाजत दी। फिर अजय राय चिता के पास पहुंचे और माला चढ़ाकर अंतिम प्रणाम किया।

### चाचा बोले- अपना बच्चा खो दिया... राजनीति की जरूरत नहीं है, न्याय चाहिए

चाचा मनीष पाण्डेय ने बताया कि उन्हें कांग्रेस कार्यालय से फोन आया कि 2 घंटे से उनका भतीजा बेसुध पड़ा है। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वे इस मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। उन्होंने अपना बच्चा खो दिया है, जो अब वापस नहीं आएगा। इस पर किसी भी तरह की राजनीति की जरूरत नहीं है। उन्हें न्याय चाहिए।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी किया फोन

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य लोगों का फोन भी आया था। उन्होंने उनसे भी भतीजे की मौत पर सवाल किया है कि अगर वह 2 घंटे तक कांग्रेस कार्यालय पर बेहोश था, तो उसे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया? उन्होंने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

# गोरखपुर में युवती की फोटो एडिट कर बना दी अश्लील, सोशल मीडिया पर किया वायरल

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के झंगहा इलाके में सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल होने का मामला सामने आया है। एक युवती की तस्वीरों को एडिट कर कुछ शरारती तत्वों ने इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया, जिससे उसकी जिंदगी संकट में आ गई। इस घटना के बाद युवती ने दो बार आत्महत्या की कोशिश की। परिजनों के समझाने के बाद युवती एसपी नार्थ के पास प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची।

### शादी तय होने के बाद हुई घटना

दरअसल, युवती की शादी हाल ही में तय हुई थी। लेकिन इंस्टाग्राम अकाउंट से तस्वीरें चुराकर उन्हें अश्लील तरीके से एडिट किया गया और सोशल मीडिया पर फैला दिया गया। पहली बार जब युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया, तो मां ने समय रहते उसे बचा लिया। घटना की सच्चाई जानने के बाद पिता ने तुरंत मुंबई से छुट्टी लेकर गांव का रुख किया। हालांकि, पिता के आने के बाद भी युवती ने फिर आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की।

### परिवार की परेशानी बढ़ी

परिजनों ने युवती की सुरक्षा को लेकर घर की सभी कुंडियां और सिटकनियां हटा दी हैं। बावजूद इसके, वे उसका मानसिक तनाव कम नहीं कर पा रहे हैं। युवती के मंगेतर ने इस घटना को समझदारी से लिया है, लेकिन बदनामी के डर से फिलहाल सगाई टाल दी गई है।

आरोपियों की पहचान कर की जाएगी सख्त कार्रवाई-एसपी नार्थ

एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर साइबर थाना पुलिस कार्रवाई कर रही है। एडिट की गई तस्वीरों को हटाने का काम शुरू हो चुका है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# विधायक सरवन निषाद ने बिजली विभाग पर उठाए सवाल, एक्सइएन की एमडी से की शिकायत



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के चौरीचौरा के विधायक सरवन निषाद ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन को पत्र लिखकर अधिशासी अभियंता पर अवैध कनेक्शन देकर धनउगाही करने और किसानों को कनेक्शन देने में जानबूझकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

### पहले भी हो चुकी है शिकायत

विधायक ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब इस अधिकारी के खिलाफ शिकायत की गई है। इससे पहले भी पत्र भेजे गए थे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को देखते हुए एक बार फिर चेयरमैन से हस्तक्षेप की मांग की गई है।

### अधिकारियों का पक्ष

अधिशासी अभियंता हर्षराज रस्तोगी ने विधायक के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बिना आवश्यक दस्तावेज पूरे किए किसी को कनेक्शन नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा, 卐यदि विधायक के पास कोई ठोस सबूत है, तो उसे पेश करें।卐

### क्या होगा आगे?

इस विवाद के बीच पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने मामले की जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि इस शिकायत पर सरकार और विभाग क्या कदम उठाते हैं।

### विधायक के आरोप

विधायक का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारी किसानों को कनेक्शन देने से इंकार कर रहे हैं, जबकि अवैध कनेक्शन जारी कर लाखों रुपये की कमाई की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी सरकार की योजनाओं और मंशा के विपरीत काम कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र के किसान और उपभोक्ता परेशान हैं।

### शिकायत में क्या लिखा?

विधायक ने पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन को भेजे पत्र में लिखा कि अधिशासी अभियंता उपभोक्ताओं की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और मनमाने तरीके से अवैध कनेक्शन जारी कर रहे हैं। उन्होंने इस लापरवाही को धनउगाही की मंशा से जोड़ते हुए अधिकारी के तत्काल स्थानांतरण और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा महामाया राजकीय मेडिकल कालेज सद्दरपुर, के परिसर में निर्माणाधीन परियोजनाओं का मौके पर पहुँच कर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम कार्यदायी संस्था उ0प्र0 स्टेट कॉन्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित कराये जा रहे राजकीय मेडिकल कालेज, की सड़कों के रेनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया गया। निर्माण इकाई के सहायक अभियन्ता अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि सड़कों के रेनोवेशन का कार्य 4800 मीटर, 50 एम0एम0 डी0वी0एम0 कार्य पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। सड़क के दोनों तरफ इन्टरलाकिंग कार्य 1385 मीटर पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। नाली मरम्मत का कार्य 1160 मीटर पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी का रूख बहुत सख्त रहा। मौके पर उपस्थित तकनीकी अधिकारी अधिशासी अभियन्ता-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के माध्यम से दो स्थानों से निर्मित सड़क की खुदाई कराकर जिलाधिकारी ने अपने सामने ही सैम्पल एवं सड़क की मोटाई की पुष्टि किया तथा अधिशासी अभियन्ता-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को सड़क में प्रयुक्त हुई सामग्री की गुणवत्ता जॉच कराकर रिपोर्ट मॅगाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त निर्माण इकाई उ0प्र0 स्टेट कॉन्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0 द्वारा मेडिकल कालेज परिसर में ही दूसरी परियोजना 50 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लाक का निर्माण कार्य जिसकी स्वीकृत लागत रू0 16.62 करोड़ है का भी मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्माण इकाई के सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि यह परियोजना वर्ष 2023 में स्वीकृत है। कार्य पूर्ण किये जाने की लक्षित तिथि मार्च-2025 है। निरीक्षण के समय बताया गया कि 47 मजदूर मौके पर कार्य कर रहे है। परियोजना हेतु अभी केवल रू0 2.76 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा रोष व्यक्त किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल कालेज परिसर में ही निर्माणाधीन परियोजना नर्सिंग कालेज का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस कार्य की कार्यदायी संस्था उ0 प्र0 राजकीय निर्माण निगम, इकाई-21अ, लखनऊ है। मौके पर उपस्थित प्रभारी परियोजना प्रबन्धक राजकीय निर्माण निगम बी0वी0 निरंजन द्वारा अवगत कराया गया कि इस परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 20.82 करोड़ है। अब तक रू0 3.75 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गयी है। मौके पर मुख्य भवन की आर0सी0सी0 कार्य प्लिंथ लेबल तक पूर्ण है, अग्रेतर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही परियोजना की ड्राईग एवं डिजाईन की ब्रीफिंग ली गयी तथा मौके पर ही कालम एवं कमरे के साईज की नाप कराई गयी। अधिशासी अभियन्ता-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को परियोजना के सम्बन्ध में गुणवत्ता जॉच हेतु निर्देशित किया गया। निर्माण इकाई को निर्देशित किया गया कि परियोजना की भौतिक प्रगति अत्यन्त कम है। निर्धारित माईलस्टोन एवं पाई चार्ट के अनुसार निरन्तर शिफ्ट वाईज श्रमिकों की मात्रा बढ़ाते हुए निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाय, जिससे परियोजना ससमय पूर्ण होकर जनोपयोगी बन सके। उक्त क्रम में ही परिसर में ही स्थित मरचरी हाउस का भी निरीक्षण किया गया। आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज को मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज, अधिकारी अधिषासी अभियन्ता-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अनुपम कुमार सिंह संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी आदि अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राचार्य ने किया हॉकी मैदान का निरीक्षण
## 26 दिसंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होने वाले महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हाकी टूर्नामेंट की तैयारी का निरीक्षण बुधवार को प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय एवं हाकी आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने हॉकी मैदान पर पहुंचकर किया। जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बर को एमएलके पी जी कॉलेज बलरामपुर के प्राचार्य व टूर्नामेंट सचिव प्रो0 जे पी पाण्डेय ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक होने वाले महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट हेतु हॉकी ग्राउंड का निरीक्षण किया । प्राचार्य प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने सभी संबंधित को टूर्नामेंट के आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट न सिर्फ महाविद्यालय व राज परिवार से जुड़ा है, बल्कि यह नगरवासियों की भावनाओं से भी संबंधित है। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर आयोजन सचिव डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय, महाविद्यालय की सह क्रीड़ा अधिकारी साक्षी शर्मा, डॉ जितेंद्र भट्ट व डॉ एस के त्रिपाठी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के बेवाना न्याय पंचायत के पीएम श्री विद्यालय उम्मरपुर में वार्षिक उत्सव और सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने अपने कलात्मक प्रदर्शनी के माध्यम से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया वहीं बच्चों ने हास्य नाटक डांस सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुनील श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करके उनके मनोबल को बढ़ाया और भविष्य में बच्चों को और अच्छे तरीके से कार्यक्रमों को करने के लिए प्रेरित भी किया वही कार्यक्रम का संचालन करते हुए उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर मौर्य ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम के दौरान विजय कुमार श्रीवास्तव पूर्व बैंक मैनेजर श्रीमती नीलम पाल सहायक अध्यापक प्रियंका गोपाल सहायक अध्यापक सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह का प्रतियोगिताओं के साथ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज बलरामपुर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम गुरुवार को विद्यालय के बच्चों के मध्य कला, मेहंदी, रंगोली एवं कलश प्रतियोगिता से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्त, सचिव मनीष तुलास्यान, प्रबंधक जेपीएस तोमर उपाध्याक्ष विवेक अग्रवाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ अवसर पर चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर चार सदनों में विभाजित विद्यालय के बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्राइमरी, जूनियर व सीनियर संवर्ग के चारो सदनों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। प्रतिभगियों ने अपने कौशल से निर्णायकों को अपने पक्ष में करने का भरपूर प्रयास किया।

निर्णायकों ने बच्चों की प्रतिभा का परख कर उनका मूल्याकन किया। जूनियर संवर्ग÷ में आदर्श भारती विवेकानंद सदन के, ने प्रथम स्थान, विवेकानंद के ही हुमैरा मिर्ज़ा ने द्वितीय स्थान व रवींद्र नाथ टैगोर सदन की अवनी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ÷सीनियर संवर्ग÷ में स्मिता श्रीवास्तव, विवेकानंद सदन की ने प्रथम स्थान, चंद्रशेखर आजाद सदन के अफीफ अलबद्र ने द्वितीय स्थान व विवेकानंद सदन की अंशिका तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कलश प्रतियोगिता÷ में ÷प्राइमरी संवर्ग÷ में विवेकानंद सदन की खुशी कसौंधन ने प्रथम स्थान, विवेकानंद सदन के अलीफ़शा ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर सदन के शिव किशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ÷जूनियर संवर्ग÷ में चंद्रशेखर सदन की अनन्या ने प्रथम स्थान, रवींद्रनाथ टैगोर सदन की गार्गी ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर आजाद सदन की सुमैया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ÷सीनियर संवर्ग÷ में चंद्रशेखर आजाद सदन की मानसी वर्मा ने प्रथम स्थान, विवेकानंद सदन की साक्षी तिवारी ने द्वितीय स्थान व रवींद्रनाथ टैगोर सदन की पूनम पासवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता÷ में जूनियर संवर्ग में विवेकानंद सदन की खनक तिवारी ने प्रथम स्थान, रवींद्रनाथ टैगोर सदन की जोया अंसारी ने द्वितीय स्थान व चंद्रशेखर आजाद सदन की वंशिका तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के अलावा बच्चों द्वारा बनाये गये मिट्टी के मॉडल की एक आर्ट गैलरी का भी आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका में गीता गौतम प्रवक्ता कला एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर व प्रमोद कुमार मिश्र कला अध्यापक सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बलरामपुर रहे । मेंहदी, कलश व रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में वंदना अग्रवाल, श्वेता तुलस्यान व किरन अग्रवाल रही। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत कुमार तिवारी ने निर्णायकों को धन्यवाद ज्ञापित किया व बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ शुचिता चौहान, उमेश चंद्र तिवारी, एस एन त्रिवेदी, बी पी पांडेय, नीतू श्रीवास्तव, ज्योति पांडेय, किरन मिश्रा, प्रदीप्ति जौहरी, शालिनी त्रिपाठी, कृष्णा त्रिपाठी, गरिमा सिंह, शिवांक पांडेय, पारस नाथ, अनिल मिश्रा व अवनींद्र का विशेष रूप से सहयोग रहा।

# नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोगिता के बारे में किया गया प्रशिक्षित



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के क्रय विक्रय सहकारी समित अकबरपुर में सहकारी बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इस दौरान जनपद के विभिन्न केंद्रों के लगभग 60 सचिव उपस्थित हुए जिसमें सहायक विकास अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा और इफको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. देवी प्रसाद एवं इफको एमसी के टी एम ई उपेंद्र नाथ वर्मा उपस्थित रहे । इफको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक नैनो डीएपी ,नैनो यूरिया प्लस( तरल) , तरल कंसर्टिया एवं बायो डिकंपोजर के बारे में बताया एवं इफको एमसी के टी एम ई द्वारा इफको एमसी के खरपतवार नाशी एवं फफूंदनाशी के बारे में बताया गया एवं सचिव द्वारा पूछे गए प्रश्न का विस्तार पूर्वक जबाब दिया गया।

# नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित, महिलायें ड्रोन उड़ाना सीखकर किसानी में करेगी मदद

## कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के चयन एवं प्रशिक्षण में तेजी लाए जाने का डीएम ने दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



नमो ड्रोन दीदी÷ कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह का चयन , महिला पायलट के चयन , योजना के क्रियान्वयन , पर्यवेक्षण के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस दौरान डीएम ने बताया कि नमो दीदी ड्रोन योजना से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्थाई व्यवसाय और आजीविका मिलेगी।

स्वयं सहायता समूहों द्वारा ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरकों एवं कीटनाशकों का छिड़काव सेवाएं प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने समूहों का चयन की कार्यवाही एवं प्रशिक्षण प्रदान किए जाने में तेजी लाए जाने जाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए,डीसी एनआरएलएम, उपनिदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोगिता के बारे में किया गया प्रशिक्षित



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के क्रय विक्रय सहकारी समित अकबरपुर में सहकारी बिक्री केंद्र प्रभारी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इस दौरान जनपद के विभिन्न केंद्रों के लगभग 60 सचिव उपस्थित हुए जिसमें सहायक विकास अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा और इफको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. देवी प्रसाद एवं इफको एमसी के टी एम ई उपेंद्र नाथ वर्मा उपस्थित रहे । इफको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक नैनो डीएपी ,नैनो यूरिया प्लस( तरल) , तरल कंसर्टिया एवं बायो डिकंपोजर के बारे में बताया एवं इफको एमसी के टी एम ई द्वारा इफको एमसी के खरपतवार नाशी एवं फफूंदनाशी के बारे में बताया गया एवं सचिव द्वारा पूछे गए प्रश्न का विस्तार पूर्वक जबाब दिया गया।

# सदर विधायक ने कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तीनों गन्ना विकास समितियों के कर्मचारियों द्वारा अपने पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन मे किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को शीघ्र समाप्त कराने के लिए सदर विधायक पलटू राम ने प्रमुख सचिव गन्ना को पत्र लिखा है।

जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर सदर विधायक पलटू राम ने गन्ना समिति के कर्मचारियों के समर्थन में प्रमुख सचिव गन्ना उद्योग उ0प्र0 शासन लखनऊ को पत्र लिखकर सहकारी गन्ना विकास समिति लि0, बलरामपुर के कर्मचारी संगठन की न्यायोचित मांगों के निराकरण के सम्बन्ध में लिखा है कि यू0पी केन यूनियनन्स इम्पलाईज फेडरेशन के नेतृत्व में सहकारी गन्ना विकस समिति लि0, बलरामपुर में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा एक ज्ञापन सचिव के साथ मुझे संयुक्त रूप में 12 दिसंबर 2024 को प्राप्त कराया गया है । पत्र में लिखा गया है कि प्रदेश की गन्ना समितियाँ स्वशासी व स्वपोषी संस्थायें हैं, ये संस्थायें अपनी स्वयं की आय पर ही निर्भर है । कर्मचारियों की मांग स्वीकार करने के कारण शासन पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। बलरामपुर समिति मेरे विधान सभा परिक्षेत्र की समिति है, जो आर्थिक रूप से सुदृण एवं व्यय भार वहन करने में सक्षम है । कर्मचारियों के आन्दोलन से सदस्य कृषकों की समस्या के त्वरित निराकरण एवं चीनी मिल की गन्ना आपूर्ति बाधित होगी, कर्मचारियों की मांग उचित प्रतीत होती है। विधायक ने पत्र में अनुरोध किया है कि कर्मचारियों की मांग पर सहानभूति पूर्वक विचार करते हुए व्यापक कृषक व कर्मचारी हित को दृष्टिगत रखते हुए यथोचित आदेश शीघ्र निर्गत करें।

# गन्ना समितियों के कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार, किसानों की समस्याएं बढ़ीं

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के तीनों गन्ना समितियों के कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं । कर्मचारियों के हड़ताल के कारण गन्ना किसानों को समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं । बुधवार को दूसरे दिन भी कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी रहा। जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को सहकारी गन्ना समितियों के कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार जारी रखा । गन्ना समितियों के कर्मचारी 18 दिसंबर से कार्य का बहिष्कार करते हुए कलम बंद हड़ताल पर चले गए हैं । कर्मचारियों का हड़ताल होने से गन्ना किसानों की समस्याएं बढ़ गई हैं । गन्ना पेराई सत्र चल रहा है ऐसे में कर्मचारियों के हड़ताल से किसानों का कार्य प्रभावित हो रहा है । यूपी केन यूनियंस एम्पलाइज फेडरेशन के प्रदेश महामंत्री अखिलेश पांडे ने बताया की प्रदेश भर के गन्ना समितियों के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रदेश व्यापी हडताल किया जा रहा है । सरकार द्वारा आदेश के बावजूद में अधिकारी महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है । उन्होंने गन्ना आयुक्त को पत्र लिखकर कर्मचारियों की मांगों को तत्काल वार्ताकार पूरा करने के लिए अपील किया है उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में सेवा नियमावली में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार महंगाई भत्ते का भुगतान, सहकारी गन्ना समितियों के सामयिक कर्मचारियों के वित्तीय स्तरोन्नयन का प्रकरण, सरकारी गन्ना समितियों के सामयिक कर्मचारियों की ग्रेच्युटी का प्रकरण, सभी संवर्ग के कर्मचारियों की लंबित पदोन्नतियां तथा सभी सहकारी गन्ना समितियों में एक समान रूप से वेतनमान लागू किए जाने की मांग शामिल है । जिले में स्थापित सहकारी गन्ना समिति बलरामपुर, सहकारी गन्ना विकास समिति तुलसीपुर तथा सहकारी गन्ना विकास समिति उतरौला के कर्मचारी कलम बंद हड़ताल पर चले गए हैं । बलरामपुर सहकारी गन्ना विकास समिति में कर्मचारी यूनियन के शाखा संयोजक सच्चिदानंद मिश्र ने विशेष सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बलरामपुर को पत्र लिखकर 5 सूत्रीय मांगों का निराकरण शीघ्र कराने का अनुरोध किया है । विशेष सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति अविनाश सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों से सबंधित मांगपत्र शीघ्र निस्तारण अनुरोध के साथ उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है । सहकारी गन्ना विकास समिति बलरामपुर में कार्य बहिष्कार कर रहे कर्मचारियों में शाखा संयोजक सच्चिदानंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगोत्री प्रसाद शुक्ला, कैशियर वसंत कुमार व सदस्यों में विकास तिवारी, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, जामुनी देवी, कुसुम शक्ला अंगद तिवारी, कादर खां, पारस नाथ गुप्ता, कौशल किशोर मिश्रा, कमलेश श्रीवास्तव, नंदकुमार ओझा, सुनीता देवी, रवि सिंह, वीरेंद्र चतुर्वेदी, बोद्ध नरायन, अभय सिंह, अवनीश त्रिपाठी, व्यास मुनि राम कुमार शुक्ला, राम दरस प्रसाद, लव चंद्र श्रीवास्तव, लाल बहादुर मिश्रा, हरि सेवक यादव, सतीश कुमार, अखिलेश पांडे, लल्लन ओझा, मारकंडे तथा वशिष्ठ सहित तमाम कर्मचारी शामिल थे।

# पशु बाड़े में घुसकर बैठे तेंदुआ ने ग्रामीण पर किया हमला, बाल-बाल बचा मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

**हजारा।** थाना क्षेत्र के शारदा कटान पीड़ित अशोकनगर जंगल कालोनी निवासी एक ग्रामीण के पशु बाड़ा में घुसकर बैठे तेंदुआ ने ग्रामीण पर एकाएक हमला कर दिया हमले में ग्रामीण को मामूली पंजा लगने से बाल बाल बच गया है।तेंदुआ के हमलें से ग्रामीणों में दहशत के साथ हड़कंप मच गया है। हजारा थाना क्षेत्र के शारदा कटान प्रभावित अशोकनगर गांव के सैकड़ों परिवार बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र के अशोकनगर जंगल में झोपड़ी डालकर गुजर-बसर कर रहे हैं। अशोकनगर जंगल कालोनी निवासी ग्रामीण श्रवण कुमार पुत्र रामधारी के पशु बाड़ा में बुधवार की रात एक तेंदुआ घुसकर बैठ गया था पशु बाड़ा में बकरियां बंधी थी बकरियों के चिल्लाने पर ग्रामीण श्रवण कुमार देखने के लिए पशु बाड़ा में पहुंचा ही था कि तेंदुआ घबराहट में ग्रामीण पर झपट्टा मारते हुए जंगल में भाग गया। भागते हुए तेंदुआ ने ग्रामीण पर पंजा मार दिया था मगर मामूली खरोंच लगने से ग्रामीण बाल बाल बच गया। तेंदुआ के हमला से ग्रामीणों में दहशत के साथ हड़कंप मच गया है।मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान नीलम देवी के पति सूर्यभान मदेशिया ने वन विभाग संपूर्णानगर वन रेंज को सूचना देते हुए कार्रवाई करने की मांग किया है।



जंगल में डर डर कर रहने को मजबूर हैं अशोकनगर वासी

### अशोकनगर कटान पीड़ित सैकड़ों परिवार जंगल में रहने को हैं मजबूर नहीं मिली आबादी वन्यजीवों का हो रहे हैं शिकार

हजारा थाना क्षेत्र के अशोकनगर गांव वर्ष 2007 में शारदा नदी के भूमि कटान का भेंट चढ़ गया था तभी से सैकड़ों परिवार आज तक बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के अशोकनगर जंगल में वन विभाग की भूमि पर झोपड़ी डालकर गुजर-बसर कर रहे हैं। ग्रामीणों के सामने जंगली हिंसक वन्यजीवों का हमेशा खतरा बना रहता है इधर वन विभाग की भूमि होने के कारण ग्रामीण पक्का भवन शौचालय चारदिवारी आदि निर्माण कार्य नहीं करा सकते हैं घर के चारों तरफ खुला रहता है जिस कारण जंगली जानवर घरों में घुस जाते हैं और हमला कर मानव एवं पशुधन का क्षति पहुंचाते रहते हैं।अशोकनगर ग्राम प्रधान नीलम देवी के पति सूर्यभान मदेशिया ने बताया कि जंगल में बसे ग्रामीणों को बसाने के लिए आवासीय भूमि के लिए भाजपा विधायक बाबूराम पासवान पीलीभीत जिलाधिकारी व पूरनपुर के उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार आदि से लिखित पत्र देकर आवासीय भूमि दिलाने की मांग लगातार किया जा रहा है। मांग पर पूरनपुर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के प्रयास से कुछ ग्रामीणों को आबादी दी गई है इसके बावजूद सैकड़ों परिवार आज भी आबादी की आस लगाएं जंगल में रहने को विवश हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रैंक सुधार हेतु राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड राजस्व कार्यों की रैंक सुधार हेतु समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, स्टाम्प, परिवहन, विद्युत, सामाजिक वानिकी, टाइगर रिजर्व, बाढ़ खंड, मण्डी, खनन, बाट माप, राजस्व विभाग, जीएसटी सहित विभिन्न विभागों के निर्धारित किये गए लक्ष्य के सापेक्ष अब तक की गई राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की गई। वाणिज्य कर की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारी को कडे निर्देश देते हुये कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाये। खनन विभाग की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान



एआरटीओ को निर्देश दिये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की जाये। बाट माप विभाग की समीक्षा करते हुये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिये। नगर विकास की समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के सापेक्ष वसूली बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत विभाग की वसूली ठीक पाई गई। मण्डी समिति की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली पाई गई। स्टाम्प की समीक्षा के दौरान निर्धारित लक्ष्य सापेक्ष वसूली कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीदारों को निर्देश देते हुये कहा कि अपने अपने कोर्ट का निरीक्षण करें तथा अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये अधिक से अधिक वसूली कर रैंक में सुधार लाया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), समस्त उप जिलाधिकारी, एआरटीओ, अधिशासी, अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, खनन अधिकारी, आबकारी अधिकारी, मण्डी सचिव, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर सपाइयों ने किया रोष प्रकट

- भाजपा आरएसएस मिलकर नागपुर का संविधान भारत में लागू करना चाहते हैं- नफीस अहमद अंसारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर एक आपातकालीन बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की बैठक में भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न संविधान के निर्माता दलित पिछड़ों महिलाओं अल्पसंख्यकों मजदूरों के भाग्य विधाता डॉ बी आर अंबेडकर जी के ऊपर की गई टिप्पणी का घोर विरोध करते हुए रोष प्रकट किया गया। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा की गृहमंत्री के संवैधानिक पद पर रहकर संविधान के निर्माता के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी किया जाना भारतीय संविधान का अपमान है एवं भाजपा आरएसएस मिलकर नागपुर का संविधान भारत में लागू करना चाहते हैं।

तथा भारतीय संविधान को समाप्त करना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों के क्रम में समाजवादी पार्टी के समस्त पदाधिकारी गण गृहमंत्री



अमित शाह के उक्त बयान की घोर निंदा करते हुए संविधान का अपमान करने के लिए उनसे तत्काल अपने संवैधानिक पद से त्यागपत्र की मांग करते हैं। बैठक में इसके पश्चात विधानसभा 2027 की चुनावी तैयारी को लेकर गंभीर विचार विमर्श हुआ। बैठक में नगर कमेटी से लेकर विधानसभा तक की कमेटियों की समीक्षा करते हुए जिला अध्यक्ष ने गुलड़िया भिन्डारा नगर पंचायत कमेटी को छोड़कर सभी नगर पंचायत व नगर पालिका की कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए सभी विधानसभा अध्यक्षों को अपनी बूथ स्तर से लेकर सेक्टर स्तर तक व विधानसभा की कमेटी को दुरस्त करने के लिए व विधानसभा स्तर पर क्ष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करके बैठकों का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा व संचालन महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, जिला उपाध्यक्ष बालक राम सागर, जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज, जिला प्रवक्ता अमित पाठक, जिला उपाध्यक्ष अकबर अहमद, जिला सचिव डिंपल गौड, महेश पटेल जिला सचिव,128 विधानसभा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, महासचिव नरेश कुमार, डॉ राममूर्ति गंगवार, अनीता शर्मा, दिनेश वर्मा, सदाकत अली, रामप्रताप पासवान, रिंकू पासवान, सोमवीर पासवान, इम्तियाज अहमद, पार्टी कार्यकर्ता समर्थक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने तीन दिवसीय मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता व शैक्षिक समारोह का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बेसिक शिक्षा विभाग की तीन दिवसीय मंडलीय बाल क्रीडा प्रतियोगिताओं का उद्घाटन जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी के.क. सिंह, ए.डी.बेसिक अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, बदायूं के.के.बी.एस.ए. वीरेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों ने रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया। जिलाधिकारी ने बच्चों की सलामी ली। बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत के बच्चे कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट में चल रहे थे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बतौर मुख्य अतिथि हैसियत से क्रीड़ा रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा खेल अनुशासन की सीख देते हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओ से बच्चों का मानसिक विकास तो होता ही है, साथ ही सारा शारीरिक विकास भी होता है।





जिलाधिकारी ने जूनियर स्तर की 100 मीटर रेस को झंडी दिखाकर दौड़ शुरू कराई। जिसमें बरेली के नितेश प्रथम, शाहजहांपुर के फैसल द्वितीय, बरेली के सुखपाल तृतीय स्थान पर रहे। तीनो विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, ए.डी. बेसिक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। गले में मेडल पहनते ही बच्चे खुशी से झूम उठे। प्राथमिक स्तर की बाल बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में शाहजहांपुर के अनिकेत प्रथम, बदायूं के अजय द्वितीय, पीलीभीत के.के.केशव राना तृतीय, 100 मी बालक वर्ग की दौड़ में शाहजहांपुर के अनिकेत प्रथम, बदायूं के अजय द्वितीय, फैजान तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर स्तर की बालिका वर्ग की 100 मीटर रेस में पीलीभीत की नंदनी प्रथम, बदायूं की मुस्कान द्वितीय, बरेली की निकिता तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद में पीलीभीत की पायल प्रथम, बरेली की अजरा द्वितीय, बदायूं की लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर की 50 मीटर बालिका रेस में शाहजहांपुर की मीनाक्षी प्रथम, बदायूं की स्वाति द्वितीय, बदायूं की मधु तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता बच्चों को एडी बेसिक अजीत कुमार, बी एस ए अमित कुमार सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मंडलीय रैली में बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत के सभी शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिताओ को संपन्न कराने की निर्णायक समिति में शारीरिक शिक्षा अनुदेशक नरेंद्र मौर्य, आदित्य गंगवार, जयप्रकाश, अर्जुन गंगवार, सर्वेश गंगवार, फैजान अली, के के सिंह, विभा मिश्रा, प्रखर मिश्रा, सुरेंद्र गंगवार, शामिल रहे। इस अवसर पर मंडल के कई सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक राकेश पटेल, सचिन कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, मनीष श्रीवास्तव, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लाल करन, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दयाशंकर गंगवार, जिला मंत्री उमेश गंगवार, सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भद्रपाल सिंह ,यूटा के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा मंत्री, मोहम्मद अकरम, अनीता तिवारी, निरंजना शर्मा, रजनी जौहरी, मीना गंगवार सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# 25 दिसंबर को मोतियाबिंद का होगा निशुल्क ऑपरेशन- आलोक शर्मा





- जिला संयुक्त बार एसोसिएशन में लगा मेडिकल कैंप, कई जांच के बाद दवाइयां का हुआ वितरण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के सभा कक्ष में बुधवार को मेडिकल कैंप लगाया गया।

इसमें चिकित्सकों ने अधिवक्ताओं की आंखों की जांच की। अधिवक्ताओं का बीपी शुगर आदि भी चेक किया गया ।निशुल्क दावों का वितरण हुआ। कैंप का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक शर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिन अधिवक्ताओं के मोतियाबिंद है उनका 25 दिसंबर को निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार टीवी जैसी गंभीर रोग को समूल नष्ट करने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि टीवी रोग होने पर उसकी जांच और उसका उपचार कराए।पुरानी टीवी होने पर भी चिंता न करें सरकार टीवी को नष्ट करने के लिए अपने पास से काफी महंगी महंगी दवाई दे रही है।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दोशाला भेंट कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट की अध्यक्षता और महासचिव आनंद मिश्रा एडवोकेट के संचालन में हुआ। इस अवसर पर सैकड़ो अधिवक्ताओं ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# गरीबों की मदद हेतु आगे आया सेंट जॉन्स स्कूल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज सेंट जांस स्कूल द्वारा गुरुवार को गरीब निर्धन बच्चों के शिक्षा दिक्षा हेतु प्रधानाचार्या सिस्टर लिम्सी के नेतृत्व में प्रदर्शनी का आयोजन किया। स्कूल प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी के साथ साथ फूड स्टाल लगाया गया। जहां बच्चे अभिभावक समेत स्थानीय लोगों ने जमकर खरीददारी की। इसी रकम को गरीबों के कल्याण हेतु दान किया जायेगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन एजुकेशन सेक्रेटरी फादर थामस मैथ्यू ने दीप प्रज्जवलित एवं फीता काट कर किया। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्या सिस्टर लिम्सी एवं अध्यापकों की लगन निष्ठा की जमकर तारीफ किया। वहीं कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। स्कूल ने सेवा का बीड़ा उठाया और अभिभावकों एवं छात्रों के सहयोग से कार्य सफल रहा। वहीं विज्ञान प्रदर्शनी की प्रशंसा कर बच्चों के बेहतरीन व उच्च कोटि के सोच



की प्रशंसा कर अध्यापकों कों बधाई दिया। वहीं प्रधानाचार्या सिस्टर लिम्सी ने कहा कि क्रिसमस पर्व से पूर्व अनाथालय अथवा अन्य स्थानों पर जीवन निर्वाह कर रहे गरीब निर्धन लोगों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक प्रयास किया गया। जिसमें अभिभावकों एवं अध्यापकों का भरपूर सहयोग मिला। सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान कला, विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल, सामान्य ज्ञान, सामाजिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं आर्थिक विषयों पर प्रदर्शनी लगा। सभी माडल के साथ छात्र एवं अध्यापक सम्बन्धित विषयो की जानकारी देते रहे। इस दौरान प्रमुख रुप से इस दौरान सभासद सिम प्रकाश अग्रहरि सिमपू , सभासद रेखा अग्रहरि, कमलेश अग्रहरि,डा आलोक सिंह पालीवाल, मो अब्बास, डा प्रेम प्रकाश, सौरभ सेठ, सिस्टर ज्योति, सिस्टर प्रेमा, अनिता जायसवाल, गायत्री, सुमन गुप्ता, राजेश, कदीर, पूनम आदि अध्यापक एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

### पूजा स्थल पर भैंस चली जाने से दो पक्षों में हुई मारपीट एक महिला व युवती सहित चार घायल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जल्ला पुर में पूजा स्थल पर भैंस पहुंच जाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक महिला व युवती सहित एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए।

चुर्रासकतपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम जल्ला पुर में आज दोपहर श्रीपाल के पुत्र पंकज कुमार की भैंस खुल गई थी और वह गांव में एक पूजा स्थल पर पहुंच गई इसी बात को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज हो गया इसके बाद पूजा स्थल वाले पक्ष में भैंस स्वामी श्रीपाल के पुत्र पंकज कुमार श्रीपाल की पत्नी पत्नी बल्लो देवीए बेटे सेजल कुमार तथा पुत्री उर्वशी को मारपीट कर धायल कर दिया जबकि दूसरे पक्ष के भी चार लोगों के घायल होने की सूचना पुलिस को मिली है पुलिस ने प्रथम पक्ष के सभी घायलों को जिन्होंने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु तहरीर दी है।

### भूमि विवाद में खूनी संघर्ष आधा दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत रफीपुर गांव में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर चलें लाठी डंडे में आधा दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के रफीपुर गांव में गुरुवार को जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में कहासुनी के दौरान जमकर चलें लाठी डंडे से दोनों पक्षों से 20 वर्षीय परविंदर पुत्र दुधनाथ, 19 वर्षीय अर्चना पुत्री संदीप, 19 वर्षीय गुड़िया पुत्री मदनलाल, 42 वर्षीय रजपत्ती देवी पत्नी मदनलाल, 45 वर्षीय मदनलाल पुत्र प्रेम चंद, व 32 वर्षीय बेचन पुत्र प्रेम चंद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# व्यायाम शिक्षक किए गए सम्मानित



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुइथाकला। विगत दिनों बेसिक स्कूलों के बच्चों के बीच हुई खेलकूद प्रतियोगिता में शिक्षा क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य को देखते गुरुवार को एआरपी बन्धुओं द्वारा व्यायाम शिक्षक राकेश कुमार यादव को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।इस दौरान मौजूद लोग उन्हें बधाई देते नजर आए। श्री यादव वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय कोटिया में बतौर सहायक अध्यापक तैनात हैं। जहां जिले में तहसील को दूसरे पायदान पर लाने में शिक्षा क्षेत्र के प्रतिभागियों की महत्ता के पीछे श्री यादव की भूमिका सराहनीय रही, वहीं उनकी देखरेख में मण्डल स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए बच्चों के प्रदेश स्तर पर पहुंचने का रास्ता साफ हो गया। जिसे लेकर लोग काफी उत्साहित दिखे। उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए गुरुवार को एआरपी पंकज सिंह, त्रिवेणी विन्द मनोज सिंह व एजाज अहमद द्वारा स्थानीय बीआरसी सभागार में सूक्ष्म कार्यक्रम के दौरान उन्हें मोमेंटो, अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित करने का कार्य किया गया। इस दौरान डा रणंजय सिंह, सतीश सिंह व सुधाकर सिंह, हनुमान प्रसाद अनुपमा अग्रहरि, वन्दना, संगीता समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन अजय मिश्र व पारस नाथ यादव ने किया। अन्त में श्री यादव द्वारा सभी के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया गया।

### युवती को दूसरे समुदाय का युवक लेकर गया, परिजनों ने धर्म परिवर्तन का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। बीसलपुर नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती को नगर के दूसरे मोहल्ले में रहने वाले दूसरे समुदाय का युवक अपने साथ ले गया युवती के पिता ने बेटी वहला फुसलाकर कर ले जाने के मामले की प्राथमिकी उक्त युवक के विरुद्ध कोतवाली में पंजीकृत कराई है। कोतवाली में पंजीकृत कराई गई प्राथमिकी में नगर के एक मोहल्ला निवासी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी बेटी बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। जिसकी गुमशुदी उनके द्वारा कोतवाली में पंजीकृत कराई थी लेकिन आरोप है कि उनकी बेटी घर से अपनी इच्छा से नहीं गई बल्कि उसे नगर के एक मोहल्ले का रहने वाला आकाश नाम का युवक उसे वहला फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा कर ले गया तथा उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। पुलिस ने घटना की प्राथमिकी पंजीकृत करने के बाद कार्यवाही शुरू कर दी है।

### प्राण घातक हमले में अधिवक्ता हुआ घायल, कोतवाली में लगाई मदद की गुहार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के मदरहां गांव के निवासी वीरेंद्र प्रताप सिंह शाहगंज तहसील में एक अच्छे अधिवक्ता के रूप में जाने जाते हैं ।वीरेंद्र सिंह का अपने पट्टीदार से नाली की पानी को लेकर प्रातः 08.00 बजे विवाद हो गया था लेकिन थोड़ी देर बाद पूरा मामला शांत हो जाने के बाद अधिवक्ता दैनिक दिनचर्या के बाद अपने तहसील जाने की तैयारी में लग गए थे अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह का कहना है कि जैसे ही वे घर के बाहर चारपाई निकाल कर आराम कर रहे थे कि तभी अचानक गोलबंद तरीके से विपक्षी जितेंद्र पुत्र सूबेदार, अतुल पुत्र जितेंद्र व कुछ अज्ञात युवक अचानक आकर अधिवक्ता के ऊपर हमला कर दिए। अधिवक्ता किसी तरीके से अपनी जान बचाकर घर की तरफ भागने का प्रयास किया लेकिन विपक्षियों ने अधिवक्ता को तब तक लहूलूहान कर दिया ।

# नगरपालिका मुंगराबादशाहपुर के सभासद चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजयी



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मछलीशहर।** पूर्व सभासद चंदा देवी के निधन के बाद रिक्त नगरपालिका मुंगराबादशाहपुर के वार्ड नं. 4 पकड़ी गोदाम के लिए हो रहे सभासद चुनाव के लिए गुरुवार को तहसील परिसर में मतगणना हुई। जिसमें भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी अमित कुमार, सपा से अधिकृत प्रत्याशी हरिश्चंद्र को 62 मतों से हराया।

भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार को कुल 338 मत मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के हरिश्चंद को 276 मत प्राप्त हुए।वहीं निर्दल प्रत्याशी मो.आकिब को मात्र 24 मत मिले। कुल 650 मत पड़े थे,जिसमें 11 मत अवैध थे।निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार अजीत कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ.अविनाश सिंह की उपस्थिति में शांति पूर्ण ढंग से मतगणना हुई। नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि गुप्ता सहित सभी सभासदों, समर्थकों ने विजई प्रत्याशी को शुभकामनाएं दी।तहसील परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ककवन, बिल्हौर, शिवराजपुर, चौबेपुर ब्लॉक का तूफानी निरीक्षण किया





**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी ब्लॉकों का मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने तूफानी दौड़ा किया ककवन, बिल्हौर, शिवराजपुर, चौबेपुर विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया इस दौरान तमाम पत्रावली त्रुटियों और लापरवाही पर विभागीय कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए।

> बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी पहुंचकर अधिकारी ने वहां पर स्टोर रूम में दबा के रखरखाव और दवा की क्वालिटी के बारे में भी कर्मचारी से पूछताछ की और शिवराज पुर के लिए निकल गई।

ककवन विकासखंड मुख्यालय पर निरीक्षण के दौरान पत्रावली सही क्रम से न मिलने पर जिम्मेदार स्थापना बाबू को फटकार लगाते हुए सही क्रम से पत्रावली बनाने के निर्देश दिए इस दौरान अलग-अलग पटल पर जाकर तमाम विकासखंड कार्यालय में चल रही योजनाओं के बारे में जानकारियां ली इसके बाद ककवन - कानपुर देहात बॉर्डर पर स्थित पांडु नदी को भी देखा और वहां पर सुंदरीकरण को लेकर भी मौजूद अधिकारियों से चर्चा की इस मौके पर पुल की टूटी रेलिंग के बारे में तत्काल लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूचना देने की बात कहते हुए मरम्मत करने के निर्देश दिए इसके बाद ककवन गौशाला में जाकर अमृत सरोवर और गौशाला का भी निरीक्षण किया हालांकि इस मौके पर अमृत सरोवर में मौजूद जलकुंभी को लेकर ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए अगले महीने तक जलकुंभी हटाने की बात कही इसके बाद मनावा ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा के अंतर्गत नाली खुदाई कार्य को देखने खुद लगभग 1 किलोमीटर पैदल चाल कामकाज को देखा और मास्टर रोल से मजदूरों की हाजिरी भी लगाई इस मौके पर महिला मेट के द्वारा उसके स्थान पर पति के द्वारा काम करने पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि दोबारा देखे जाने पर कठोर कार्रवाई अधिकारियों के विरुद्ध की जाएगी

# शिवराजपुर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का,आयोजन राम सहाय इंटर कॉलेज बैरी के मैदान में हुआ, मुख्य अतिथि में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई ने दीप प्रज्वालित कर उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्र के कई विद्यालयों में बच्चों ने सौ,दो सौ,चार व छः सौ मीटर की दौड़ में भाग लिया।,

राम सहाय इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल मनोज पटेल और खंड शिक्षा अधिकारी कृपाशंकर यादव ने बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को खेल के महत्व और इसके माध्यम से व्यक्तिगत विकास के बारे में बताया। सुबोध शुक्ला, जितेंद्र गौड़, करुणेश त्रिपाठी, गजेंद्र सिंह, सरिता कटियार, राजीव मिश्रा, शिवेन्द्र सिंह, अनिल पाल, सुनीता शुक्ला, प्रदीप, धर्मेंद्र यादव, सीमा, रुचि शुक्ला, रूपान्जलि, सौरभ मिश्रा, पुष्पेंद्र, पारुल, प्रीतम, आशीष, आतिश, आकाश अरविन्द दिनेश आदि शिक्षक और ब्लॉक के बच्चे उपस्थित थे। आयोजन के अंत में, नदीहा संकुल के बच्चों ने चैम्पियनशिप जीती, जिसे सभी ने सराहा।

आयोजन में बच्चों के लिए एक अच्छा अवसर था, जहां उन्होंने न केवल खेल में भाग लिया।

## बिल्हौर में श्रीराम कथा कलश यात्रा के दौरान ऐतिहासिक भीड़ रही, जीटी रोड पर लगा रहा जाम

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर कस्बे में वनखंडेश्वर सेवा समिति के द्वारा विगत वर्षों की भांति लगातार 25वीं वर्ष श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। बिल्हौर इंटर कॉलेज में 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाली श्री राम कथा के गुरुवार को कस्बे में भव्य शोभा यात्रा निकाल कर कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ो राम भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा के दौरान बिल्हौर कस्बाराममय नजर आया व्यापारियों ने पुष्प वर्षा, इत्र और प्रसाद वितरण किया। कथा वाचक जगतगुरु परम पूज्य श्री राम दिनेशाचार्य श्री धाम अयोध्या से पधारे दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 तक बिल्हौर इंटर कॉलेज प्रांगण में श्री राम कथा का रसपान भक्तों को कराएगे श्री बंनखंडेश्वर मंदिर का यह 25वां सिल्वर जुबली महोत्सव है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान संघ अध्यक्ष ठा अजीत सिंह राजावत, आशीष सिंह उर्फ मोनू श्रीराम की कलश यात्रा में बग्घी लेकर आगे आगे चल रहे थे, रामू कटियार, सत्येंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कटियार, सतीश चंद्र गुप्ता, रामचंद्र कटियार, समाजसेवी सुमित गुप्ता, केशव सिंह, मदनलाल गुप्ता, प्रभाकर श्रीवास्तव, राजेश त्रिपाठी, आलोक कटियार, अनुराग अवस्थी उर्फ मार्शल, सर्वेश कटियार, हरिओम गुप्ता, डॉ अजय मोहन शुक्ला, प्रेम प्रकाश, पंकज त्रिपाठी, आशीष कुमार, विजय तिवारी, दीपू कटियार, राजीव दुबे, विवेक सविता, विनोद श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा अध्यक्ष, नीरज श्रीवास्तव, महेंद्र कुशवाहा महामंत्री, आदर्श त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर गरुण वाहिनी की शुरुआत की



**जन एक्सप्रेस । पंकज यादव**

आज दिनांक 19.12.2024 को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी उन्नाव सोनम सिंह क्षेत्राधिकारी नगर उन्नाव द्वारा गरुण वाहिनी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया अपराध होंने पर पीड़ित को तत्काल सहायता प्रदान करने की उन्नाव पुलिस का सराहनीय कदम, गरुण वाहिनी में शामिल दुपहिया वाहन थाना कोतवाली सदर, थाना दही, थाना गंगाघाट, थाना अचलगंज क्षेत्र में सुबह व शाम के समय विशेष रुप से हाइवे मार्ग, बाजार एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर सक्रिय रहकर अपराधो की रोकथाम करेंगे तथा कोई घटना हो जाने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर सहायता उपलब्ध करायेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात मधुपनाथ मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद व भवन सिंह मौर्य यातायात प्रभारी उन्नाव मौजूद रहे।

## भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** 19 दिसंबर 2024 अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री सुशील कुमार गोंड की अध्यक्षता में भू-अर्जन कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में निर्देश दिये गये कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के अन्तर्गत चेन्ज आफ स्कोप में तहसील सदर, सफीपुर व बॉगरमऊ में परियोजना हेतु अवशेष रकबे का एक सप्ताह में बैनामा का निष्पादन कराया जाये तथा औद्योगिक गलियारा परियोजना के सम्बन्ध में अवशेष रकबे का बैनामा निष्पादित कराया जाये तथा एन0एच0-31, एन0ई0-6 व रिंग रोड़ परियोजना से सम्बन्धित समीक्षा की गयी तथा ज्यूडिशियल न्यायालय व ग्राम न्यायालय की स्थापना हेतु तहसील सदर, बीघापुर व बॉगरमऊ के प्रस्ताव हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव, उपजिलाधिकारी सदर, बीघापुर तथा एन0एच0ए0आई के प्रतिनिधि, कार्यदायी संस्था पी0एन0सी0 के प्रतिनिधि व कार्यालय वशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, हाइवे पर हड़कंप



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**शुक्लागंज।** गंगा घाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के हाइवे पर बृहस्पतिवार पूर्वाह्न 8 बजे त्रिभुवन खेड़ा इलाके के निकट एक कबाड़ से लगे ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके बाद देखते ही देखते ट्रक धू धू कर जलने लगा। ट्रक चालक ने किसी तरह ट्रक के बाहर कूद कर अपनी जान बचाई। सिद्धार्थ नगर से कबाड़ लाद कर लखनऊ से कानपुर जाने के दौरान हुए इस हादसे में आग इतनी भीषण थी कि पीछे से आ रहे वाहनों की रफ्तार में भी ब्रेक लग गई। 112 पर दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने यातायात रोक लगा दी। इसी दौरान जाजमऊ चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। चौकी इंचार्ज ने खास तौर पर सीएनजी वाहनों को ट्रक से दूर करवाया जिससे आग की चिंगारी से कोई और बड़े हादसे से बचा जा सके। पुलिस की सूचना पर उन्नाव से पहुंचे दमकल कर्मियों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान कानपुर- लखनऊ हाइवे दो घंटे से ज्यादा यातायात प्रभावित रहा। ट्रक की आग जब पूरी तरह बुझ गई तब पुलिस ने एक एक कर वाहनों को रवाना किया। पुलिस ने कबाड़ से लदे ट्रक में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई,और बताया की यातायात सामान्य तरह से संचालित हो रहा है। कानून व्यवस्था संबंधित कोई समस्या नहीं है

## ढमोला नदी में गोबर बहाने पर डेयरी पर 57 हजार जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर**



सहारनपुर। नगर निगम ने आज नदी-नालों में गोबर बहाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। गिल कॉलोनी में ढमोले के किनारे पशु डेयरी चलाने वाले एक डेयरी संचालक से 57 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। भविष्य में न सुधरने पर पशुओं को जब्त करने तथा जुर्माना व एफआईआर की चेतावनी दी गयी। नगर निगम ने आज नाले-नालियों व नदियों में गंदगी बहाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया। निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में निगम के अधिकारियों ने आज बेरीबाग, दिल्ली रोड व गिल कॉलोनी की करीब आधा दर्जन डेयरियों का निरीक्षण किया। निगम अधिकारियों ने पाया कि गिल कॉलोनी में ढमोले की जमीन पर अवैध कब्जा कर डेयरी चला रहे एक संचालक द्वारा भैंसों का गोबर सीधे ढमोला नदी में बहाया जा रहा है।

पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. मिश्रा ने बताया कि उक्त डेयरी संचालक पर पहले भी कार्रवाई की गयी थी, लेकिन उससे भी कोई सुधार नहीं हुआ। इसीलिए आज एक हजार रुपये प्रति पशु के हिसाब से 57 पशुओं पर 57 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने डेयरी संचालक को चेतावनी दी कि यदि दोबारा गोबर नदी में बहाया हुआ पाया गया तो पशुओं को जब्त कर भारी जुर्माने के अलावा एफआईआर भी करायी जायेगी। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल के जवान भी मौजूद रहे।

# बैंक चोरी की घटना का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



कोठी कोतवाली क्षेत्र के कैसर गंज स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा में चोरी के मामले का पर्दाफाश करने में कोठी पुलिस ने सफलता हासिल की है। स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से कोठी पुलिस ने चोरी में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से बैंक से चोरी की गई रूपये गिनने की मशीन, जमा पर्ची, तमंचा कारतूस सहित, पायल, सब्बल सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है।दो लोगों ने ही वारदात को अंजाम दिया था।बीते आठ नवम्बर की रात कैसर गंज स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा में सेंध काटकर भीतर दाखिल होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त रोहित व दीपक ने बताया कि चोरी करने से पहले रेकी कर सेंध काटने के स्थान आदि को चिन्हित किया। अभियुक्त रोहित द्वारा बैंक के अंदर जाकर कैश काउंटर को खंगाला। नकदी न मिलने पर नोट गिनने की मशीन सहित अन्य सामानो को चोरी कर लिया। शाखा प्रबंधक की शिकायत पर कोठी पुलिस केस दर्जकर मामले की पड़ताल में जुट गई। उसके बाद कोठी कोतवाली पुलिस के अलावा इस मामले में स्वाट व सर्विलांस की टीम को भी जांच में लगाया। इसके बाद संदिग्ध मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाकर पुलिस आरोपितों को ट्रेस करने में सफल हो गई। गुरुवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डाक्टर अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि बैंक में चोरी के मामले में रोहित कोरी पुत्र जगन्नाथ कोरी व दीपक पुत्र राम चंदर निवासी ग्राम संसारा थाना हैदरगढ़ कोठी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपित पहले भी चोरी के कई मामलों में जेल जा चुके हैं। आरोपितों के पास बैंक से चोरी की गई नोट गिनने की मशीन, जमा पर्ची, तमंचा व कारतूस, पायल, सब्बल सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों चोर के भाई पहले से जेल में बंद है। जिनमे रोहित के ऊपर करीब 15 मुकदमे दर्ज है। आरोपितों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, स्वाट टीम प्रभारी अजय सिंह सहित वरिष्ठ उप निरीक्षक शिव सागर तिवारी, उप निरीक्षक फिरोज खां, विशेष कुमार कुरील, ध्रुवराज, बलि करन, इमरान अली, दिनेश यादव, दिलीप प्रजापति, नवनीत तिवारी, राहुल कुमार सहित आदि शामिल थे। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह व क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक सहित अन्य ने कोठी पुलिस की सराहना की है।

# उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग कप में सर्वाधिक पदकों पर कब्जाकर मेरठ की टीम बनी ओवरऑल विजेता

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर**



उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग कप का पुरुस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता मे सर्वाधिक पदको पर कब्जाकर मेरठ की टीम ओवरऑल विजेता तो शामली की टीम ने उपविजेता बनाने का खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियो को अतिथियो के द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविन्द शेरवालिया ने बताया कि डॉ.भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर मे वाको उत्तर प्रदेश किकबॉक्सिंग कप 2024 का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया ढ्ढ जिसमे 19 जिलो से खिलाड़ियो ने प्रतिभाग कर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता मे सर्वाधिक पदको पर कब्जाकर मेरठ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल विजेता व शामली की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता बनाने का खिताब अपने नाम किया जबकि गाजीपुर की टीम ने तृतीय स्थान व वाराणसी की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। प्रतियोगिता के पुरुकार वितरण समारोह मे किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविन्द शेरवालिया, कोषाध्यक्ष व प्रतियोगिता के तकनीकी निदेशक सुशील कौशिक, खेल शिक्षक अमित चौधरी, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, मनोज प्रजापति, इंटरनेशनल रेफरी सोनू सैनी, आदित्य मकोरवाल, मुस्तकीम अंसारी, अभिषेक चौधरी आदि के द्वारा विजेता खिलाड़ियो को मेडल पहनाकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। महासचिव अरविन्द शेरवालिया ने विजेता खिलाडियो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज किक बॉक्सिंग खेल विश्व के कई देशो मे मान्यता प्राप्त संघो के तत्वाधान मे खेला जाता है उन्होने आगामी होने वाली किक बॉक्सिंग प्रतियोगिताओ के बारे मे भी जानकारी दी। किक बॉक्सिंग कप मे तकनीकी निदेशक की भूमिका सुशील कौशिक, सहायक निर्देशक की भूमिका आदित्य मकोरवाल, मुख्य रेफरी की भूमिका सोनू सैनी, अमित कुमार सिंह व रेफरी की भूमिका उदयवीर सैनी, नीरज शर्मा, आकाश कुमार, राहुल कुमार, शुभम निवाल, अंश मकोरवाल, आदित्य भाल, सौरभ नेन, मुनसरिन, नीलेश यादव के द्वारा निभाई गई ढ्ढ प्रतियोगिता का सफल संचालन सुशील कौशिक व आदित्य मकोरवाल के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता मे तबरेज अहमद, मनोज प्रजापति, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश कुमार, मुस्तकीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

### आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने संविधान शिल्पी डॉ भीम राव अम्बेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गुरुवार को आप जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि देश में जब संविधान पारित हुआ था तब जनसंघ और आरएसएस ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का पुतला जलाया था। आरएसएस और भाजपा शुरू से ही अंबेडकर की विचारधारा के खिलाफ रही है। आरएसएस की कोख से जन्मी भारतीय जनता पार्टी डॉ अम्बेडकर और उनके बनाए संविधान का विरोध करती है। बीते दिनों सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ अम्बेडकर पर टिप्पणी करते हुए उनका अपमान किया है। धर्मवीर ने आगे कहा कि बाबा साहब ने भारत के दलित, शोषित और वंचित समाज के लोगों की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने ऊंच-नीच का भेद मिटाकर सबको बराबरी से रहने का अधिकार दिया है।

### एसडीम व उपनिबंधक ने भूमि का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। रजिस्ट्री कार्यालय के स्थानान्तरण को लेकर अधिवक्ताओं की कलमबंद हडताल 25वें दिन भी जारी रही। अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तावित भूमि का एसडीएम व उपनिबन्धक ने हल्का लेखपाल के साथ भूमि का मौके पर निरीक्षण किया। ज्ञात हो दि बार एसोसिएशन के वकीलों ने लगातार कलमबंद हडताल करके प्रस्तावित रजिस्ट्री कार्यालय की भूमि पर निर्माण कार्य न किए जाने की मांग की जा रही है। वही अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री दफ्तर सीओ कार्यालय के पास स्थित भूमि पर निर्माण किये जाने पर सर्व सम्मति से सहमति जाहिर की है। जिसके परिपेक्ष्य में गुरुवार को एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा, उपनिबन्धक अवधेश कुमार मिश्रा ने क्षेत्रीय हल्का लेखपाल विकास रावत के साथ मौका मुआयना कर अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल से अपनी बात रखते हुए कहा, कि हम अपने उच्चाधिकारियों को इस प्रस्ताव के बारे में पत्राचार कर समाधान करने का प्रयास करेंगे। वही अधिवक्ताओं के खेमे में भी स्थानीय तहसील प्रशासन की इस पहल से आशा की एक किरण जगी है कि पुरानी तहसील परिसर के आसपास ही रजिस्ट्री कार्यालय सुगमता के साथ स्थापित हो सकेगा। इस मौके पर बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम का कहना है, कि स्थानीय तहसील प्रशासन और उच्चाधिकारियों से वार्ता का दौर युद्ध स्तर पर जारी है। जल्द ही परिणाम जनहित के लिए कल्याणकारी व सकारात्मक होंगे और प्रशासन से हमारे संघर्ष को सहयोग देने का कार्य करेगा हमें ऐसी उम्मीद है। धरना प्रदर्शन के दौरान संजय सिंह नम्बरदार, राजीव नयन तिवारी, ओम प्रकाश यादव, हरिनाम सिंह वर्मा, यादवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रिंस वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रेमचन्द्र पाल, इन्द्रेश शुक्ला, हरीश मौर्य, गणेश शंकर मिश्र, मदन मोहन मिश्र, नफीस अहमद, अवधेश श्रीवास्तव, विकास, झानू सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव, रमेशचन्द्र रावत, अनीत रावत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।



## छत से कूदे युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी एक युवक का बीते रविवार शाम पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद युवक ने छत से छलांग लगा दी। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिए ले गए। जहां बुधवार रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पोनी रोड गांधीनगर निवासी 30 सोनू गुप्ता का रविवार शाम करीब पौने सात बजे पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़ा बढ़ने के दौरान सोनू छत पर पहुंचा। जहां उसने दो मंजिला से नीचे छलांग लगा दी। सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख घर में मौजूद परिजन दौड़े और आनन-फानन उसे इलाज के लिए नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बुधवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौत पर मां ममता, पिता बसंतलाल और पत्नी आशा समेत सभी परिजन युवक की मौत से सदमे में हैं। दोपहर को जब सोनू का शव घर लाया गया तो घर में कोहराम गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### गंगा घाट पुलिस ने दुष्कर्म में फरार चल आरोपी को हिरासत में लिया

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी दुष्कर्म और पास्को के आरोपी प्रकाश सूरज निषाद को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि प्रकाश सूरज निषाद के खिलाफ कोतवाली में पॉक्सो और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था और वह इस मामले में फरार चल रहा था। पुलिस पिछले कुछ समय से उसकी तलाश कर रही थी। गुरुवार को पश्चिमी चौकी इंचार्ज कृष्णकान्त को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकाश सूरज निषाद चंपापुरवा में छिपा हुआ है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्रकाश सूरज निषाद को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे के आधार पर आवश्यक कार्रवाई कर उसे कोर्ट में पेश किया गया है।

### कबड्डी बालिका वर्ग में द वंडर यूथ क्लब ने ट्राफी पर किया कब्जा

**जन एक्सप्रेस । बस्ती।** कुदरहा ब्लाक के राघव रामबचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ के परिसर में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व विशिष्ट अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कल्याण विभाग ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारने का काम कर रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार गांव में युवक मंगल दल का गठन कर बच्चों को खेल के प्रति जागरूक कर रही है। विशिष्ट अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पढाई के साथ ही साथ खेल अवश्य खेलना चाहिए। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खेल जगत में भी बच्चों का कैरियर सवर रहा है। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में राजेश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही 800 मीटर दौड़ में संगीता प्राथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। लंबी कूद बालिका वर्ग में रिया व ऊंची कूद में खुशी ने जीत हासिल की। कबड्डी बालिका वर्ग में द वंडर यूथ क्लब की टीम जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा किया। कार्यक्रम आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राधा गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# राहुल जानबूझकर सांसदों के पास गए, वह नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं: शिवराज चौहान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान से संबंधित मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आद संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। भाजपा ने इस धक्का-मुक्की के लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। इसके साथ ही पार्टी के सांसद बांसुरी स्वराज और अनुराग ठाकुर संसद मार्ग थाने में राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, इसके जवाब में कांग्रेस सांसद संसद मार्ग थाने पहुंचें। उन्होंने भाजपा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस पर सदन के भीतर अस्भयता करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने बताया कि राहुल गांधी जानबूझकर सांसदों के पास गए। वे गुंडे जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में भाजपा उचित कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

## शिवराज सिंह चौहान ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा, ÷मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज जो कुछ भी किया उसके लिए माफी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की? उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था। लेकिन आज उन्होंने (राहुल गांधी) जो किया वह सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय है। आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, तो राहुल गांधी वहां आ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने के लिए दूसरी जगह का इस्तेमाल करने को कहा। लेकिन वे जानबूझकर वहां आए। केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा, आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तब राहुल गांधी आए। सुरक्षाकर्मियों ने उनसे कहा कि बगल में जो जगह है आप जाने के लिए उसका उपयोग कर सकते हैं। लेकिन उन्होंने जानबूझकर हमारे सांसदों के बीच पहुंचे और धक्का-मुक्की भी की।

### भाजपा करेगी उचित कार्रवाई

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 卐हमारे सांसदों ने शिकायत दर्ज कराई। भाजपा इस मामले में उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी गुंडे जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने वहां धक्का-मुक्की की। हमारे वरिष्ठ सांसद प्रताप सारंगी गिर गए और उन्हें सिर पर चोट लगी। वे आईसीयू में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। वे बेहोश थे। उनका एमआरआई स्कैन कराया जा रहा है। क्या संसद में तर्क की जगह बाहुबल का इस्तेमाल होगा? हमारी आदिवासी सांसद फांगनोन कोन्याक ने जो कुछ भी कहा, हम उससे दुखी हैं। उन्होंने राज्यसभा के सभापति से इसकी शिकायत की। उनके साथ अनुचित दुर्व्यवहार किया गया। सभापति ने बताया कि वह रोते हुए उनके पास पहुंचीं। उन्होंने आगे कहा, 卐क्या हो गया है राहुल गांधी और कांग्रेस को। आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया जिसकी सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता। उन्होंने क्षमा नहीं मांगी। मुझे तो समझ ही नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उनका अहंकार झलक रहा था।

# इंदिरापुरम में हुक्काबार संचालित करते मालिक और मैनेजर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद थाना इंदिरापुरम के शक्ति खंड 2 में अवैध हुक्काबार में छापा मारकर पुलिस ने बार मालिक और मैनेजर को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से काफी मात्रा में हुक्का के प्रयोग में होने वाली वस्तुओं की भी बरामदगी किया है। कोतवाली इंदिरापुरम क्षेत्र अंतर्गत शक्तिखंड 2 में डी मॉल के पास रात्रि गश्त के दौरान टी.ओ.डी. क्लब में सर्च अभियान किया जिसमें मौके पर हुक्का संचालित होते पाया गया। जबकि इसके वैधानिक लाइसेंस मांगा गया तो मालिक रौनक सिंह और मैनेजर आकाश दिखा नहीं पाए। जिसके बाद पुलिस ने हुक्का बार और हुक्का प्लेट सहित अन्य अवैधानिक पदार्थ जब्त करते हुए दोनों मालिक और मैनेजर को हिरासत में लिया।

## प्रदेश के टॉप थाना तो थाने का टॉप इलाका शक्ति खंड

प्रदेश के सबसे टॉप थानों में शुमार है। जहां के क्षेत्र में तैनाती को लेकर सत्ता के गलियारों तक की पहुंच रखने वाले अधिकारी ही पाव जमा पाते हैं। इसका कारण बढ़ती हुई आबादी और आधुनिकता की होड़ में दिल्ली की टक्कर देने वाली जरूरतों की उपलब्धता । नोएडा और दिल्ली के नजदीकी इसके प्रभुत्व को और बढ़ा देता है। नशे और आधुनिकता की होड़ में इंदिरापुरम में खूब बार और पब संचालित हो रहे हैं। लेकिन आशीर्वाद के बाद यह आशीर्वाद की श्रेणी बंटी हुई है । कुछ राजनीतिक है तो कुछ पुराने माहिर खिलाड़ी जिनकी पहुंच तथाकथित मठाधीश की भूमिका में शासन प्रशासन की धौंस दिखा अपना वर्चस्व स्थापित किए विभाग के तथाकथित अधिकारी की। जिसके कारण गलियों चौबारों तक यह धंधा फल फुल रहा है। जिसके यहां छापा पड़ा वह गिरफ्त में जो नहीं पकड़ा जा रहा वह भाग्यशाली बना बैठा है।

# केजरीवाल-आतिशी को सुप्रीम राहत, मानहानि मामले में कार्यवाही पर चार हफ्ते की रोक बढ़ाई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्रियों आतिशी और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक मानहानि मामले की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया। इन दोनों पर 2018 में राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम कथित रूप से हटाए जाने पर टिप्पणी करने का आरोप है। शिकायत दर्ज कराने वाले भाजपा नेता राजीव बब्बर ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा तो न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने उन्हें चार सप्ताह का समय दे दिया। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर मामले में उनसे जवाब मांगा था। इस बीच, शीर्ष अदालत ने कहा कि मानहानि मामले में निचली अदालत में कार्यवाही स्थगित रहेगी। आतिशी और केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के 2 सितंबर के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। उन्होंने 2018 में मतदाता सूची से कुछ समुदायों से संबंधित 30 लाख मतदाताओं के नाम कथित रूप से हटाए जाने पर टिप्पणी की थी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत में लंबित मानहानि की कार्यवाही को चुनौती देने वाली आतिशी, केजरीवाल और अन्य की याचिका को सितंबर में खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि आरोप प्रथम दृष्टया अपमानजनक थे, जिनका उद्देश्य भाजपा को बदनाम करना और अनुचित राजनीतिक लाभ प्राप्त करना था।

### केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा ने अग्रवाल समाज के 50 फीसदी वोट लिस्ट से कटवा दिए हैं

बता दें कि यह मामला 2018 में उस सामने आया था, जब केजरीवाल सीएम थे। उन्होंने दिसंबर 2018 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा था कि अग्रवाल समाज के दिल्ली में आठ लाख वोटर हैं। इसमें से करीब चार लाख वोट भाजपा ने कटवा दिए हैं। केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा ने अग्रवाल समाज के 50 फीसदी वोट लिस्ट से कटवा दिए हैं। उन्होंने ये भी दावा किया था कि ये वोट पहले भाजपा के थे, लेकिन नोटबंदी और जीएसटी की वजह से ये लोग नाराज थे। इस पर भाजपा नेता राजीव ने केजरीवाल के बयान को पार्टी की साख को नुकसान पहुंचाने वाला बताया था। उन्होंने केजरीवाल के साथ ही आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं सुशील कुमार गुप्ता और मनोज कुमार के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था।

# धक्का-मुक्की की घटना पर भड़के उपराष्ट्रपति

## बोले, अनुकरणीय आचरण का प्रदर्शन करें सांसद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि सांसदों को अनुकरणीय आचरण का प्रदर्शन करना चाहिए। धनखड़ की टिप्पणी आज हुई उस घटना को लेकर आई है। जिसमें संसद परिसर में बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने कथित तौर पर धक्का-मुक्की की थी। इसमें भारतीय जनता पार्टी के दो सांसद - प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत चोटिल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आगाह किया कि अगर संसद लोगों की समस्या का समाधान करने में विफल होकर केवल संवाद, बहस और चर्चा का केंद्र रह जाती है, तो यह अप्रासंगिक हो जाएगी और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर इसका गंभीर असर होगा। संसद परिसर में भारतीय वन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रवाद के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय हित को हर चीज से ऊपर रखना जरूरी है। राज्यसभा के सभापति ने कहा कि अगर राष्ट्रीय सुरक्षा या विकास के मुद्दों को राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है, तो हम संविधान की अपनी शपथ के प्रति सच्चे रहने में विफल हो जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि, सांसदों को अनुकरणीय आचरण का प्रदर्शन करना चाहिए। यदि संसद संवाद, बहस और चर्चा का केंद्र नहीं बन पाती है, तो वह लोगों के मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहती है।



# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट के नेतृत्व में एसडीएम सदर अरूण दीक्षित सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ देर रात्रि भ्रमण में जनपद के विभिन्न स्थलों पर नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत द्वारा संचालित रैन बसेरों एवं अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें ठहरे हुए व्यक्तियों से रैन बसेरों में की गयी व्यवस्था की जानकारी ली गयी व सड़कों पर सो रहे निराश्रित, असहाय व कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को जोनल अधिकारियों के माध्यम से रैन बसेरे में पहुँचाया गया। औचक निरीक्षण के दौरान स्थायी रैन बसेरा, पुराना बस अड्डा गाजियाबाद, नासिरपुर फाटक निकट रेलवे क्रासिंग, गाजियाबाद सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही कर्मचारियों को सख्त निर्देश भी जारी किया गया। जिससे ठंड के कारण कोई जनहानि नहीं होने पाए।

# यूपी और हरियाणा को पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के एससी ने दिए निर्देश, दिल्ली को भी दिए आदेश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार को अगले आदेश तक पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार ने ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए साल भर पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि यह प्रतिबंध तभी प्रभावी होगा, जब एनसीआर क्षेत्र का हिस्सा बनने वाले अन्य राज्य भी इसी तरह के उपाय लागू करेंगे। यहां तक कि राजस्थान राज्य ने भी राजस्थान के उस हिस्से में इसी तरह का प्रतिबंध लगाया है, जो एनसीआर क्षेत्रों में आता है। फिलहाल हम उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों को दिल्ली राज्य द्वारा लगाए गए समान प्रतिबंध लगाने का निर्देश देते हैं।

# एक दिन आप बनेंगे सीएम, मेरी शुभकामनाएं आपके साथ: फडणवीस



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम अजित पवार को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने गुरुवार को शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा में अजित पवार से कहा कि आज एक दिन जरूर सीएम बनेंगे। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। आपको स्थायी डिप्टी सीएम कहा जाता है। लेकिन आप सीएम बनेंगे। वह नागपुर में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में अपने संयुक्त संबोधन के लिए राज्यपाल के धन्यवाद प्रस्ताव पर विधान सभा में बहस का जवाब दे रहे थे। इस दौरान देवेंद्र फडणवीस ने यह भी कहा कि वे और उनके दोनों डिप्टी सीएम 24×7 घंटे शिफ्ट में काम करेंगें। उन्होंने कहा कि अजित पवार सुबह काम करेंगे क्योंकि वह जल्दी उठते हैं। मैं दोपहर 12 बजे से आधी रात तक काम करूंगा। वहीं, शिंदे की ओर इशारा करके सीएम देवेंद्र ने कहा कि वे पूरी रात ड्यूटी पर रहते हैं। आप सभी जानते हैं कौन। शिंदे जी देर तक काम करने के लिए जाने जाते हैं। चाचा शरद पवार की छाया से निकलकर अजित पवार अब महाराष्ट्र में राजनीतिक हैसियत रखने लगे हैं। अजित पवार ने 5 दिसंबर को छठवीं बार डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी। इस बार उनकी पार्टी एनसीपी के 41 उम्मीदवार चुनाव जीते हैं।

### देश में कोई नेता नहीं हो पाया इतनी बार डिप्टी सीएम

अजित पवार एनसीपी के ऐसे नेता हैं, जिन्हें महाराष्ट्र में पांच बार डिप्टी सीएम बनने का अवसर मिला है। उन्हें चार बार यह अवसर उनके चाचा और महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज शरद पवार ने दिलाया था। पांचवी बार अजित ने यह रुतबा चाचा शरद पवार की पार्टी एनसीपी से बगावत करके हासिल किया था। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में अब तक आठ बार उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। इसमें आधे से अधिक बार के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ही हैं। अजित पवार की पार्टी को एकनाथ शिंदे सरकार के विभाग बंटवारे में 10 मंत्रालय मिले थे। इस बार भी उन्हें भरोसा है कि भाजपा उनका पूरा मान रखेगी।

### विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने जीतीं 132 सीटें

बता दें कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में नागपुर दक्षिण पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजित पवार को पद की शपथ दिलाई। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा के 132 सीट जीतने के साथ ही देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार बनकर उभरे थे। महायुति के घटक दलों-भाजपा, शिवसेना और राकांपा के पास विधानसभा में कुल मिलाकर 230 सीटें हैं।

# गैस चैंबर बनी राजधानी: कोहरे, स्मॉग, प्रदूषण और सर्दी चारों तरफ से पड़ रही दिल्ली पर मार, तीन दिन का यलो अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



राजधानी में मौसमी दिशाओं में बदलाव आने के साथ ही कोहरे व स्मॉग की मार लोगों पर पड़ रही है। मौसम विभाग ने तीन दिन के लिए घने से घना कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पहाड़ों से आने वाली हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी ठंड़ी हवाएं कंपकपी बढ़ा रही हैं। गुरुवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्री कम है। जबकि सबसे ठंडा इलाका नरेला रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उधर, सुबह साढ़े सात बजे तक सफदरजंग एयरपोर्ट में दृश्यता 250 मीटर दर्ज की गई। जबकि पालम में 600 मीटर दृश्यता रही। सुबह कोहरे व स्मॉग का असर देखने को मिला। इससे सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को हुई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग और घने से घना कोहरा रहने की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 23 और छह डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। गुरुवार को लोगों को अच्छी-खासी ठंड का अहसास हुआ। दिन के समय कुछ देर के लिए सूरज के दर्शन हुए, लेकिन शाम ढ़लने से पहले ही कुहासा सा छा गया। वहीं, हवा की गति कम होने से कोहरे के साथ लोगों को स्मॉग से राहत नहीं मिली। हालांकि, शाम होते ही ठंडी हवाओं ने ठंडक का अहसास कराया। ऐसे में दिन का तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक के साथ 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नरेला में न्यूनतम तापमान अन्य केंद्र के मुताबिक सबसे कम दर्ज किया गया। यहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पूसा में 5.1, आया नगर में 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### परिवहन से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी सबसे अधिक

आईआईटीएम के मुताबिक, शुक्रवार को हवा पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा 4 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी। वहीं, शाम को हवा पश्चिम दिशा से चलेगी। शनिवार को भी हवा दक्षिण-पूर्व दिशा से चल सकती है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 13.182 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.238 फीसदी रही। वहीं, वेंटिलेशन इंडेक्स 3800 घनमीटर प्रति सेकेंड रहा। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 3000 घनमीटर प्रति सेकेंड रहने का अनुमान है। साथ ही मिक्सिंग डेप्थ 980 मीटर दर्ज की गई।

### गैस चैंबर बनी राजधानी, स्मॉग की चादर में लिपटी

राजधानी गैस चैंबर में तब्दील हो गई है। आसमान में स्मॉग की चादर लिपटी है। ऐसे में यहां सांस लेना दूभर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी सांस के मरीजों के साथ बुजुर्गों व बच्चों को हो रही है। हवा की गति कम होने के साथ ही वायु गुणवत्ता अति गंभीर श्रेणी में दाखिल हो गई है। इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के करीब पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, गुरुवार को एक्यूआई 451 दर्ज किया गया। इसमें बुधवार के मुकाबले 6 अंकों की वृद्धि हुई है, जोकि अति गंभीर श्रेणी है। सीपीसीबी का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को भी कमोबेश यही स्थिति रहने की आशंका है। रात के समय स्मॉग छाया रहेगा। इससे हवा गंभीर श्रेणी में बनी रहेगी। गुरुवार को सुबह से ही स्मॉग छाया रहा। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन आसमान में स्मॉग की मोटी चादर लिपटी रही। इससे धूप पूरी तरह से नहीं खिली। दिन में ही शाम जैसा आसमान हो गया। वजीरपुर, जहांगीरपुरी, आनंद विहार सहित 29 इलाकों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही। साथ ही, चांदनी चौक व द्वारका सहित केवल चार ही इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, हवा उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रही। हालांकि, शाम को हवा की चाल चार किलोमीटर प्रतिघंटा रही। इससे प्रदूषक कण और संघन हो गए। ऐसे में लोगों को स्मॉग का सामना करना पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है।

# बदलापुर दुष्कर्म मामला: बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा, बेटे की गलती की सजा माता-पिता को नहीं मिलनी चाहिए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में मृत आरोपी के माता-पिता को दंडित नहीं किया जाना चाहिए। वे आरोपी नहीं हैं। उन्हें उस गलती की सजा नहीं मिलनी चाहिए, जो उनके बेटे ने की। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार से यह भी पूछा कि क्या सरकार उनके आश्रय और रोजगार की व्यवस्था कर सकती है? न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने मामले में आरोपी के माता-पिता से बातचीत की। आरोपी की इस साल सितंबर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। आरोपी को अगस्त में ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल के शौचालय में दो नाबालिग बच्चियों के साथ पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## मां-बाप को घर से निकाला, नहीं मिल रही नौकरी

आरोपी के माता-पिता ने अदालत को बताया कि उनके बेटे की गिरफ्तारी के बाद से उन्हें हर जगह निशाना बनाया जाता है और वे बदलापुर में अपने घर में भी नहीं रह पा रहे हैं। उन्होंने अदालत को बताया, हमें हमारे घर से निकाल दिया गया है। हम कल्याण रेलवे स्टेशन पर रह रहे हैं। हमें कोई नौकरी भी नहीं मिल पा रही है। हमारे पास पैसे नहीं हैं। इस पर पीठ ने सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर से पूछा कि क्या राज्य सरकार या किसी गैर सरकारी संगठन के माध्यम से माता-पिता की किसी प्रकार की कोई मदद की जा सकती है। पीठ ने कहा, वे (माता-पिता) आरोपी नहीं हैं। यह उनकी गलती नहीं है। उन्हें क्यों भुगतना चाहिए? उन्हें उस चीज के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए, जिसका आरोप उनके बेटे पर लगाया गया है। अदालत ने कहा कि माता-पिता को सरकार और आम जनता के गुस्से का सामना नहीं करना चाहिए। पीठ ने कहा, क्या किया जा सकता है? क्या उन्हें उनकी सरकार की मदद से कहीं पुनर्वासित नहीं किया जा सकता? कोई एनजीओ उन्हें नौकरी या आश्रय दिलाने में मदद कर सकता है। उन्हें जीवित रहने और आजीविका कमाने में सक्षम होने की आवश्यकता है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को करेगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)